जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-170 ▶ मुंबई, गुरुवार, 16 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य

भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत

▶▶ पेज 11 पर

ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us / etar_india / www.etarindia.com

NICE INSURANCE LANDMARK
इंश्योरंस के सभी पॉलिसी एक ही जगह सिर्फ एक बार "नाईस" से पॉलिसी लिजिए 100% क्लेम सर्विस की गारंटी पाईये !
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
40 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
30000 संतुष्ट ग्राहक भारत और विदेश में
11000 से अधिक क्लेम का समाधान
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

आईएनएस सूरत, नीलगिरी व वाघशीर देश को समर्पित

बड़ी समुद्री ताकत बन रहा भारत : मोदी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीन अत्याधुनिक प्लेटफार्म का एक ही दिन नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाना मजबूत तथा आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण तथा नौसेना को 21वीं सदी के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। श्री मोदी ने बुधवार को यहां नौसेना डॉकयार्ड में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों – आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि व आईएनएस वाघशीर को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की नौसेना को सशक्त बनाने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं और आज का भारत दुनिया की एक बड़ी समुद्री शक्ति बन रहा है।

भारतीय नेवी की ताकत में इजाफा

गौरवशाली इतिहास व आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक

- प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारत में नौसेना को एक नई ताकत और दृष्टि दी। आज सरकार ने शिवाजी महाराज की भूमि पर नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। श्री मोदी ने कहा, "आज का कार्यक्रम हमारी गौरवशाली विरासत को हमारी भविष्य की आकांक्षाओं से जोड़ता है।"

इस्कॉन मंदिर का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई में एक नए इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। यह मंदिर लगभग 9 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें से 2.5 एकड़ क्षेत्र में भव्य मंदिर बनाया गया है। यह एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर है। इस दौरान उन्होंने कहा, "आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है।" मुझे विश्वास है कि यह मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा।

भरोसेमंद व जिम्मेदार साथी बना भारत

- पीएम ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व और विशेषकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा, "भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। भारत पूरे हिन्द महासागर क्षेत्र में पहले मदद का हाथ बढ़ाने वाले देश के रूप में उभरा है। जल हो, थल हो, नभ हो या गहरा समुद्र या असीम अंतरिक्ष हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है।

एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

- धर्मशाला के कमरे में मिले चारों के शव
- मेहंदीपुर बालाजी के आश्रम आया था परिवार

जयपुर। राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी कस्बे में एक धर्मशाला के कमरे में एक परिवार के चार लोग संदिग्ध अवस्था में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतकों में एक दंपति और उनका एक बेटा व एक बेटी शामिल हैं। यह परिवार उत्तराखंड के देहरादून का रहने वाला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि इस परिवार ने 12 जनवरी को समाधि वाली गली स्थित राम-कृष्ण आश्रम धर्मशाला में कमरा किराए पर लिया था। उन्हें 14 जनवरी को दोपहर में चेक आउट करना था। मंगलवार शाम को जब सफाई कर्मचारी कमरे के बाहर पहुंचा तो उसे कोई हलचल नहीं दिखी। बाद में दरवाजा नहीं खुलने पर कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ा तो चारों मृत मिले। मामले में टोडा भीम के थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार दो शव बिस्तर पर और दो कमरे में फर्श पर मिले।

प्रथमदृष्ट्या आत्महत्या का मामला

- करौली एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल पर किसी तरह की लड़ाई झगड़े के संकेत नहीं मिले है। उन्होंने आगे कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम और विसरा रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार उपाध्याय (60), कमलेश (55), नितिन (32) और नीलम (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि देहरादून के रायपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

महाकुंभ में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

मौनी अमावस्या पर आएंगे 10 करोड़ श्रद्धालु!

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को बीते 3 दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पौषपूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 6 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा

सुरक्षा के हाईटेक इंतजाम

- यूपी पुलिस ने महाकुंभ मेले में करोड़ों तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और उनकी सुगम आवाजाही के लिए हाईटेक इंतजाम किए हैं। इसके लिए पारंपरिक तरीकों के साथ टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया गया है। महाकुंभ के पूरे मेला मैदान की निगरानी के लिए पुलिस ने 11 टेथर्ड ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किया है।

9 संदिग्ध ड्रोनों को मार गिराया

- महाकुंभ में एंटी-ड्रोन सिस्टम का भी इस्तेमाल हो रहा है। इसने अब तक 9 संदिग्ध ड्रोनों को मार गिराया है। हवाई खतरे को देखते हुए तीन एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए गए हैं। दो आरएफ-आधारित सिस्टम 8 किमी के दायरे में संदिग्ध ड्रोन का पता लगा सकते हैं और 2 किमी तक उनके सिग्नल जाम कर सकते हैं।

कांग्रेस का घिनौना सच उनके ही नेता ने किया उजागर : नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके ही नेता ने उजागर कर दिया है। कांग्रेस भारत को बदनाम और अपमानित करना चाहती है। जेपी नड्डा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, "अब और छिपाया नहीं जा सकता है, कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके ही नेता ने उजागर कर दिया है। मैं राहुल गांधी की यह स्पष्ट रूप से कहने के लिए 'प्रशंसा' करता हूं कि वह इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके इकोसिस्टम के अर्बन नक्सल और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जो भारत को बदनाम करना, अपमानित करना और बदनाम करना चाहते हैं।"

राहुल की विचारधारा सड़ी-गली, उसे खारिज करेंगे

उन्होंने कहा, "उनकी हरकतों ने इस बात को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया, वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में है। सत्ता के लिए उनकी लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। उन्होंने तय कर लिया है कि वो राहुल गांधी और उनकी सड़ी-गली विचारधारा को हमेशा खारिज करेंगे।"

भारत का एक दिन में डबल धमाका

राजकोट। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को आयरलैंड को राजकोट में खेले गए तीसरे और आखिरी वनडे में 304 रनों से करारी शिकस्त दी। महिला वनडे में भारत की रनों के लिहाज से ये सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2017 में भारतीय टीम ने आयरलैंड को 249 रनों से हराकर वनडे की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 435 रन बनाए, जोकि भारत का 50 ओवर के प्रारूप में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। (देखें खेल पृष्ठ)

435 का सर्वोच्च स्कोर

304 रनों से दी शिकस्त

न्यूज BRIEF

ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा इंडोनेशिया!

नई दिल्ली। भारत और इंडोनेशिया के बीच 450 मिलियन डॉलर की डील होने वाली है। इसके साथ भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख रक्षा साझेदार के रूप में अपनी पहचान बना लेगा। इससे पहले ब्रह्मोस मिसाइल की डील फिलीपींस और वियतनाम के साथ हो चुकी है। इंडोनेशिया अब तीसरा देश बनने वाला है। भारत रूस ने मिलकर ब्रह्मोस तैयार किया है।

समस्तीपुर : बॉयलर फटने से दो की मौत

समस्तीपुर। बिहार के समस्तीपुर के वैनी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक एल्युमिनियम फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि तीन मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। बताया जा रहा है कि बैनी थाना क्षेत्र में एक एल्यूमिनियम फैक्ट्री में बुधवार को दुर्घटना हो गई। इस फैक्ट्री में एल्यूमिनियम से बर्तन बनाए जाते थे। फैक्ट्री में अन्य दिनों की तरह मजदूर काम कर रहे थे, तभी अचानक तापमान बढ़ने से ब्लास्ट हो गया।

बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया बरी

ढाका। बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया को बरी कर दिया। साथ ही 10 वर्ष की जेल की सजा को पलट दिया। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ खालिदा (79) की अपील की समीक्षा के बाद प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया।



प्रवेश वर्मा के खिलाफ आयोग की कार्रवाई

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने दिल्ली के भाजपा नेता और नई दिल्ली सीट से पार्टी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दे दिया है। चुनाव अधिकारी ने इस बारे में एसएचओ को एक चिट्ठी लिखते हुए वर्मा पर आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव

केजरीवाल, वर्मा, बिधूड़ी ने किया नामांकन

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवेश वर्मा समेत कई नेताओं ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली व, रमेश बिधूड़ी ने कालकाजी विधानसभा सीट से पर्चा भरा।

दिल्ली में बनेगी भाजपा की सरकार : वर्मा

नामांकन से पूर्व वर्मा ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं नयी दिल्ली विधानसभा के लोगों के लिये काम कर पाउंगा। श्री केजरीवाल हारने जा रहे हैं। न केवल नयी दिल्ली विधानसभा में, बल्कि पूरी दिल्ली में और भाजपा आठ फरवरी को सरकार बनाने जा रही है।

दिल्ली में सत्ता विरोधी लहर : विधुड़ी

नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान श्री बिधूड़ी ने कहा, यहां कोई लड़ाई नहीं है। यहां सत्ता विरोधी लहर है और लोगों ने आतिशी को विदाई दे दी है। उनके (श्रीमती आतिशी) नामांकन पत्र दाखिल करने के समय 50 लोग भी नहीं थे।

पीएम के स्कूल का गृहमंत्री करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 16 जनवरी को मेहसाणा जिले के वडनगर में स्थित एक स्कूल का लोकार्पण करेंगे। यह वही स्कूल है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पढ़ाई की थी। इस स्कूल का कायाकल्प किया गया है, जिसका गुरुवार को लोकार्पण किया जाएगा। इसे प्रेरणा स्कूल के नाम से जाना जाएगा।

- 72 करोड़ की लागत से स्कूल का हुआ नवीनीकरण

स्पोर्टस कांम्प्लेक्स का लोकार्पण

- वडोदरा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड ने साल 1888 में यह स्कूल बनवाया था। स्कूल का जीर्णोद्धार करके इससे संरक्षित किया गया है।
- इस दौरे पर गृहमंत्री 33.50 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए स्पोर्ट्स परिसर का लोकार्पण करेंगे।
- इसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात द्वारा बनाया गया है। प्रतियोगताएं आयोजित हो सकेंगी। यहां खिलाड़ियों को कोचिंग भी मिलेगी।

अतीक के कब्जे से 20 बीघा जमीन मुक्त

पीडीए बनाएगी 700 फ्लैट



प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण(पीडीए) ने माफिया अतीक अहमद से मुक्त कराई गई जमीन पर 700 फ्लैट बनाने की तैयारी कर रहा है। झलवा नैनी झूंसी और शहर के अन्य स्थानों पर कुर्क की गई जमीन पर आवासीय योजना शुरू करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है। इस योजना के तहत 150 फ्लैट नैनी 200 फ्लैट झूंसी और 350 फ्लैट झलवा में बनाए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि माफिया ने नजूल और अस्थान की 20 बीघा से अधिक जमीन पर कब्जा कर लिया था।

मेटा ने मांगी माफी

जकरबर्ग की टिप्पणी के बाद गर्माया था महौल

नई दिल्ली। मेटा ने आखिरकार भारत को लेकर की गई मार्क जकरबर्ग की टिप्पणी के लिए माफी मांग ली है। इसकी जानकारी आईटी और कम्युनिकेशन मामलों के संसदीय समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है।

भारत के आम नागरिकों की जीत : निशिकांत दुबे

दुबे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारतीय संसद व सरकार को 140 करोड़ लोगों का आशीर्वाद व जन विश्वास प्राप्त है। मेटा भारत के अधिकारी ने आखिर अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगी है।' उन्होंने लिखा, 'यह जीत भारत के आम नागरिकों की है, प्रधानमंत्री मोदी को जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर दुनिया का देश के सबसे मजबूत नेतृत्व से परिचय करवाया है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा

पूर्व सैनिकों को मिलेगी विशेष स्वास्थ्य सेवा

जम्मू-कश्मीर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अखनूर में आयोजित 9वें सशस्त्र पूर्व सैनिक दिवस पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट बनाएगी। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, पैरामेडिकल समेत आवश्यक मेडिकल उपकरण भी होंगे। ये यूनिट पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य जांच के अलावा उन्हें सेना के अस्पताल तक ले जाने में मदद करेंगी।

शरद पवार पर भाजपा नेता विनोद तावड़े का आरोप

दाऊद के सहयोगियों को दिया था अपना हेलिकॉप्टर

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह पर की गई शरद पवार के टिप्पणी पर सियासत तेज हो गई है। अब शरद पवार पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि आपके कार्यकाल के दौरान ऐसी चर्चाएं थीं कि दाऊद इब्राहिम से जुड़े लोग आपके हेलीकॉप्टर में यात्रा करते थे। इतना ही नहीं यह भी कहा जाता था कि जब आप मुख्यमंत्री थे तो दाऊद मुंबई चला रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि पवार ने अमित शाह को लेकर कहा है कि उन्हें राज्य से निर्वासित किया गया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें राज्य से बाहर क्यों किया गया? उन्हें इसलिए नहीं बाहर किया गया था कि उन्होंने कोई डकैती या चोरी की थी, बल्कि सोहराबुद्दीन शेख, जो "लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा तस्कर" था, उसकी कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में उन्हें राज्य से बाहर जाने को कहा था।

तोड़ मरोड़ का न पेश करें आदेश

तावड़े ने कहा कि जिस संदर्भ में अदालत ने 'तड़ीपार' का आदेश दिया था, उसे सही नजरिए से देखना चाहिए, न कि तोड़-मरोड़कर पेश करना चाहिए। तावड़े के अनुसार, गुजरात की एक अदालत ने निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए तत्कालीन गृह मंत्री अमित शाह को राज्य से बाहर रहने का आदेश दिया था।

वीडी सावरकर का भी किया जिक्र

तावड़े ने पूछा कि अगर उन्हें केंद्र में मंत्री नियुक्त किया गया होता तो क्या उन्होंने वी.डी. सावरकर के खिलाफ ऐसी टिप्पणी की होती। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जेल में थे और बाद में वे प्रधानमंत्री और देश के गृह मंत्री बने। क्या आप उनके बारे में भी ऐसी बातें कहेंगे?

बदल गया कांग्रेस का पता

47 साल बाद कांग्रेस मुख्यालय स्थांतरित

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्यालय का पता बदल गया है। कांग्रेस दफ्तर अब नए भवन में शिफ्ट हो गया है। अब तक कांग्रेस कार्यालय 24 अकबर रोड पर संचालित होता था। 47 साल तक इसी बिल्डिंग में कांग्रेस दफ्तर चला, यहीं से पार्टी के सारे काम होते थे. लेकिन अब इसे 9ए कोटला रोड पर बनी नई बिल्डिंग 'इंदिरा गांधी भवन' में शिफ्ट कर दिया गया है। इस इमारत के निर्माण में 9 साल लगे हैं। 5 मंजिला नए इंदिरा गांधी भवन को करीने से सजाया गया है।

टॉप फ्लोर पर बैठेंगे राहुल गांधी

इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के अधिकारियों के ऑफिस होंगे। पांचवी मंजिल पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी का दफ्तर होगा। इस मंजिल के बीचोबीच कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का ऑफिस होगा।

पश्चिम रेलवे का 69वां रेलवे सप्ताह समारोह

92 रेलकर्मियों को 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार'

जीएम अशोक कुमार मिश्र ने किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। पश्चिम रेलवे के 69वें रेलवे सप्ताह समारोह के अवसर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (वीआरएसपी) 2024 का आयोजन बुधवार, 15 जनवरी, को यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम, मुंबई में किया गया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन के लिए पश्चिम रेलवे के 92 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के रूप में सम्मानित किया गया।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, यह पुरस्कार समारोह पश्चिम रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण को मान्यता देने के लिए हर साल आयोजित किया जाता है, जो हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे कुशल अधिकारियों और कर्मचारियों में से कुछ चुनिंदा लोगों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है। यह न केवल अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित करता है, बल्कि आने वाले वर्ष में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दूसरों को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (डब्ल्युआरडब्ल्युडब्ल्युओ) की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक प्रकाश बुटानी सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य कारखाना प्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में मिश्र ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके अनुकरणीय कार्य और संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनके योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने उल्लेख किया कि पश्चिम रेलवे अपने सभी कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों के कारण कई मील के पत्थर हासिल करने में सक्षम रही है। उन्होंने पश्चिम रेलवे की हाल की विभिन्न उपलब्धियों को गिनाया और कर्मचारियों को रेलवे और राष्ट्र की समग्र प्रगति के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया।

(ऊपरी पंक्ति) पहली तस्वीर में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र और पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र दीप प्रज्ज्वलित करते हुए। **दूसरी तस्वीर में** अशोक कुमार मिश्र उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए। **(नीचे की पंक्ति)** महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र पुरस्कार विजेताओं को उनकी सराहनीय सेवा के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

महाप्रबंधक मिश्र ने वर्ष के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमुख विभागाध्यक्षों/मंडल रेल प्रबंधकों/मुख्य कारखाना प्रबंधकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न राष्ट्रीय रेलवे सप्ताह समारोह के दौरान माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदान किए गए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी) 2024 के आठ व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को भी सम्मानित किया।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

डेढ़ लाख रुपए से अधिक मूल्य के टिकट बरामद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पिछले महीने इस जोन में चलाए गए अलग-अलग जांच अभियान में रेलवे टिकटों की अवैध बिक्री मामले में 04 दलालों को पकड़ा। दिसंबर 2024 में, पू. सी. रेलवे की आरपीएफ ने उक्त अभियानों के दौरान विभिन्न स्थानों से 1.15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के 45 (06-लाइव और 39- उपयोग किए गए) रेलवे टिकट बरामद किए। पकड़े गए दलालों पर रेल अधिनियम की संबंधित धारा के तहत मुकदमा चलाया गया।

चार दलालों को पकड़ा

हाल ही में 22 दिसंबर, 2024 को कटिहार की आरपीएफ सीआईबी टीम और पूर्णिया की आरपीएफ टीम ने संयुक्त रूप से बिहार के पूरनगंज स्थित 'गालिब कंप्यूटर्स' पर छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम ने 20 ई-टिकट (01 लाइव और 19 उपयोग किए हुए) बरामद किए, जिनकी कीमत करीब 47,928.30 रुपये थी और इस सिलसिले में एक दलाल को गिरफ्तार किया। आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट, पूर्णिया में रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत एक मामला दर्ज किया गया।

सात दिसंबर, 2024 को एक अन्य अभियान में, आरपीएफ/लामडिंग की सीआईबी टीम ने न्यू हाफलंग की आरपीएफ टीम के साथ मिलकर एक दलाल को पकड़ा और उसके पास से लगभग 2530 रुपये का एक रेलवे टिकट बरामद किया। आगे की कार्रवाई के लिए न्यू हाफलंग आरपीएफ पोस्ट में रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया। पू. सी. रेलवे की आरपीएफ अनधिकृत एवं अवैध रेलवे टिकटों की खरीद पर कड़ी निगरानी रखती है।

उधना स्टेशन पर ट्रेनों के समय में परिवर्तन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सूरत। सूरत स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा कुछ स्पेशल ट्रेनों के ठहराव को सूरत स्टेशन से बदलकर उधना स्टेशन कर दिया गया है, साथ ही इन ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है।

स्टेशन पर चल रहा पुनर्विकास कार्य

यह बदलाव 10 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। हालाँकि कुछ ट्रेनों के समय में पुनः परिवर्तन किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार उधना स्टेशन पर परिवर्तित समय के साथ इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। 1- ट्रेन संख्या 12217 कोच्चुवेली-चंडीगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस उधना स्टेशन पर रुकेगी। (आगमन/प्रस्थान 15.13 बजे/15:18 बजे)। 2.ट्रेन संख्या 12483 कोच्चुवेली-अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस उधना स्टेशन पर रुकेगी। (आगमन/प्रस्थान 15.13 बजे/15:18 बजे)। 3.ट्रेन संख्या 19668 मैसूर-उदयपुर सिटी हमसफर एक्सप्रेस का उधना स्टेशन पर रुकेगी। (आगमन/प्रस्थान 15.13 बजे/15:18 बजे)। 4. ट्रेन संख्या 22659 कोच्चुवेली-योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस का उधना स्टेशन पर रुकेगी।

मध्य रेल पुणे मंडल

फ्रंटलाइन कर्मचारियों के लिए संवेदीकरण प्रशिक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पुणे। पुणे मंडल के वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डा. मिलिंद हिरवे के मार्गदर्शन एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक हेमंत कुमार बेहेरा अध्यक्षता में विकलांगता मामलों पर अपने फ्रंटलाइन कर्मचारियों के लिए 14 जनवरी को एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे के फ्रंटलाइन कर्मचारियों को विकलांग यात्रियों के साथ प्रभावी ढंग से काम करने और विकलांगता से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से सहायक वाणिज्य प्रबंधक कपिल शर्मा ने की तथा अतिथियों का स्वागत शांतनु अत्रे, सहायक वाणिज्य प्रबंधक द्वारा किया गया। उक्त प्रशिक्षण सत्र का आयोजन डॉ. महेंद्र पंडित के नेतृत्व में किया गया। दिव्यांग कल्याणकारी संस्था एवं संशोधन केंद्र, पुणे से जुड़े हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. महेंद्र पंडित ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने दिव्यांगता से संबंधित शब्दावली और दिव्यांगजनों के प्रति कर्मचारियों के व्यवहार और दिव्यांगजन यात्रियों के लिए रेलवे सेवाओं की उपलब्धता के विभिन्न पहलुओं प्रकाश डाला। इस अवसर पर परस्परसंवादी (इंटरैक्टिव) सत्र भी आयोजित किया गया। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य दिव्यांग यात्रियों की जरूरतों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और दिव्यांग यात्रियों को सुलभ और संवेदनशील सेवाएं प्रदान करने में रेलवे की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देना है। अधिकतम संख्या में फ्रंटलाइन स्टाफ तक पहुंचने के लिए, अर्थात पूरे मंडल में टिकट चेकिंग, आरक्षण और बुकिंग क्लर्क, विकलांगता मामलों पर संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम पुणे, खड़की, मिरज और दौंड में आयोजित किए जा रहे हैं।

सीनियर डीसीएम-डीसीएम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित

हेल्थ प्लानर मंगलचंद सेठ सम्मानित

मुंबई। मुंबई के अंधेरी स्थित बेटर होम हॉटेल के सभागार में केयर हेल्थ इंश्योरेंस फोर्ट शाखा के हेड जयेश ओभान ने अपनी टीम मे काम करने वाले और प्लानरों का अति श्रेष्ठ कार्य करने वालों के सम्मान में विशेष मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग की शुरुआत जयेश ओभान ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आगामी वर्ष अच्छा रहे ऐसी मंगल भावना व्यक्त की। जयेश ओभान ने मीटिंग बुलाने का लक्ष्य बताया और नए प्रोडेक्ट और क्लेम की विशेष जानकारी के जोनल बिजनेस हेड सत्यजीत प्रताप भोसले मंच पर आंमत्रित किया और भोसले ने केयर हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। रिजनल बिजनेस हेड लीजी ठोमस ने भी सभी का मार्गदर्शन किया। केयर हेल्थ इंश्योरेंस फोर्ट शाखा में मिथुन अवाड और अनिल सोनी के नेतृत्व में अच्छा काम करने पर केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने भीनमाल निवासी मंगलचंद सेठ को मोमेन्टो और चेम्पीयन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तब सभागार तालियों से गूंज उठा।

नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग की कार्रवाई

कोपरखैरणे-ऐरोली से हटाया अतिक्रमण

नवी मुंबई। नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस देने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों ने नोटिस की अनदेखी की। इसके चलते, मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने कोपरखैरणे और ऐरोली विभाग में निष्कासन की कड़ी कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के कोपरखैरणे विभाग में (1) पांडुरंग हरी पाटील/लक्ष्मी पांडुरंग पाटील, एसएस टाइप, रूम नं. 907, सेक्टर-4, कोपरखैरणे, नवी मुंबई, और (2) आनंदा सखाराम भिलारे, एसएस टाइप, रूम नं. 932, सेक्टर-4, कोपरखैरणे, नवी मुंबई के निर्माण कार्यों पर महाराष्ट्र क्षेत्रीय नियोजन और नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी की गई थी। इन निर्माण कार्यों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। साथ ही, कोपरखैरणे सेक्टर-1 में फ्लाईओवर के नीचे और कोपरखैरणे रेलवे स्टेशन के अंडरपास ब्रिज के नीचे बेघर लोगों का सामान डंपिंग स्थान पर जमा किया गया। इस अभियान में कुल 32 झोपड़ियों को निष्कासित किया गया। इस अनधिकृत निर्माण पर कार्रवाई को कोपरखैरणे विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अभियान के लिए कोपरखैरणे विभाग के सहायक आयुक्त सुनील काठोले, कनिष्ठ अभियंता चंद्रकांत धोत्रे और अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही, इस कार्रवाई के लिए 9 मजदूर, 2 इलेक्ट्रॉनिक हैमर, 1 गैस कटर, पिकअप वैन और जेसीबी का उपयोग किया गया। इसी प्रकार, नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के ऐरोली विभाग में घर क्रमांक 1529 से 1532, सेक्टर-1/ए, ऐरोली की आरसीसी इमारत का निर्माण बिना नवी मुंबई मनपा की अनुमति के अनधिकृत रूप से शुरू किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को ऐरोली विभाग कार्यालय द्वारा महाराष्ट्र क्षेत्रीय नियोजन और नगररचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस दी गई थी। संबंधित व्यक्तियों को अपने अनधिकृत निर्माण को स्वयं हटाने की आवश्यकता थी, लेकिन उन्होंने इसे जारी रखा। इस अनधिकृत निर्माण को आज 14 जनवरी को अतिक्रमण अभियान चलाकर आंशिक रूप से निष्कासित किया गया। इस अभियान के लिए जी विभाग ऐरोली के सहायक आयुक्त डॉ. अंकुश जाधव, कनिष्ठ अभियंता संदीप म्हात्रे और अतिक्रमण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्रवाई में 6 हैमर, 3 गैस कटर, 6 ब्रेकर, 15 मजदूर और 1 मुखिया का उपयोग किया गया।

विभाग ने की अनधिकृत निर्माण पर कड़ी कार्रवाई

कर्नाक पुल पर दूसरा गर्डर फिट

मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन के पास 154 साल पुराना पुल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। मस्जिद बंदर रेलवे स्टेशन के पास स्थित, पी. डि'मेलो रोड से जुड़े 154 साल पुराने कर्नाक पुल का पुनर्निर्माण बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत, 550 मीट्रिक टन वजनी उत्तरी लोहे की गर्डर को मनपा क्षेत्र में 9.30 मीटर तक परीक्षण के तौर पर सरकाने का कार्य 14 जनवरी को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा 'ब्लॉक' जारी होने के बाद, पांच घंटे की अवधि में गर्डर को और आगे सरकाने का कार्य पूरा किया जाएगा। इस दिशा में मुंबई मनपा प्रशासन और मध्य रेलवे के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। मनपा आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी के मार्गदर्शन में मनपा के पुल विभाग ने मध्य रेलवे प्रशासन के साथ उचित समन्वय बनाकर यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्य के दौरान प्रमुख अभियंता (पुल) उत्तम श्रोते, उपप्रमुख अभियंता (पुल) (शहर) राजेश मुळे, और संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, व मजदूर उपस्थित थे। दक्षिण मुंबई के मस्जिद बंदर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, और मोहम्मद अली रोड क्षेत्र के नागरिकों की आवाजाही के लिए कर्नाक पुल महत्वपूर्ण है। लोकमान्य तिलक रोड पर स्थित यह पुल खतरनाक हो जाने के कारण, मनपा ने इसके पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया है। कर्नाक पुल की उत्तरी लोहे की गर्डर के लगभग 550 मीट्रिक टन वजनी हिस्सों को परियोजना स्थल पर लाने के बाद उन्हें जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद, 14 जनवरी को ट्रायल रन किया गया।

पश्चिम रेलवे महाकुंभ मेला 2025

110 से अधिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे

मुंबई। पश्चिम रेलवे ने वर्ष प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महा कुंभ मेले में जाने वाले यात्रियों एवं तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अपने क्षेत्राधिकार के विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा महा कुंभ मेले दौरान स्पेशल ट्रेनों के 113 फेरे चलाए जा रहे है वापी , वलसाड , उधना , अहमदाबाद, साबरमती, वडोदरा, भावनगर, राजकोट और डा. अम्बेडकर नगर जैसे विभिन्न स्थानों से 98 फेरे वाली 11 जोड़ी ट्रेनें बनारस, प्रयागराज और लखनऊ जैसे गंतव्यों के लिए चलाई जा रही हैं। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 15 अतिरिक्त वन -वे स्पेशल ट्रेन चलने की भी योजना बनाई गई है। इन ट्रेनों को यात्रियों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है और इनमें अच्छी भीड़ देखी जा रही है। विनीत ने बताया कि विशेष ट्रेनों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा जनता तक सूचना पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रियों को इन अतिरिक्त ट्रेन सेवाओं के बारे में जानकारी देने के लिए नियमित रूप से सोशल मीडिया पोस्ट, समाचार पत्रों में विज्ञापन तथा स्टेशनों पर घोषणाएं की जा रही हैं। ट्रेनों में यात्रियों के लिए सुविधाएं' पर रेल मंत्री द्वारा जारी की गई पुस्तिका वितरित की जा रही है। इस पुस्तिका में महत्वपूर्ण तिथियों और पर्यटन स्थलों, रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध सुविधाओं, संबंधित स्टेशनों पर प्रवेश/निकास की जानकारी, अन्य प्रासंगिक विवरण आदि के बारे में जानकारी दी गई।

11 जोड़ी और 15 वन वे स्पेशल ट्रेनें शामिल

मध्य रेल पुणे मंडल : 2.7 मेगावाट सौर मील का पत्थर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पुणे। प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित 2030 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन के भारत के मिशन को आगे बढ़ाते हुए, मध्य रेल के पुणे मंडल ने इस वित्तीय वर्ष में 2.7 मेगावाट की कुल क्षमता के साथ 1.8 मेगावाट सौर ऊर्जा स्थापित की है। यह पहल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करती है, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करती है और परिचालन लागत को कम करती है। रेलवे अधिकारियों ने अक्षय ऊर्जा के महत्व पर जोर देते हुए एक स्थायी भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। यह मील का पत्थर भारतीय रेलवे की हरित प्रथाओं को अपनाने और देश के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान देने के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह उपलब्धि अभिनव ऊर्जा समाधानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक मजबूत उदाहरण स्थापित करती है। समग्र परियोजना श्री राजेश कुमार वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक, पुणे के बहुमूल्य मार्गदर्शन में और पराग अकनूरवार वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पुणे के नेतृत्व में किया।

महावितरण महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

जाहीर निवेदन

स्थापत्य विभाग, म.रा.वि.वि.कं.म., वांद्रे मधील सर्व कंत्राटदारांना कळविण्यात येते कि, ३१ डिसेंबर २०२१ पर्यंत असलेल्या कंत्राटदारांच्या अनामत रक्कम (Security Deposit) व बयाना रक्कम (Earnest Money Deposit) त्वरीत समायोजित करावयाची आहे. त्यामुळे ज्या एजन्सींच्या व कंत्राटदारांच्या अनामत रक्कम व बयाना रक्कम आमच्या कार्यालयात जमा आहे ती परत हवी असल्यास १५ दिवसांच्या आत कार्यकारी अभियंता (स्था), म. रा. वि. वि. कंपनी, स्थापत्य विभाग, वांद्रे या कार्यालयात सबळ मुळ पुराव्यासहित कंत्राटदारांच्या मुळ (लेटर हेड) वर अर्ज करावा. अन्यथा सदर अनामत रक्कम व बयाना रक्कम त्वरीत समायोजित करण्यात येईल. त्यानंतर कुठलीही सबब ऐकली जाणार नाही, याची नोंद घ्यावी.

संपर्कासाठी : उप. व्यवस्थापक वि.व.ले.

दिनांक: १०.०१.२०२५

HO PR 15/25 Dt. 15.01.25

सही/-

कार्यकारी अभियंता (स्था), स्थापत्य विभाग, वांद्रे

Office of the Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle No. 01 Bastar

E-Procurement Tender Notice

SHORT NOTICE INVITING BIDS

NIT No. 164 / TS 1687 / CGRRDA / 2025 Bastar Date: 14/01/2025

The Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle No. 01 Bastar on behalf of the Governor of Chhattisgarh invites Online percentage rate bids for Construction of roads under Niyad Nellanar Yojana by Special Central Assistance (SCA) Fund in District Sukma from the eligible contractors registered with the unified registration system (e-registration with Public Works Department). Details are as under:

S. No	Block	Name of Work	Tender Estimated Cost (in lakhs)	No. of Call	SOR Applied
1	2	3	4	5	6
1	Konta	Idjepal to Guphapal, Length 2.10	58.30	1st Call	SOR of CGRRDA w.e.f. 22.02.2018

Date of release of Invitation for Bids through e-procurement: 16/01/2025 After 17:30 Hours.

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency,
Project Circle No. 01 Bastar
Dist. Bastar (C.G.)

SAMVAD-42792/4 E-mail: circle1jdp@gmail.com

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि./कानपुर** के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नामः उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में मौजूदा हावड़ा-नई दिल्ली मार्ग पर 160 किमी प्रति घंटे तक गति बढ़ाने के संबंध में जीजेडबी-डीडीयू रूट पर एसपी, एसएसपी और टीएसएस के लिए ऑटो ट्रांसफार्मर न्यूट्रल करंट अनुपात पर आधारित **2x25** केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए स्वचालित फाल्ट लोकेटर (एएफएल) की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य।

ई-निविदा सूचना संख्या	अनुमानित लागत	अमानत राशि
उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि.कानपुर/23-24 टेन्डर-136	₹ 213220000.00	₹ 1216100.00

निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹00, **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 03.02.2025, 15.00** बजे। **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह। **वैलिडिटी पीरियडः** 90 दिन। निविदा दिनांक **03.02.2025** को **15.00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। **82/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

झाँसी_एम_25_01 दिनांक 10.01.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक / यॉत्रिक, झाँसी, उत्तर मध्य रेल निर्धारित निविदा प्रारूप में निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाईन निविदायें (ई-टेण्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी_एम_25_01

कार्य का उसके स्थान सहित नामः 'झाँसी कोचिंग डिपो से चलने वाली ट्रेन के ऐसी कोचों में लिनेन का मशीनीकृत धुलाई, इस्त्री, पैकेजिंग, परिवहन एवं वितरण का कार्य **03 वर्ष की अवधि के लिए'**

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 12,14,39,260.15/- | **धरोहर राशिः** ₹ 7,57,200/-

कार्य समापन की अवधिः 03 वर्ष , निविदा बंद करने की तारीख एवं समय : 03.02.2025 बंद होने का समय **15:00 बजें**। • निविदा दिनांक **03.02.2025** को **15:00** बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध कराया गया है। **73/25 (D)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

टाटा मुंबई मैराथन 2025

मध्य रेल चलाएगा दो विशेष उपनगरीय ट्रेन

मुंबई। मध्य रेल टाटा मुंबई मैराथन 2025 के प्रतिभागियों के लाभ एवं सुविधा के लिए 19 जनवरी (रविवार) को दो विशेष उपनगरीय ट्रेन सेवाएं चलाएगा।

कल्याण-सीएसएमटी विशेष : विशेष ट्रेन कल्याण से 03.00 बजे प्रस्थान करेगी और सीएसएमटी मुंबई 04.30 बजे पहुंचेगी।

पनवेल-सीएसएमटी विशेष : विशेष ट्रेन पनवेल से 03.10 बजे प्रस्थान करेगी और सीएसएमटी मुंबई 04.30 बजे पहुंचेगी। ये दोनों विशेष ट्रेनें रास्ते में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (ईएनजीजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची - 834003 निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है। **सूचना संख्याः डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -06-2025; कार्य का नामः** टाटीसिलवाई साइडिंग में 74735 सह 50 मिमी गेज हार्ड स्टोन मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति, जिसमें रेलवे वैगन/हॉपर में लोडिंग और रांची मंडल में अनलोडिंग शामिल है (गंतव्य पर माप किया जाएगा); **निविदा मूल्यः** ₹ 11,67,54,753.75; **बयाना राशि मूल्यः** ₹ 7,33,800.00; **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 05.02.2025 को 15.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं।

(PR-1016)

मनपा आयुक्त ने किया राबिया शेख को सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नवी मुंबई। नवी मुंबई मनपा स्कूल क्रमांक 36, कोपरखैरणेगांव की पूर्व छात्रा कु. राबिया सागर शेख का हाल ही में 'इंडिया खेलो फुटबॉल लीग - 2025 (आईकेएफ-4)' के लिए पश्चिम विभाग की टीम की कप्तान के रूप में चयन हुआ है। यह नवी मुंबई मनपा के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। नवी मुंबई मनपा के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने कु. राबिया शेख को बधाई दी और प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त सुनिल पवार, शिक्षा विभाग की उपायुक्त संघरत्ना खिल्लारे, शिक्षा अधिकारी अरुणा यादव, और खेल अधिकारी रेवप्पा गुरव उपस्थित थे। कु. राबिया शेख ने पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता हासिल की है। इनमें सुब्रतो रॉय फुटबॉल कप-उपविजेतास, डीएसओ फुटबॉल प्रतियोगिता-विजेता, मुंबई फुटबॉल लीग-विजेता और टीएफसी ठाणे फुटबॉल लीग- विजेता, आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्हें फुटबॉल कोच रोहन जगताप और ज्ञानेश्वर घुगे का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। टीम प्रबंधक योगेश सुर्वे, कुणाल कोषटवार,और अश्विनी सावले का भी व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिला है। नवी मुंबई मनपा के खेल अधिकारी रेवप्पा गुरव और शिक्षक प्रशांत गाडेकर का भी भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। मनपा स्कूल क्रमांक 36, कोपरखैरणेगांव के छात्रों के लिए कु. राबिया ने प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की है और उनके इस कार्य की सभी स्तरों पर सराहना हो रही है।

शौचालय और अध्ययन कक्ष का आयुक्त ने किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मीरा-भाइंदर। मीरा-भाइंदर शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा निर्धारित सात-सूत्री क्रियान्वयन कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। इसके अंतर्गत, बुधवार 15 जनवरी को मीरा-भाइंदर मनपा आयुक्त और प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने गणेश देवल नगर (भाइंदर पश्चिम) स्थित सार्वजनिक शौचालय और अध्ययन कक्ष का निरीक्षण किया। मनपा का लक्ष्य है कि मीरा-भाइंदर के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और शहर का सतत विकास सुनिश्चित हो। इन प्रयासों को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सात-सूत्री क्रियान्वयन कार्यक्रम तैयार किया गया है। कार्यक्रम के तहत, आयुक्त ने गणेश देवल नगर स्थित सार्वजनिक शौचालय का दौरा कर निरीक्षण किया।

स्कूल शिक्षा में महाराष्ट्र अग्रणी रहेगा : सीएम

राज्य के शिक्षकों में उत्कृष्ट क्षमता, बढ़ावा देकर ला सकते बदलाव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। राज्य के स्कूल शिक्षकों में उत्कृष्ट क्षमता है। उनकी गुणवत्ता को बढ़ावा देकर सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस आधार पर महाराष्ट्र निश्चित रूप से स्कूल शिक्षा में अग्रणी रहेगा, ऐसा विश्वास मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया। उन्होंने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर छात्रों को संविधान के मूल्यों को सिखाने पर जोर देने के निर्देश दिए। आगामी 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों और उपायों पर चर्चा हेतु मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, पणन मंत्री जयकुमार रावल, सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले, राज्यमंत्री इंद्रनील नाईक, मेघना साकोरे बोर्डीकर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव रणजीत सिंह देओल, स्कूल शिक्षा आयुक्त सचिंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

सरकारी स्कूलों के छात्रों में अद्भुत क्षमता

प्रधान सचिव देओल ने विभाग की योजना का प्रस्तुतीकरण किया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकारी स्कूलों के छात्रों में अद्भुत क्षमता है। उन्हें प्रशिक्षित करने वाले शिक्षक राज्य की बड़ी संपत्ति हैं। इन शिक्षकों को दूसरों के लिए आदर्श बनाकर उनकी जानकारी को डिजिटल रूप में संग्रहित करना चाहिए। पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के लिए मानक तय कर प्रमाणपत्र देने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ये प्रमाणपत्र स्कूल के प्रमुख स्थान पर लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्राओं को साइकिल वितरित करने से उनकी स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है। इस योजना को जारी रखना चाहिए। स्कूलों के पहले दिन का स्वागत समारोह आयोजित करना चाहिए। समूह छात्र के लाभों को सही तरीके से समझाना आवश्यक है।

छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और आनंददायक शिक्षा प्रदान करने पर जोर

■ स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने इस दौरान अगले 100 दिनों में किए जाने वाले उपायों का खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हर मामले में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर और छात्रों की व्यक्तिगत स्वच्छता और साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाएगा, सीबीएसई पैटर्न को अपनाते हुए उसमें राज्य के अनुसार आवश्यक बदलाव किए जाएंगे, स्कूलों को गुणवत्ता के आधार पर रैंकिंग दी जाएगी, और एक केंद्र में कम से कम एक स्कूल में दसवीं तक की शिक्षा व्यवस्था तैयार कर उस स्कूल को आदर्श बनाया जाएगा, साथ ही उसमें एक कक्षा को स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और आनंददायक शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जाएगा।

शिवछत्रपति राज्य खेल पुरस्कार, आवेदन आमंत्रित

मुंबई। राज्य सरकार के खेल विभाग द्वारा राज्य के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रतिष्ठित "शिवछत्रपति राज्य खेल पुरस्कार" प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के लिए वर्ष 2023-2024 के लिए आवेदन करने का आह्वान खेल विभाग द्वारा किया गया है। इच्छुक खेल मार्गदर्शक, खिलाड़ी, साहसी उपक्रम के प्रतिभागी और दिव्यांग खिलाड़ी निर्धारित समय सीमा के भीतर खेल विभाग की वेबसाइट http://sports.maharashtra.gov.in पर उपलब्ध स्क्रॉलिंग लिंक के माध्यम से 14 से 26 जनवरी की रात 12:00 बजे तक केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। खेल क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ खेल व्यक्तियों को जीवन गौरव पुरस्कार, खेल मार्गदर्शकों के लिए उत्कृष्ट खेल मार्गदर्शक/जीजामाता राज्य खेल पुरस्कार (महिला खेल मार्गदर्शक), खिलाड़ियों के लिए शिवछत्रपति राज्य खेल पुरस्कार, साहसी उपक्रम के लिए शिवछत्रपति राज्य खेल पुरस्कार, और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भी शिवछत्रपति राज्य खेल पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस नियमावली के अनुसार, वर्ष 2023-24 के पुरस्कार के लिए राज्य के खेल मार्गदर्शक, खिलाड़ी, दिव्यांग खिलाड़ी और साहसी उपक्रमों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों/व्यक्तियों से 15 से 26 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

यूबीटी नेता ने पार्टी पर कसा तंज

हमारी हालत कांग्रेस जैसी

विधायक जाधव ने की थी पदाधिकारियों के साथ बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद शिवसेना यूबीटी के सामने नई चुनौती खड़ी हो रही है। नेता खुले मंचों से पार्टी के कामों की आलोचना कर रहे हैं। हाल ही में एक वरिष्ठ नेता और विधायक भास्कर जाधव ने शिवसेना यूबीटी की तुलना 'कांग्रेस की हालत' से कर दी। खास बात है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हुए हैं, जब मुंबई में बीएमसी की तैयारियां जारी हैं।

पदाधिकारियों का कार्यकाल निश्चित हो

■ जाधव ने कहा, 'पार्टी के पदाधिकारियों का निश्चित कार्यकाल होना चाहिए। खास बात है कि उस दौरान बैठक में पूर्व सांसद विनायक राउत और उद्धव ठाकरे के करीबी संजय कदम भी मौजूद थे। हमें गलत फैसलों पर विचार करना होगा और आगे की प्रक्रिया बेहतर करनी होगी। यह संगठन को मजबूत करेगा और आगामी चुनावों में अहम भूमिका निभाएगा।' भाजपा आज हिन्दुत्व सिखा रही है, लेकिन 'बालासाहब ठाकरे थे, जो ताकतवर कांग्रेस के खिलाफ खड़े हुए थे।'पार्टी के कार्यकर्ता संगठन के लिए मेहनत करना चाहते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से नेता उन लोगों का पक्ष लेते हैं, जो पैसा देते हैं। पार्टी कार्यकर्ता तब ही मेहनत कर सकेंगे, जब नेता ईमानदार होंगे।

कामकाज के तरीकों पर उठाए सवाल

विधायक भास्कर जाधव ने पार्टी के काम करने के तरीकों पर सवाल उठा दिए। उन्होंने रत्नागिरी जिले में चिपलून और आसपास के क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। 'यह कहते हुए दुख होता है, लेकिन हमारी पार्टी की हालत कांग्रेस जैसी हो गई है। हमारे पास काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों और नेताओं को हटाने की हिम्मत नहीं है। वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के सुझाव सुनने वाला कोई नहीं है।'

उपायुक्त अजय साबले ने दी शुभकामनाएं

■ **उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका सीमाक्षेत्र में अनाथ और बेघर निवारा केंद्र में मकर संक्रांति के अवसर पर उपायुक्त अजय साबले ने अचानक दौरा किया और वहां सभी से मुलाकात की। उपायुक्त ने सभी को तिलगुड़ का वितरण कर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और उनकी समस्याओं को सुना।

लड़की के पिता पर मंगेतर का हमला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। लड़की के पिता, आनंद महादु चव्हाण(52), जो ठाणे के काल्हेर में देर रात काम कर रहे थे, रात 11:45 बजे अचानक घर आ गए, क्योंकि लड़की का दोस्त वहां मौजूद था। अब प्रेम प्रसंग के उजागर होने के डर से घर में मौजूद अजनबी विनय लोंढे ने अपने दोस्त के पिता पर हमला कर फरार हो गया। लड़की के पिता ने नौ जनवरी को वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में लड़की के दोस्त के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता, वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत संत ज्ञानेश्वर नगर में रहता है। घटना के दिन शिकायतकर्ता ने अज्ञात युवक को देखा और लड़की से पूछा, "यह कौन है?" इससे पहले, सहमा हुआ फियांसे विनय लोंधे ने लड़की के पिता पर प्रहार कर घर से भाग निकला। रक्तस्राव के कारण उसे अस्पताल ले जाया गया। उस समय ट्रांसपोर्ट सेवा में काम करने वाली 21 वर्षीय लड़की घर में अकेली थी।

■ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

वसई में डाक्टर की लापरवाही से मरीज की मौत

वसई। वसई पूर्व में ब्रीथ केयर अस्पताल के डा.धर्मेंद्र विजय दुबे की लापरवाही के कारण एक 27 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार,रूपेश लालमणि गुप्ता (27), निवासी- मधुबन टाउनशिप, वसई पूर्व में रहता था। दर्ज एफआईआर के अनुसार,मृतक मरीज को उसके रिश्तेदारों ने इलाज के लिए आरोपी के ब्रीथ केयर अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी डाक्टर जो कि अस्पताल में विशेषज्ञ है,मरीज का इलाज नहीं किया। उसको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत थी, लेकिन मरीज को नहीं दिया गया। आरोपी डाक्टर ने मरीज के उपचार में लापरवाही बरती, जिससे मरीज की मृत्यु हो गई। उपरोक्त घटना के संबंध में माणिकपुर पुलिस स्टेशन में कार्यरत पीएसआई सागर साबले की शिकायत पर माणिकपुर पुलिस ने डा.धर्मेंद्र विजय दुबे एफआईआर दर्ज कर लिया है।

वैद्य हेमाली करपे एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

महाराष्ट्र के श्रीरामपुर में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मीरा भायंदर। प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य वैद्य हेमाली गोपाल करपे को आयुर्कोन आयुर्वेद एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महाराष्ट्र के श्रीरामपुर में आयोजित राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन में प्रदान किया गया, ऐसी जानकारी महाराष्ट्र आयुर्वेद सम्मेलन की प्रांतीय सचिव डा. रुजुता दुबे ने दी। महाराष्ट्र आयुर्वेद सम्मेलन अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की राज्य स्तरीय शाखा है जो आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित है। इसी उद्देश्य के साथ 'आयुर्कोन 2025' राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन महाराष्ट्र आयुर्वेद सम्मेलन के अध्यक्ष और श्रीरामपुर के प्रसिद्ध वैद्य सतीश भट्टड़ जी के नेतृत्व में किया गया। इस सम्मेलन में देशभर से 1,000 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सकों ने भाग लिया। सम्मेलन में प्रो. डा. राकेश शर्मा (अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए नैतिकता एवं पंजीकरण बोर्ड), डा. चंचल शर्मा,वैद्य प्रवीण जोशी , वैद्य हरीश कुमार वर्मा और वैद्य मनोज देशपांडे जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों के व्याख्यान शामिल थे। इस सम्मेलन में आयुर्वेद क्षेत्र के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और आयुर्कोन आयुर्वेद एक्सीलेंस अवार्ड ऐसे दो सबसे प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किए गए, जिसमें इस वर्ष लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड वैद्य हरीश कुमार बी. सिंह और आयुर्कोन आयुर्वेद एक्सीलेंस अवार्ड वैद्य हेमाली गोपाल करपे, वैद्य ज्ञानेश्वर मच्छिंद्र मिटके और वैद्य गणेश महादेव जाधव को दिया गया।

सम्मेलन में देश भर से 1,000 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सकों ने लिया भाग

नालासोपारा में टिकट दलाल गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

वसई। पश्चिम रेलवे के उपनगरीय अंतर्गत नालासोपारा रेलवे स्टेशन आरपीएफ टीम द्वारा नालासोपारा पूर्व इलाके में छापेमारी कर एक शातिर टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। इनके पास आरपीएफ ने हजारों रुपए का टिकट व अन्य सामग्री जब्त की है। आरपीएफ की एकएका कार्रवाई से अन्य टिकट दलालों में हड़कंप मच गया है। 14 दिन में नालासोपारा आरपीएफ की ई- टिकट कालाबाजारी को लेकर यह तीसरी कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार,नालासोपारा रेलवे सुरक्ष बल के स.उप निरी.भानुप्रताप सिंह के द्वारा मुख्यालय मुंबई सेंटर द्वारा संदेहास्पद (इनपुट) डेटा सत्यापन के तहत एक बाहरी व्यक्ति नाम जखनियां भावेश भाई,पुत्र मूलजी भाई (उम्र-29 वर्ष), निवासी- आचोले रोड,नालासोपारा (पूर्व) 13 जनवरी को सम्मन पर आरपीएफ कार्यालय पर समय 11:30 बजे उपस्थित हुआ और उक्त डाटा के संबंध में जांच करने पर उक्त व्यक्ति ने रेलवे ई टिकिट का व्यवसाय लालचवश अधिक पैसा कमाने हेतु कुल 60 नग व्यक्तिगत यूजर आईडी बनाकर बिना अधिकार पत्र के जरूरत मंद ग्राहकों को रेल ई- टिकिट आपूर्ति करना बताया। ग्राहकों से टिकिट किराए के अलावा सौ से 200 रूपए प्रति व्यक्ति अधिक कमीशन लेकर बेचता था।

भिवंडी में एक शाम गौमाता के नाम

यजमान-भामाशाह सम्मानित

सुरेश पाडीव /जागरूक टाइम्स

ठाणे। भिवंडी में श्रीं रामकृष्ण गौशाला व गायत्री परिवार के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या आयोजित की गई। यह कार्यक्रम अंजूर फाटा के ग्राउंड मे रखा गया था। भजन संध्या मे सर्वप्रथम दिप प्रज्ज्वलित व गायत्री मंत्र पढ़कर शुभारम्भ हुआ। भजन संध्या में राजस्थान की सुप्रशिद्ध गायिका नीता नायक व राकेश प्रजापति एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक धार्मिक व गौमाता की भजनों की प्रस्तुति देकर सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायिका नीता नायक ने देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय भावधारा से जोड़ने का कार्य किया। एक शाम गौमाता के इस विशाल भजन संध्या मे जनसेलाब उमड़ पड़ा था। कार्यक्रम में गौभक्तों ने दिल खोलकर अनुदान राशि भेंट की। गौशाला व गायों के सहयोग करने वाले सभी भामाशाह परिवार का मंडल की ओर से राजस्थानी साफा व दुप्पटा पहनाकर सत्कार किया गया। भजन संध्या मे अतिथि खासदार सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे, विधायक महेश चौगुले, नगरसेवक निलेश चौधरी, सुमित पाटिल, सरपंच प्रताप पाटिल, राजन भोईर का भी संस्था की ओर से सत्कार किया गया।

सन सिटी मित्र मंडल

कार्यक्रम मे गायत्री परिवार के उपेंद्र जोशी,भरत भाटी, देवेंद्र मोहब्बत नगर राजकुमार शर्मा दिनेश राजपुरोहित,रमेशसिंह चांदना, भरत सीरवी,अशोकसिंह ऊन,रमेश प्रजापत, गुलाबसिंह धानता,मोहनलाल पुरोहित कैलाशनगर,गणेश मंडवाड़ा,रिडमलसिंह सांचोर,उत्तम पुरोहित बरलूट,रुपसिंह ओडवाड़ा, सुरेश सवराटा,खुशाल भटाना, देवाराम कुमावत लालाराम चौधरी, उमेश प्रजापत, लीलचन्द, राजु चौधरी, दिनेश दंतराई किशन चौधरी,रूपाराम देवासी, नरेंद्र जैन,जगदीश लोहार, महेंद्र स्वामी,महेंद्र गुर्जर, देशारम कुमावत, दिनेश त्रिवेदी,पप्पू चौधरी, जगदीश चौधरी, अमृतलाल वलदरा,डामरसिंह राजपुरोहित, लालसिंह तुरा, मदनलाल तावनीय,विपुल खंडेलवाल मोहन भाई खेतिया,हरीश वरिया,फूलधर यादव, दिनकरसिंह,नीरज गुप्ता, जटाशंकर पांडे,भरत सुथार,अमृत कुमावत कुपराम कुमावत ,सचिन मालवीय,नरेश,रतनसिंह आदि गणमान्य मौजूद थे।

सम्मानित सदस्य

मंछाराम कुमावत,भीमाराम कुमावत,धनाराम कुमावत, किशन माली,भरत चौधरी, लालसिंह राजपूत तुरा की कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

पदाधिकारियों ने संभाली व्यवस्था

कार्यक्रम का संचालन चेतानसिंह राजपुरोहित,उपेंद्र जोशी व देवेंद्र पुरोहित ने किया।

लाभार्थी-सहयोगी सम्मानित

■ श्री लीला पुरुषोत्तम गौशाला सेवा ट्रस्ट की ओर से मकर संक्रांति पर 18वां वार्षिक महोत्सव एवं गौ पुष्टि यज्ञ अनुष्ठान धूमधाम से संपन्न

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

ठाणे। महाराष्ट्र की मरुधरा शिवनगर चौधरपाडा की धन्यधरा पर श्री लीला पुरुषोत्तम गौशाला सेवा ट्रस्ट की ओर से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 18वां वार्षिक महोत्सव एवं गौ पुष्टि यज्ञ अनुष्ठान बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। भजन संध्या में एक दर्जन साधु-संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। सर्व प्रथम गौपूजन, गायत्री हवन,ध्वजारोहण एवं भगवान को भोग-महा आरती का कार्यक्रम हुआ। उसके बाद सुबह भक्तों के लिए महाप्रसादी रखी गई थी, जिनका सभी भक्तों ने स्वरूचि भोजन का आनंद लिया। मंगलवार शाम को राष्ट्रवादी गौभक्त डा.ओम मुंडेल एंड पार्टी द्वारा गौभक्ति के शानदार भजनो की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। भजन संध्या में मटकी नृत्य कलाकार उत्तम पटेल आकर्षक का केंद्र रहे, पटेल ने मुंडेल के भजन कान्हा काकरीया मत मार मटकिया फुट जावेली पर भाव विभोर होकर नृत्य किया। भजनों के बीच-बीच में चढ़ावे की बोलिया भी बोली गई जिसमे गौभक्तों ने दिल खोलकर अनुदान राशि दी। विशाल भजन संध्या में महाप्रसादी, राधाकृष्ण मंदिर मे अखंड ज्योत, नर्मदेश्वर मंदिर में अखंड ज्योत, हनुमान मंदिर में अखंड ज्योति, तिलक साफा एवं मटकी नृत्य की मटकी उतारने के चढ़ावों के लाभार्थियों का सम्मान ट्रस्ट की तरफ से साफा व दुपट्टा पहनाकर किया गया। भजन सम्राट ओम मुंडेल ने अपनी ओजस्वी वाणी से गौभक्तों को ओतप्रोत करके लाखों रुपए की बोलियां चढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। भजन संध्या में हजारों पुरुषों व महिलाओं ने शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

विलेपार्ले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

साहित्यिक पत्रिका 'सृजनिका' का लोकार्पण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। विले पार्ले स्थित तिलक विद्यालय के विशाल प्रांगण में लगभग तीन हज़ार दर्शकों की उपस्थिति में आयोजित गानप्रभा हृदयेश संगीत महोत्सव के गरिमामय समारोह के समापन दिवस के अवसर पर निरंतर लोकप्रिय होती त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका 'सृजनिका' के चौथे अंक का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने किया। 'सृजनिका' के सम्पादक डा. अमरीश सिन्हा ने उन्हें पत्रिका के एक वर्ष पूर्ण होने एवं इसकी सफल साहित्यिक यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। महाराष्ट्र सरकार में सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने सृजनिका" पत्रिका के साहित्यिक अवदानों की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य और संस्कृति दोनों समाज को संवेदनशील और समृद्ध बनाते हैं। लोकार्पण के वक्त मंच पर विभिन्न विधाओं के कलाकारों के अतिरिक्त संगीत सम्मेलन से सम्बद्ध कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। हृदयेश आर्ट्स संस्था की ओर से आयोजित यह 34वां वार्षिक सम्मेलन था। संस्था के अध्यक्ष अविनाश प्रभावलकर ने बताया कि संस्था द्वारा प्रति वर्ष शास्त्रीय संगीत का यह सम्मेलन आयोजित किया जाता है, जिसे मुंबई के सबसे बड़े संगीत सम्मेलन का खिताब प्राप्त है। तीन दिनों से चले आ रहे इस प्रातः-सांध्य कालीन समारोह के तीसरे दिन के आयोजन में पद्म विभूषण बाँसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने समाज सेवी तथा शास्त्रीय गायकी की वरिष्ठ कलाकार डा. प्रभा अत्रे की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि दी। लोकप्रिय बांसुरी वादक रूपक कुलकर्णी और गायक जयतीर्थ मेउंडी की जुगलबंदी को दर्शकों की मुक्तकंठ से सराहना मिली। निष्णात एवं लब्ध प्रतिष्ठित गायक पंडित उल्हास कशालकर की प्रस्तुति पर पर सभी दर्शक मस्ती में सराबोर हो उठे। इससे पूर्व आशीष शेलार ने डा. प्रभा अत्रे को श्रद्धांजलि दी। तथा उनके सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही, उनके साथ अपनी यादों को दर्शकों के साथ साझा किया। दर्शक उन्हें सुनकर भावुक हो गए। जाने-माने मंच प्रस्तोता, वरिष्ठ कवि और "सृजनिका" के सह संपादक आनंद प्रकाश सिंह ने त्रि-दिवसीय संगीत सम्मेलन का एकल मंच संचालन किया और दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

एक युवक की मौत,एक घायल

नालासोपारा। नायगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक शख्स की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस मामले में नायगांव पुलिस ने ट्रक कंटेनर चालक के ऊपर केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार,देवेंद्र राजेश चौधरी (21), निवासी - भायंदर पश्चिम में रहता था। 14 जनवरी की रात में, रोनाल्ड नेल्सन रोजारीओ और उनके दोस्त,देवेंद्र राजेश चौधरी, मीरा रोड से मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग पर नायगांव पूर्व में यदुवंशी ढाबा में रात्रि का भोजन करने जा रहे थे। देवेंद्र बाइक नंबर एमएच 04 एलजेड 5985 चला रहा था, रोनाल्ड उसके पीछे बैठा था। रात्रि 2.30 बजे गुरुकृपा होटल,ससुनवघर,नायगांव पूर्व के सामने पहुंचे। इसी दौरान पीछे आ रहे ट्रक कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में देवेंद्र चौधरी कंटेनर के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई तथा रोनाल्ड गंभीर रूप जख्मी हो गया।

महावितरण भांडुप परिमंडल

पांच माह में 853 बिजली चोरों पर कार्रवाई

■ पांच करोड़ 85 लाख की बिजली चोरी का खुलासा

■ ज्यादा नुकसान वाली बिजली लाइनों पर महावितरण की सख्ती

भांडुप/वाशी/पेण। महावितरण के भांडुप परिमंडल में अधिक नुकसान वाली बिजली लाइनों पर पिछले पांच महीनों में व्यापक जांच अभियान चलाकर कुल 853 बिजली चोरों पर कार्रवाई की गई। इनसे पांच करोड़ 85 लाख रुपए की बिजली चोरी का खुलासा करने में महावितरण की टीम सफल रही है। ज्यादा नुकसान वाली 60 बिजली लाइनों पर दोषपूर्ण मीटर बदलने, नई बिजली कनेक्शन देने और कमजोर तार बदलने जैसी विभिन्न उपायों से राजस्व में 40 लाख 14 हजार 541 यूनिट बिजली की वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त से दिसंबर के बीच की गई इन कार्रवाइयों के तहत ठाणे मंडल कार्यालय के तहत 258 बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिससे एक करोड़ 79 लाख रुपए की बिजली चोरी उजागर हुई। वाशी मंडल कार्यालय में 402 लोगों से 3 करोड़ 47 लाख रुपए की बिजली चोरी का खुलासा हुआ, जबकि पेण मंडल कार्यालय के अंतर्गत 193 लोगों से 59 लाख रुपएकी बिजली चोरी पकड़ी गई। ज्यादा नुकसान वाली 60 लाइनों पर 4,652 दोषपूर्ण मीटर बदले गए। 4,345 उपभोक्ताओं को नए बिजली कनेक्शन दिए गए। स्थायी रूप से बिजली कनेक्शन कटे हुए 124 ग्राहकों को पुनः कनेक्शन दिए गए। 13.4 किलोमीटर कमजोर तार बदले गए और लगभग 10 किलोमीटर एरियल बंच (इन्सुलेटेड केबल) बिछाई गई। परिणामस्वरूप, ठाणे मंडल में 10 लाख 27 हजार 67 यूनिट, वाशी मंडल में सबसे ज्यादा 21 लाख 79 हजार 461 यूनिट, और पेण मंडल में 8 लाख 8 हजार 13 यूनिट बिजली की वृद्धि दर्ज की गई। मुख्य अभियंता सुनील काकडे के मार्गदर्शन में वाशी मंडल के अधीक्षक अभियंता संजय पाटील, ठाणे मंडल के अधीक्षक अभियंता युवराज मेश्राम, और पेण मंडल के अधीक्षक अभियंता राजाराम माने के नेतृत्व में इंजीनियरों, अधिकारियों और जनमित्रों की टीम ने यह कार्य सफलता से पूरा किया।

महिला के साथ बलात्कार

मुंबई। मुंबई के मानखुर्द इलाके में एक 17 साल के नाबालिक लड़के ने चाकू की नोंक पर एक महिला के साथ बलात्कार किया। मुंबई पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को उस समय हुई जब महिला अपने दो बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

प्रवासी गिद्ध की हाईटेंशन लाइन से टकराकर मौत

- वन विभाग ने दफनाया शव
- यूरेशियन ग्रिफॉन नामक दुर्लभ प्रजाति का था

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर के फतेहगढ़ तहसील के देगराय ओरण इलाके के लखमना गांव की सरहद के पास एक प्रवासी गिद्ध की करंट से मौत हो गई। पक्षियों की लगातार मौत से पर्यावरण प्रेमियों में गुस्सा है। जिला प्रशासन से हाईटेंशन लाइनों को अंडर ग्राउंड करने की मांग की है। मृतक गिद्ध को देखकर ग्रामीणों ने पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह को इसकी जानकारी दी। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह सांवता ने बताया कि जिले में कई वन्य जीव बाहुल्य इलाकों में प्रवास करने दुर्लभ पक्षी आए हैं। पक्षियों ने कई इलाकों में अपना डेरा डाला है। इसकी जानकारी वन विभाग को देने पर न्मौके पर वन विभाग और पशुपालन विभाग की टीम पहुंची और गिद्ध के शव को कब्जे में लिया। टीम ने गिद्ध के शव को दफनाया। सुमेर सिंह ने बताया- फतेहगढ़ इलाके में हाईटेंशन लाइनों के नीचे ही बुधवार दोपहर बाद एक प्रवासी दुर्लभ गिद्ध यूरेशियन ग्रिफॉन का शव मिला। सुमेर सिंह ने बताया कि इलाके में बिजली के तारों से टकराकर दुर्लभ पक्षियों के मरने का सिलसिला जारी है। इन तारों को भूमिगत करने की मांग काफी समय से उठाई जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

सर्दियों में प्रवास करता यूरेशियन ग्रिफॉन

पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि यूरेशियन ग्रिफॉन नामक दुर्लभ गिद्ध प्रवासी पक्षी है और सर्दियों में यहां प्रवास करता है। राजस्थान में यूरेशियन ग्रिफॉन कजाकिस्तान, अफगानिस्तान और बलूचिस्तान से आते हैं। इनका प्रवास का रास्ता मध्य-पूर्व से दक्षिणी एशिया की ओर है। इस मार्ग को यूरेशियन ग्रिफॉन के अलावा अन्य प्रजातियां भी इस्तेमाल करती हैं। वहां ज्यादा ठंड होने पर ये प्रवास करके हजारों किमी का सफर तय करके गर्म जगहों पर आते हैं। जैसलमेर में ये फतेहगढ़, लाठी आदि इलाकों में जहां पशु विचरण का इलाका ज्यादा है वहां ये ज्यादा पाए जाते हैं।

वन विभाग की टीम कर रही इलाके में निगरानी

वन विभाग की टीम इन दिनों बर्ड फ्लू की आशंका के चलते देगराय ओरण इलाके में पशुपालन विभाग की टीम के साथ दौरा कर रही है। ऐसे में मृत गिद्ध की जानकारी मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर गिद्ध के शव को कब्जे में लिया। अब गिद्ध के शव को दफनाने की तैयारी की गई। हालांकि गिद्ध हाइटेंशन लाइनों से टकराकर मरा है इसलिए सभी ने राहत की सांस ली। दरअसल इन दिनों इलाके में कुरजा पक्षियों के बीमार व मृत मिलने के मामले में बर्ड फ्लू की आशंका के चलते वन विभाग व पशुपालन विभाग की टीम लगातार पक्षियों के विचरण करने वाले इलाकों में निरीक्षण कर रही है।

बजरी खनन करते पांच गिरफ्तार

- छह ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली, एक लोडर जब्त
- जसोल पुलिस और डीएसटी टीम की कार्रवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। बालोतरा जिले की डीएसटी और जसोल पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच जनों को गिरफ्तार किया है। अवैध बजरी से भरे 6 ट्रैक्टर मय ट्रॉली और 1 लोडर को जब्त किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार स्पेशल टीम को सूचना मिली थी कि तिलवाड़ा गांव लूणी नदी इलाके में अवैध बजरी खनन हो रहा है। इस पर जसोल पुलिस और डीएसटी टीम मौके पर पहुंची। वहां खनन माफिया लोडर से अवैध बजरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरे रहे थे। बिना नंबरी 6 ट्रैक्टर मय ट्रॉली व बिना नंबरी 1 लोडर को जब्त किया। टीम ने गुणेशाराम पुत्र चुतराराम निवासी आकडली, गुणेश कुमार पुत्र मेघाराम निवासी सुथारों की ढाणी, नखतसिंह पुत्र बाघ सिंह निवासी नवातला, अर्जुनसिंह पुत्र राणसिंह निवासी चिमानियों की ढाणी गिड़ा, नाथाराम पुत्र जुगताराम निवासी नारायणपुर सरवाना सांचौर को गिरफ्तार किया। जसोल थानाधिकारी चंद्र सिंह ने बताया- आरोपियों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपी गुणेश कुमार के खिलाफ साल 2012 में पचपदरा थाने में एक मामला दर्ज है। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में डीएसटी टीम के कॉन्स्टेबल गुणेशाराम, नारायण, धन्नाराम, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार इत्यादी शामिल रहे।

रेगिस्तान में शीतलहर बरकरार

- दो दिन बाद खुले स्कूल
- रात का तापमान 9.8 डिग्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। रेगिस्तानी बाड़मेर में आए बदलाव के बाद बीते चार दिनों से कड़ाके की ठंड का असर जारी है। बुधवार को सुबह से आसमान हल्का कोहरा छाया रहा। लेकिन सर्द हवाओं की वजह से सर्दी का असर बरकरार रहा है। तापमान में भी लगाता उतार-चढ़ाव चल रहा है। बुधवार को रात का तापमान 9.2 डिग्री से चढ़कर 9.8 डिग्री दर्ज पहुंच गया। अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया है। बुधवार को कड़ाके की ठंड के बीच स्कूली बच्चे व मासूम स्कूली वैन में ठिठुरते हुए जाते नजर आए। आज मंगलवार की अपेक्षा सर्दी का असर थोड़ा कम नजर आया।

मावठ के बाद सर्दी बढ़ी

जिले सहित क्षेत्र में बीते चार से मौसम का रुख बदला हुआ है। मावठ की बरसात के बाद सर्दी का सितम बढ़ गया है। शीत हवाएं जोर पकड़ने से दिन में भी कंपकंपा देने वाली सर्दी का अहसास रहता है। मंगलवार सुबह से ही माहौल में ठंडी बयार चलने से कड़ाके की ठंड का असर रहा। दोपहर में सूर्य की किरणें निकलने पर तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, लेकिन सर्द हवाएं चलने से लोग ठिठुरते नजर आए।

कोहरे के कारण आवाजाही हो रही कम

बुधवार को भी सुबह के वक्त तेज सर्दी का असर जारी रहा। सुबह हल्का कोहरे के कारण लोगों की आवाजाही कम रही। वहीं फसलों पर ओस की बूंदें जमी नजर आई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री व न्यूनतम 10 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को दो दिन के 8 वीं तक स्कूली बच्चों की छुट्टी के बाद फिर से बच्चे कड़कड़ाती ठंड के बीच जाते नजर आए। वहीं सर्द हवाएं चलने से लोगों का जनजीवन प्रभावित नजर आया। सर्दी के बचने के लिए लोग तीन-पांच लहर तक के ऊनी कपड़े पहने नजर आ रहा है। वहीं गली-गली मोहल्ले में अलाव कर रहे है।

महाराणा कुंभा की 608वीं जयंती पर महाकुंभ का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। महाराणा कुंभा की 608वीं जयंती पर मदारिया माल्यावास गांव में 16 जनवरी को मेवाड़ महाकुंभ-2 का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शिरकत करेंगे। महाराणा कुंभा जन्मभूमि सेवा समिति मदारिया द्वारा आयोजित 3 दिवसीय मेवाड़ महाकुंभ का आगाज मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन व पूजा से हुआ। मीडिया प्रभारी रमेश कंसारा और भरत त्रिपाठी के अनुसार कार्यक्रम के पहले दिन पेनोरमा में महाराणा कुम्भा की प्रतिमा पर फूल- माला अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर महाराणा कुम्भा व चामुंडा माता के जयकारों से पूरा पेनोरमा गुंजायमान हो उठा। सचिव प्रेम सिंह चुण्डावत ने बताया की जयंती पर पेनोरमा स्थल पर माँ चामुंडा माता मंदिर में हवन पूजन का आयोजन किया किया गया। 16 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम होगा जहां बड़े स्तर पर महासभा का आयोजन किया जाएगा।

राजसमंद में तेज हवाओं ने बढ़ाई गलन

- बादल छाए तो सर्दी में आई तेजी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। राजसमंद में आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है जिससे धूप नही निकल पाई और गलन बढ़ गई। मंगलवार शाम को हवाओं के चलने से व आज सुबह बादल के छा जाने से सर्दी फिर से तेज हो गई है। हालांकि, कोहरा आज साफ रहा जिससे वाहनों की आवाजाही पर कोई खास फर्क नही पड़ा। आज सुबह 10 बजे तक भी धूप नही निकलने से जन जीवन प्रभावित रहा। सुबह बाजारों में लोगो ने ठिठुरन से बचने के लिए जगह जगह अलाव जलाकर सर्दी से अपना बचाव किया। तेज सर्दी के बावजूद आज से कक्षा 8 तक के स्कूलों का अवकाश समाप्त हुआ और फिर से स्कूल खुले। इस दौरान छोटे बच्चों को सर्दी से परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति 8 किमी प्रतिघंटा दर्ज की गई।

जैसलमेर में पक्षियों पर आया बड़ा संकट

लैब में हुई बर्ड फ्लू की पुष्टि; प्रशासन अलर्ट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर में बर्ड फ्लू की आहट सुनाई देने लगी है। जिले के लुणेरी तालाब क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों कुरजां (डेमोइसेल क्रेन) के शव मिलने के बाद भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान से आई रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इससे प्रशासन और चिकित्सा विभाग सतर्क हो गए हैं।

बता दें, पहले 11 जनवरी को लुणेरी तालाब के पास 6 कुरजां पक्षियों के शव मिले। इसके बाद 12 जनवरी को बीमार कुरजा पक्षियों की मौत हुई और उनके शवों को जांच के लिए भोपाल भेजा गया। फिर 13 जनवरी को रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई।



प्रभावित क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाई गई

- इस घटना के बाद लुणेरी तालाब क्षेत्र को इंफेक्टेड हॉटस्पॉट एरिया घोषित किया गया है। संक्रमण को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। पशुपालन विभाग, वन विभाग और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की टीमों का गठन किया गया। वहीं, संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्र में विशेष रसायन का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही हॉटस्पॉट क्षेत्र में आमजन और पशुओं के विचरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। मृत पक्षियों को सावधानीपूर्वक उठाकर सुरक्षित निस्तारण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर संक्रमण रोकने के लिए विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक (पशुपालन विभाग) डॉ. उमेश और डीएफओ आशुतोष ओझा के नेतृत्व में क्यूआरटी टीमें गठित की गईं। संक्रमित क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी के लिए गश्त लगाई जा रही है। प्रवासी पक्षियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पक्षियों के संक्रमण से डर का माहौल

- गौरतलब है की बर्ड फ्लू के इंसानों में फैलने की आशंका से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। विशेषज्ञों का कहना है कि संक्रमण पक्षियों से इंसानों तक फैल सकता है, इसलिए सतर्कता अत्यंत जरूरी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे मृत पक्षियों के संपर्क में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

क्या है बर्ड फ्लू?

- बर्ड फ्लू, जिसे एवियन इन्फ्लूएंजा के नाम से भी जाना जाता है, एक वायरल संक्रमण है जो पक्षियों से इंसानों में फैल सकता है। इसके लक्षण बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ जैसे होते हैं। इसलिए संक्रमित क्षेत्रों से दूर रहें, पक्षियों के मृत शवों के संपर्क में न आएं, और सफाई का विशेष ध्यान रखें। जिला प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। यदि किसी क्षेत्र में मृत पक्षी दिखाई दें तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

कोहरे से मिली राहत, मौसम साफ

सीजन में पहली बार रात का पारा 4 .7 डिग्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सर्दी रोजाना नए रिकॉर्ड बना रही है। पिछले दिनों प्रदेश में सबसे ठंडा शहर जैसलमेर रहा था। सोमवार रात का पारा इस सीजन में पहली बार 4.7 डिग्री पर पहुंचा है। प्रदेश में ठंडी रात के मामले में जैसलमेर दूसरे नंबर पर रहा। जैसलमेर से कम न्यूनतम तापमान सिरोही का 4.1 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि बुधवार सुबह मौसम साफ रहा। लंबे समय बाद घने कोहरे से निजात मिली। हालांकि सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान किया। बुधवार को सुबह अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिन तक मौसम साफ रहेगा। साथ ही तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। 18 जनवरी तक कड़ाके की सर्दी का असर रहेगा। उसके बाद से कड़ाके की सर्दी से राहत मिलने की संभावना है।

रात का तापमान 2 डिग्री गिरा

पिछले दिनों दिन व रात के पारे में जबरदस्त गिरावट हुई थी। वहीं, मंगलवार को दिन के पारे में एकाएक 8 डिग्री का उछाल आ गया। रात के पारे में 2 डिग्री की गिरावट हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 17 डिग्री का अंतर रहा।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि तापमान कम होने व कड़ाके की सर्दी से जीरा फसल को नुकसान हो सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि जीरा फसल पर टेबुकोनाजोल का स्प्रे करें। उन्होंने बताया कि जीरे के अलावा रबी की अन्य सभी फसलों के लिए कोहरा व सर्दी से फायदा होगा। इससे खेतों में पर्याप्त नमी बनी रहेगी साथ ही दाने के आकार में बढ़ोतरी होगी। वहीं, दानों की संख्या भी बढ़ेगी।

मुंबई मेटल मार्केट

मेटल	आज का भाव	पूर्व बंद
कॉपर वायर बार	840	842
एल्युमिनियम इन्गॉट	252	251
जिंक स्लैब	273	276
लीड इन्गॉट	180	182
टिन स्लैब	2628	2643
निकल	1385	1385
मेटल स्क्रैप	आज का भाव	पूर्व बंद
सभी दरें रुपए प्रति किलो में है।		
कॉपर केबल स्क्रेप	797	797
कॉपर हैवी स्क्रेप	787	789
कॉपर आर्मेचर	778	779
कॉपर यूटेंसिल्स	731	732
कॉपर सीट	-	-
ब्रास यूटेंसिल्स	529	529
ब्रास सीट कटिंग्स	568	567
एल्युमिनियम	193	193
लंदन मेटल मार्केट तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)		
धातु	आज का भाव	स्टॉक (टन में) वृद्धि+/कमी-
कॉपर	9046	-1150
टिन	29205	+15
लीड	1912	+18425
जिंक	2816	-3100
एल्युमिनियम	2573	-2500
निकल	15680	+3228

व्यापार जगत

अडानी ग्रीन एनर्जी 7% उछला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई : भारतीय शेयर बाजार में अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में आज मजबूती देखी गई। खासकर अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (AGEL) के स्टॉक्स में 7.02% की तेज बढ़त हुई, जो ग्रुप की अन्य कंपनियों के मुकाबले सबसे अधिक है।

क्यों उछले अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर?

अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने हाल ही में घोषणा की है कि उसकी सहायक कंपनी, अडानी रिन्यूएबल एनर्जी फॉर्टी एट लिमिटेड, ने गुजरात के खावड़ा में 57.2 मेगावॉट (MW) क्षमता वाले विंड-सोलर हाइब्रिड प्रोजेक्ट का विंड पावर घटक चालू कर दिया है। इस खबर के बाद निवेशकों में उत्साह बढ़ा और कंपनी के शेयरों में तेजी देखी गई।

अन्य कंपनियों के प्रदर्शन पर एक नजर

अडानी पावरः 5.68% की बढ़त
अडानी एनर्जी सॉल्यूशंसः 3.20% की तेजी
अडानी एंटरप्राइजेजः 1.33% का उछाल
अडानी पोर्ट्सः 1.77% की बढ़त
अडानी टोटल गैसः 2.36% का इजाफा

सीमेंट कंपनियों और अन्य स्टॉक्स का प्रदर्शन

एसीसीः 1.22% की वृद्धि
अंबुजा सीमेंट्सः 1.02% की बढ़त
एनडीटीवीः 2.07% की तेजी
बीते दिन भी थी अडानी के सभी शेयरों में उछाल
पिछले दिन अडानी ग्रुप की सभी कंपनियों के स्टॉक्स में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। अडानी एंटरप्राइजेजः 7.05% की बढ़त (निफ्टी 50 का टॉप गेनर), अडानी पोर्ट्स में 5.25% की तेजी, अडानी ग्रीन एनर्जी में 13.52% का उछाल, अडानी पावर 20% की बढ़त और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में 12.23% की तेजी दिखी थी।

आज सोने-चांदी के दाम में तेजी

सोना 241 रुपए बढ़कर 78,269 पर पहुंचा

चांदी 88,908 रुपए प्रति किलो बिक रही

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 15 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 241 रुपए बढ़कर 78,269 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 78,028 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 178 रुपए बढ़कर 88,908 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 88,730 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,220 रुपए है।
मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,070 रुपए है।
कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,070 रुपए है। चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,070 रुपए है। भोपाल। 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,120 रुपए है। 2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। जून तक 85 हजार रुपए तक जा सकता है सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। अमेरिका के बाद UK ने ब्याज दरों में कटौती की है। इससे गोल्ड ETF की खरीदारी बढ़ेगी। ऐसे में इस साल 30 जून तक सोना 85 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

आपका राशिफल 16 जनवरी

मेष — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धिबल को सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

वृष — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

मिथुन — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संताप को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

कर्क — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक 3 7 8

सिंह — पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वणिक लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का प्लावन, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक 6 8 9

कन्या — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक 7 8 9

तुला — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक 5 8 9

वृश्चिक — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

धनु — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

मकर — रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पारा भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

कुंभ — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा ओर उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

मीन — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

देश के बैंकों में 1.50 लाख करोड़ कैश की कमी

- ' डिपॉजिट की ब्याज दरें 7.50% तक पहुंचीं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। देश के बैंकों में कैश की किल्लत एक बार फिर बढ़ गई है। दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में देश के बैंकिंग सिस्टम में नकदी की कमी 1.5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इससे निपटने के लिए बैंक डिपॉजिट बढ़ा रहे हैं। नतीजतन डिपॉजिट की ब्याज दरें 7.50% तक पहुंच गई हैं। कुछ बैंकों ने ज्यादा ब्याज वाली नई स्कीम्स की आखिरी तारीख बढ़ाई है और कुछ ने नई एफडी स्कीम्स लॉन्च की हैं। आईडीबीआई जैसे बैंक सीनियर और सुपर सीनियर सिटीजंस को 0.65% तक ज्यादा ब्याज दे रहे हैं। इसके चलते सुपर सीनियर सिटीजंस के लिए ब्याज दरें 8.05% तक हो गई हैं।

दिसंबर के पहले सप्ताह में बैंकों का कैश सरप्लस 1 लाख करोड़ रुपए था। बाद के पखवाड़े में टैक्स चुकाने के लिए निकासी और विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई के दखल से नकदी घट गई। बंधन बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट सिद्धार्थ सान्याल ने कहा कि अब रेट बढ़ाकर डिपॉजिट बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। बैंकों में कैश बढ़ाने के लिए डॉलर-रूपी स्वैप का सहारा बैंकों ने रिजर्व बैंक से लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय करने की अपील की थी। इसके बाद आरबीआई ने पिछले सप्ताह डॉलर-रूपी स्वैप का इस्तेमाल किया। आरबीआई ने करीब 3 अरब डॉलर के स्वैप का इस्तेमाल किया। इससे बैंकों को करीब 25,970 करोड़ रुपए का कैश मिला। स्वैप की मैच्योरिटी 3,6 और 12 महीने है। लेकिन ये पर्याप्त नहीं है। उन्हें करीब 1.25 लाख की नकदी और चाहिए। हर 100 के डिपॉजिट पर 80 का लोन बांट रहे बैंक रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 27 दिसंबर 2024 तक बैंकों का डिपॉजिट 9.8% की दर से बढ़ा। इसी दौरान क्रेडिट ग्रोथ यानी कर्ज बांटने की रफ्तार सालाना 11.16% रही। कुल डिपॉजिट 220.6 लाख करोड़ और लोन 177.43 लाख करोड़ तक पहुंच गया। यानी बैंक हर 100 रुपए के डिपॉजिट पर 80 रुपए का लोन बांट रहे हैं। क्रेडिट टू डिपॉजिट का यह रेश्यो 2023 में 79% था, जो 73% होना चाहिए।

सेंसेक्स 76,724 पर बंद

रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा चढ़ा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सेंसेक्स आज यानी 15 जनवरी को 224 अंक की तेजी के साथ 76,724 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 37 अंक की तेजी रही, ये 23,213 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में तेजी और 23 में गिरावट रही। जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.39% की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.077% की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 0.024% की गिरावट देखने को मिली। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.43% की गिरावट के साथ बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, 14 जनवरी को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 8,132 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 7,901 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

14 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.52% की तेजी के साथ 42,518 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 0.11% ऊपर 5,842 बंद हुआ। जबकि नैस्डैक इंडेक्स में 0.23% की गिरावट रही। 16 जनवरी को ओपन होगा स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का IPO स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 16 जनवरी को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 23 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे।

11 दीक्षार्थियों ने किया वर्षीदान, उमड़ी भीड़

- आचार्य मणिप्रभ सूरीश्वर म.सा. की रही निश्रा
- कई जैन संस्थाओं ने किया अभिनंदन
- 16 फरवरी को साक्षी और 9 मार्च को सेजल बोथरा ग्रहण करेगी संयम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी की विचरण भूमि सांचौर में खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वर म.सा. एवं उनकी आज्ञानुवर्तिनी बहन डा. विद्युतप्रभा म.सा. आदि ठाणा के पावन निश्रा में 11 दीक्षार्थियों का भव्य वर्षीदान का वरघोड़ा निकाला गया। मुमुक्षु परिवार के गौतम बोथरा ने बताया कि संसारिक मोह माया को त्याग संयम पथ अंगीकार करने जा रही दीक्षार्थी साक्षी सिंघवी का भव्य वरघोड़ा निवास स्थान महावीर कॉलोनी जैन दादावाड़ी से बुधवार को प्रात 9.30 बजे खरतरगच्छ आचार्य श्री मणिप्रभ सुरीश्वर के मांगलिक के साथ रवाना हुआ। जो शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ गाजते बाजते कुंथुनाथ मंदिर पहुंचा। जहां आचार्य मणिप्रभ सूरीश्वर डा. विद्युत प्रभा सहित कई साधु साध्वी का सोमैया जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ की पेढ़ी द्वारा किया गया। तदुपरांत मुख्य बाजार होते हुए वर्षीदान वरघोड़ा आराधना भवन पहुंचा, जहां वरघोड़ा धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। बाड़मेर समाज संस्थान के केवलचंद बोहरा ने बताया कि सबसे आगे जैन ध्वज लिए युवा, बैंड की सुमधुर धुन के साथ ढोल वादक, आचार्य महाराज व साधु भगवंत, प्रभु का रथ, साध्वी मंडल, श्रावक वर्ग, महिलाओं के साथ वरघोड़े में सभी मुमुक्षु रथ पर सवार होकर वर्षीदान कर रहे थे। खरतर गच्छ महिला परिषद की मीना बहन ने बताया कि सभी श्रद्धालुगण दीक्षार्थी अमर रहे के जयघोष से उसका अभिवादन कर रहे थे।

जगह-जगह स्वागत एवं पुष्प वर्षा

रास्ते में जगह-जगह चावल की गहुंली के साथ लोगो ने पुष्पों की वर्षा कर वरघोड़े व साधु साध्वी भगवंतों का स्वागत किया। आगामी 16 फरवरी को दीक्षार्थी साक्षी सिंघवी कुशल वाटिका बाड़मेर में खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वर के हाथों से दीक्षा ग्रहण करेगी। प्रकाश छाजेड़ ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य मणिप्रभ सुरिश्वर ने कहा कि सांचौर का सौभाग्य है कि यहां की धर्मभूमि से कई लोगों ने संयम जीवन अपनाया है, इसलिए मेरा सांचौर से ज्यादा लगाव है।

जो सहता, वो सिद्ध पुरुष

वहीं डा. विद्युतप्रभा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन मोक्ष का प्रवेश द्वार है जिसके लिए श्रावक श्राविकाओं को संयम ग्रहण करना आवश्यक है। आज सभी मुमुक्षु उसी पथ की ओर अग्रसर हो रही है। जो सहन करता है वही सिद्धपुरुष बनता है। हमारी प्रार्थना तभी पूर्ण होगी जब हमें परमात्मा को पाने की प्यास होगी। साध्वीजी ने कहा कि धर्म चार प्रकार का होता है- दान, शील, तप व भाव।

आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु

इसी तरह कषाय का महत्व समझाते हुए कहा कि क्रोध, मान, माया, लोभ एवं संज्ञा के बारे में कहा कि आहार, भय, मैथुन परिग्रह का जीवन में त्याग करने को कहा गया है। इस अवसर पर दीक्षार्थी साक्षी सिंघवी ने कहा कि वो आभारी हैं अपने परिवार जनों की जिन्होंने मुझे संयम पथ पर जाने की अनुमति सहर्ष प्रदान की। उन्होंने कहा कि संसार में रहकर अपने आप को मोक्ष के पथ पर नहीं ले जा सकती थी। इस लिए मैंने ये मार्ग अपनाया है। जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ की पेढ़ी की ओर से मुमुक्षुओ का तिलक, माला, चुनड़ी, श्रीफल से अभिनंदन किया गया। आस-पास से क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने वरघोड़े में भाग लिया।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। स्थानीय विकास भवन में गणतंत्र दिवस समारोह मनाए जाने को लेकर बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दौलतराम चौधरी ने राष्ट्रीय पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। शिवराज स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित होगा। सभी राजकीय भवन, कार्यालय, पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। शिवराज स्टेडियम में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं समारोह से पूर्व दिवस की पूर्व संध्या पर सभी सरकारी, गैर सरकारी, शिक्षण संस्था, कार्यालय आदि में कार्यालय अध्यक्ष रोशनी की व्यवस्था स्वयं अपने स्तर पर करें। वहीं एडीएम, एसडीएम कार्यालय, नगर पालिका, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस थाना, कार्यालय आदि में रोशनी की व्यवस्था ईओ नगर पालिका सुनिश्चित करेंगे। सराहनीय कार्य करने वाले योग्य व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु प्रस्ताव 20 जनवरी सुबह ग्यारह बजे तक ही स्वीकार किया जाएगा।

पुरस्कार चयन समिति गठित

पुरस्कार वितरण के लिए चयन समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष उपखंड अधिकारी, तथा पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार, विकास अधिकारी, नगर पालिका ईओ, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक में स्टेज बैठक व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, माइक, प्रचार प्रसार, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था, पेयजल आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य समारोह का मंच संचालन मीठालाल जांगिड़ व मुकेश सुंदेशा व्याख्याता द्वारा किया जाएगा। देश भक्ति से संबंधित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी एवं विद्यार्थियों द्वारा परेड की जाएगी। विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम को रखा जाएगा। कोई भी विद्यालय भाग लेने के इच्छुक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक में संपर्क कर सकते हैं। अंत में उपखंड अधिकारी नीरज कुमारी ने सभी सदस्यों को राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।

ये रहे उपस्थित

बैठक में मीठाराम जोशी नायब तहसीलदार, रामेश्वर भाटी सीआई, भरत देवड़ा एक्सईएन, नगर पालिका ईओ तेजराज भंडारी राजकुमार सहायक विकास अधिकारी, सुरेंद्र सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी, अतुल तिवारी वरिष्ठ प्रारूपकार नगर पालिका, नारायण सिंह राव आर पी सीबीईओ, खुमाराम जाट, निंबाराम प्रिंसिपल, तेजाराम विश्नोई प्रिंसिपल, कीर्ति वाजपेई, अशोक दिवाकर, मीठालाल जांगिड़, लादूराम विश्नोई, मुकेश संदेशा, सुरेश विश्नोई सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश विश्नोई अशोक दिवाकर, प्रतिभा भोजक, मंजुलता गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

भारतीय किसान संगठन की कार्यकारिणी का मनोनयन

भीनमाल। भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष जयंतीलाल घांची ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश भारतीय किसान संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता निरंजन व्यास, दिगविजयसिंह दहिया, हरचंद भील निंबोड़ा, मसराराम लौहार व महादेवाराम घांची, महामंत्री पद पर सुरेंद्र पी. राठी, अमराराम, पुत्र भगवानाराम चौधरी, संयुक्त मंत्री पद पर भावाराम मेघवाल, अचलाराम भाडका, ओमप्रकाश माली, रेवाराम सेन, संगठन मंत्री पद पर घेवरचंद राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष पद पर सुरेश एम. बोहरा, प्रचार मंत्री पद पर रेखाराम मेघवाल व पारस प्रजापत, प्रवक्ता तुलसाराम माली व विक्रम राठी को मनोनीत किया।

छात्रों ने किया राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। रानीवाड़ा के स्थानीय महाविद्यालय रघुनाथ बिश्नोई मेमोरियल कॉलेज रानीवाडा के छात्र-छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रानीवाडा का भ्रमण किया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के संचालक डा. रोहित कुमार बिश्नोई ने निरीक्षण कौशल की सैद्धांतिक जानकारी दी तत्पश्चात प्राचार्य डा. सत्येंद्रकुमार उबा ने व्यावसायिक निरीक्षक के समय आवश्यक सावधानियों से छात्र-छात्राओं अवगत कराया। छात्र समूह अनुशासित ढंग से विज्ञान प्रभारी गणपतराम वाघेला,सतीश कुमार, रामसहाय मीणा, प्रकाश कुमार, महेंद्र गिरी के नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रानीवाडा पहुँचा। छात्रों ने डीजल इंजन की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा, पवनऊर्जा, फिटिर, कंप्यूटर कार्य के साथ-साथ सौर ऊर्जा तथा अनेक मशीनों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक गोपाल कुमार ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्र 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा उतीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। यह प्रवेश प्राप्तांको की कुल मेरिट के आधार पर दिया जाता है। संस्थान में 1 वर्ष, 2 वर्ष के डिप्लोमा, फिटर, वायरमैन, एसी, मैकेनिक आदि विषयों में संचालित हैं । व्यावसायिक भ्रमण के अन्तर्गत महाविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपना ज्ञान वर्धन किया ।

सरस डेयरी टिटोप समिति में लाभांश वितरण का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। रानीवाड़ा सरस डेयरी की टिटोप समिति में बुधवार को लाभांश वितरण कार्यक्रम का आयोजन समिति अध्यक्ष गेनाराम चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान टिटोप समिति के 350 दूध उत्पादकों को 8 लाख 95 हजार रुपए का लाभांश वितरण किया गया। सरस डेयरी पीएंडआई प्रभारी जवान सिंह बालावत ने संघ की गतिविधियों कि जानकारी दी। इस अवसर पर प्रबंधक संयंत्र डुंगा राम जीनगर, प्रबंधक गुण नियंत्रण प्रकाश श्रीवास्तव, सचिव समरताराम, उमराव सिंह, रघुवीर सिंह सोलंकी, गजेंद्र सिंह,दिपा राम, जोगाराम, मफाराम सहित समिति के कई दूध उत्पादक उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा योजना गिव-अप अभियान

- अपात्र परिवार 31 तक हटवा सकते नाम
- नाम नहीं हटाने पर वसूली
- पोस्टर का किया विमोचन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। रानीवाड़ा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए सरकार की और से गिव-अप अभियान के तहत चयनित व्यक्ति 31 जनवरी 2025 तक स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवा सकते है निर्धारित तिथि तक नाम नही हटवाने पर विभाग की और से नियमानुसार वसूली कार्रवाही की जाएगी।

इन श्रेणी के लाभार्थियों के हटेंगे नाम

जिला रसद विभाग के ईओ प्रदीप परिहार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में चयनित वे परिवार जो आयकर भुगतान करते हैं, एक लाख रुपए से अधिक आय है, राज्य या केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं, चार पहिया वाहन धारक हैं। वह उपभोक्ता गिव-अप अभियान के तहत 31 जनवरी 2025 तक स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं। राशन डीलर इंद्रभान श्रीमाली ने बताया कि ऐसे उपभोक्ता अपना नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए अपने अपने क्षेत्र अथवा अपने वार्ड में उचित मूल्य दुकानदार पर या जिला रसद अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर अपना नाम हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। अपात्र व्यक्तियों के निर्धारित तिथि तक अपना नाम नहीं हटवाने पर उनके विरुद्ध विभाग की और से नियमानुसार कारवाही की जा सकती है। जिले के राशन डीलरों की मीटिंग रानीवाड़ा तहसील मीटिंग सभागार में गिव अप पोस्टर का विमोचन कर मीटिंग ली गई। जिसमें रसद विभाग के ईओ प्रदीप परिहार राशन डीलर संघ प्रदेश प्रवक्ता वरदाराम देवासी इंद्रभान श्रीमाली भगवान सिंह करड़ा वचनाराम देवासी नरपतसिंह चेलाराम मेडा शैतानसिंह विनोद कुमार भगवती प्रसाद राणाराम कागमाला नागजीराम अमराराम सवसीराम दलपत धानोल संजय कुमार आसुराम जगतसिंह बगदाराम मसराराम कोनाराम किशोर कुमार सहित सभी राशन डीलर उपस्थित रहे।

थानाधिकारी ने विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रामसीन। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस थाना रामसीन द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध के संबंध में आवश्यक जानकारी छात्रों को दी गई। प्रधानाचार्य थानाराम प्रजापत ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस थाना रामसीन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडोली में किया गया। जिसमें पुलिस थाना रामसीन के थानाधिकारी तेजु सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी दी गई। जिसमें वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने एवं सीट बेल्ट लगाने, यातायात के नियमों की पालना करने, नशे में वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल में बात नहीं करने तथा नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने और साइबर जागरुकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार से होने वाले साइबर अपराधों के कारणों और उनसे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही क्षेत्र में होने वाली चोरियों के बारे में सतर्कता बरतने की बात कही गई। संस्थाप्रधान द्वारा थानाधिकारी का स्वागत किया गया तथा यातायात नियमों की जानकारी बच्चों तक पहुंचाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के अलावा राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भूतवास, महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर के सैकड़ों छात्रों और स्टाफ ने भाग लिया।

विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की दो दिवसीय बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। स्थानीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति एवं विद्यालय विकास समिति की बैठक के तहत स्कूलों की सामुदायिक गतिशीलता के तहत संकुल स्तर पर दो दिवसीय सदस्यों की गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया ।जिसमें कुल बयालिस सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अभिभावक शिक्षक कार्यालय बाल संरक्षण, जेंडर, स्वस्थ विद्यालय एवं विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यालय विकास योजना में समिति का योगदान तथा शैक्षणिक उपलब्धियों एवं मिड डे मील जन सहयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्राप्त अनुदान तथा समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कार्यों के बारे विस्तृत विचार विमर्श किया गया। प्रशिक्षक ऊखचंद सिंधल उप प्राचार्य एवं लाधुराम बिश्नोई व्याख्याता ने समस्त बिंदुओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

पटवारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

- राजस्व कार्यों के बहिष्कार से लोग परेशान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सायला। राजस्थान पटवार संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर 9 सूत्री मांग पत्र के निस्तारण की मांग को लेकर तीसरे दिन बुधवार को भी पटवारियों द्वारा राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसके चलते पंचायत व ग्रामीण क्षेत्र में राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों को नामांतरकरण, गिरदावरी, सीमा ज्ञान, दस्तावेजों की नकलें सहित रोजमर्रा के कामकाजों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पटवार संघ जिलाध्यक्ष महेंद्रसिंह चंपावत ने बताया कि गिरदावरी एप्प में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाने, 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तिय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त की वित्तिय स्वीकृति जारी करवाने, पटवारी से वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी एवं डैफर्ड एवं लिफाफा बंद प्रकरणों का निस्तारण करवाने तथा 752 नवसृजित भू-अभिलेख निरीक्षक पदों के निर्धारण संबंधित पत्रावली का निस्तारण करवाने समेत 9 सूत्री मांग पत्र का निस्तारण नहीं होने से समस्त पटवारियों में भारी रोष है। मांगों पर सहमति नहीं बनने तक राजस्व कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान दिनेश सोलंकी, देवीसिंह, देरावरसिंह, आसकरणसिंह, भोमराज, रविंद्रसिंह, परमेश्वरी, रिन्की राव, मंगेजलता समेत पटवारी मौजूद रहे।

भीनमाल : शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन कल से

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का 62वां प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 17 व 18 जनवरी को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी रोड भीनमाल में आयोजित होगा। संगठन के मुख्य महामंत्री पूनम चंद विश्नोई के अनुसार सम्मेलन का उद्घाटन 17 जनवरी को 11:30 बजे ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होगा, सम्मेलन में मुख्य वक्ता कामरेड सुभाष लांबा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं महावीर शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ, जयपुर होंगे। सम्मेलन में अतिथियों के रूप में जिला प्रमुख, विधायक, प्रधान, एवं अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद एवं भामाशाह उपस्थित रहेंगे, उद्घाटन सत्र में अतिथियों एवं भामाशाहों का बहुमान किया जाएगा। तत्पश्चात स्वागताध्यक्ष, सम्मेलन संयोजक द्वारा उपस्थित शिक्षकों के सम्मुख उद्बोधन एवं स्वागत भाषण होगा। साथ ही महामंत्री द्वारा संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता, सार्वजनिक शिक्षा की मजबूती, नई शिक्षा नीति 2020, शिक्षकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। उपस्थित शिक्षकों द्वारा प्रतिवेदन का अनुमोदन किया जाएगा। अधिवेशन के उद्घघाटन सत्र में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उद्बोधन होगा जिसमें शिक्षा, शिक्षार्थी एवं शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आगामी दिनों में शिक्षा विभाग व राज्य सरकार से विपक्षीय वार्ता करने, आंदोलन व संघर्षों के बारे में रोड मैप दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र में अतिथियों के उद्बबोधन के पश्चात जालोर जिले के जिला अध्यक्ष द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। सम्मेलन के द्वितीय सत्र में वैचारिक मंथन होगा जिसमें राज्य सरकार को भेजे जाने वाले विभिन्न प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सम्मेलन के तृतीय सत्र में शैक्षिक सत्र होगा जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 में सार्वजनिक शिक्षा को किस तरह प्रभावित करेगी एवं सरकारी विद्यालयों में इस नीति से पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा कर शिक्षा के निजीकरण एवं व्यवसायीकरण का विरोध किस तरह संगठन स्तर से किया जाए, इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

मध्य रेल

शुद्धिपत्र नंबर 1

खुली निविदा सूचना सं. BB.LD. 585. W. 861. CONTR3 दिनांक 10.12.2024 के लिए शुद्धिपत्र नंबर एक. ई-निविदा सूचना स. BB.LD. 585. W. 861. CONTR3. दिनांक 10.12.2024 'नाहुर (एसजी- 2) : होम प्लेटफॉर्म के प्रावधान के कार्य के संबंध में ओएचई संशोधन।' की निविदा की अंतिम तिथि 10.01.2025 से बढ़ाकर 17.01.2025 कर दी गई है।

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है 697

संस्कार केंद्र पर मकर संक्रांति पर्व मनाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। सेवा भारती संचालित जोगी बस्ती संस्कार केंद्र पर मकर संक्रांति पर्व भामाशाह अशोक बोहरा, दिलीप गुप्ता, जिलाध्यक्ष डा घनश्याम वैष्णव, खंड अध्यक्ष श्रवण सिंह राव उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर ममता राव, रुक्मणी वैष्णव, श्रीमती गुप्ता, कृतिका वैष्णव, विमल सुथार द्वारा बालकों को मिठाई फ्रूट्स व अन्य सामग्री वितरित की गई। डा. घनश्याम वैष्णव ने कहा कि मकर संक्रांति सकारात्मक ऊर्जा लाने वाला त्यौहार है। सूर्य प्रत्यक्ष देवता हैं। हमें प्रतिदिन जल चढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर दिलीप गुप्ता ने संस्कार केंद्र के भैया बहनों को 'यह मेरे नाथ आप मेरे हो मैं आपको भूलूं नहीं... प्रार्थना करवाई। अभिभावकों को सफाई के साथ नियमित रूप से बालकों को संस्कार केंद्र भेजने का आग्रह किया। संस्कार केंद्र के भामाशाह अशोक बोहरा ने प्रकल्प केंद्र केंद्र शिक्षिका संतोष योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां पर गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिल रही है। बहुत ही अच्छी बात है हम सबको मिलकर और सेवा बस्तियों में संस्कार केंद्र खोलना चाहिए। रुक्मणी वैष्णव ने गायत्री मंत्र व हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। सरवन सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिभावक संस्कार केंद्र के बालक व मातृशक्ति उपस्थित थे।

जाखडी से वडलु जाने वाला मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाडा। रानीवाड़ा के निकटवर्ती जाखडी गांव से वडलु जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। आमजन को इस सड़क मार्ग से चलने में भी भारी दिक्कतें होती हैं। कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। पूरा सड़क मार्ग संकरा भी है जिससे बडे वाहन इस सड़क से गुजर भी नही पाते है। स्कूली छात्रों को भी बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामवासियों ने बताया कि जाखडी से वडलु जाने वाला सड़क मार्ग पूरा क्षतिग्रस्त है। पूरा रास्ता संकरा भी है जिससे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों को अवगत करवाया गया है एवं शिकायतें भी की गई है। जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की गई है।

मंदिर से दान पात्र चोरी का एक और आरोपी गिरफ्तार

भीनमाल। भीनमाल में मंदिर से दान पात्र चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अर्जुननाथ गोस्वामी निवासी रुचियार को बालोतरा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 4 जनवरी को दिनेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई कि 24 दिसंबर 2024 की शाम को मंदिर का दान पात्र चोरी हो गया।

पश्चिम रेलवे

विद्युत कार्य

एडीईई/टीआरडी/बीएल द्वारा ई-निविदा सूचना क्र. ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-24-25-16 दि. 13.01.2025 आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** मुंबई मंडल के विरार-जलगांव खंड में विभिन्न ट्रैक्शन्स (साइट पर) 25 केवी इंटर्प्टर्स (एलिंड मेक) तथा 25 केवी सर्किट ब्रेकर की पिरियोडिकल ओवरहॉलिंग (पीओएच)। **विज्ञापित लागत:** रु. 2,60,49,325/-, **ईएमडी:** रु. 2,80,300/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 06.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 06.02.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देखें। **0967**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

02 विद्युत चालित सबमर्सिबल कटर पंप किराये पर लेने का कार्य

कार्य का नाम: एलटीटी कोचिंग डिपो, मुंबई मंडल में आवश्यक स्थान पर 02 वर्ष की अवधि के लिए ऑपरेटर के साथ 02 विद्युत चालित सबमर्सिबल कटर पंप (30 एचपी) को किराये पर लेने का कार्य। **अंदाजित मूल्य:** ₹ 17,58,307/- (सत्रह लाख अट्ठावन हजार तीन सौ सात रुपए मात्र) ; **कार्य समापन की तिथि:** 24 माह ; **बयाना राशि जमा:** ₹35,200/- (केवल पैंतीस हजार दो सौ रुपये); **निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति का दिनांक और समय:** 03.02.2025 को 11:00 बजे तक. निविदाएं केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-टेंडरिंग प्रारूप में स्वीकार की जाएंगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट में उपलब्ध है। यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 / दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है। '

खुली निविदा सूचना संख्या. BB.M.LTT.TC.52. SumpPump.24 dated 11.01.2025.

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है 693

पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल कमर्शियल प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे

मंडल रेलवे प्रबंधक, कमर्शियल विभाग, एनएफआर सेक्शन, मुंबई सेंट्रल मंडल, मुंबई 400008

कार्य: मुंबई मंडल में विविध एनएफआर मीडिया माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन।

नीलामी पुस्तिका क्र.	नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स)
MMCT-ADVT-24-67	28/01/2025, 15:00:00

क्र. सं.	लॉट नं.	स्थान/एरिया	दिन	ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय
1	ADVT-BCT-GMN-OSN-382-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर गोरेगांव (जीएमएन)स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 15:30:00
2	ADVT-BCT-BVI-OSN-384-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर बोरीवली (बीवीआई) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 15:40:00
3	ADVT-BCT-BYR-OSN-387-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर भायंदर (बीवायआर) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 15:50:00
4	ADVT-BCT-KILE-OSN-383-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर कांदीवली (केआईएलई) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 16:00:00
5	ADVT-BCT-GTR-OSN-157-23-2 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 16:10:00
6	ADVT-BCT-JOS-OSN-380-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर जोगेश्वरी (जेओएस) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 16:20:00
7	ADVT-BCT-MIRA-OSN-386-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर मिरा रोड (मिरा) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 16:30:00
8	ADVT-BCT-CYR-OSN-369-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर चर्नी रोड (सीवायआर) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 16:40:00
9	ADVT-BCT-DIC-OSN-385-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर दहिसर (डीआईसी) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 16:50:00
10	ADVT-BCT-NSP-OSN-390-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर नालासोपारा (एनएसपी) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 17:00:00
11	ADVT-BCT-RMAR-OSN-381-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर राममंदिर (आरएमएआर) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 17:10:00
12	ADVT-BCT-BSR-OSN-389-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर वसई रोड (बीएसआर) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 17:20:00
13	ADVT-BCT-NIG-OSN-388-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))	3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर नायगांव (एनआईजी) स्टेशन पर वृहद विज्ञापन अधिकार।	1095	28/01/2025, 17:30:00

नोट: भावी निविदाकारों से निवेदन है कि आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग माड्यूल देखें। लॉटवार विवरण अंकित कैटलॉग अंतर्गत वहां उपलब्ध है। **0968**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

सुविचार

सफलता हर दिन की
छोटी कोशिशों का परिणाम है।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

वैश्विक पर्व महासमागम 'महाकुंभ'

महाकुंभ कहने को तो भारत के आध्यात्मिक शहर तीर्थराज प्रयागराज में चल रहा है, लेकिन इसको लेकर जिज्ञासा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखी जा रही है। अगर हम कहें कि महाकुंभ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, बल्कि एक वैश्विक पर्व बन गया है। आंकड़ों के मुताबिक मकर संक्रांति के दिन महाकुंभ में देशी-विदेशी लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। यह अपने आप में गौरव का विषय है। जब सनातन धर्म पर लगातार उंगलियां उठाई जा रही हैं, ठीक उसी दौर में ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचकर संगम में डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। भारत के परस्पर विरोधी देश में लोग महाकुंभ के आयोजन और यहां जुट रही व्यापक भीड़ को खूब सर्च कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने महाकुंभ में गहरी रुचि दिखाई है। इसके अलावा, नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के लोग भी महाकुंभ के बारे में पढ़ और खोज रहे हैं। महाकुंभ में मकर संक्रांति के अवसर पर पहले शाही स्नान के दौरान संतों समेत 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखाड़ों, मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों का साधुवाद करने के साथ प्रदेशवासियों को बधाई दी है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर मंगलवार शाम को अपने संदेश में कहा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुंभ-2025, प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों एवं श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया है। दूसरी ओर सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर से महाकुंभ के बारे में पल-पल की जानकारी लेते रहे। महाकुंभ के आयोजन को दुनियाभर में खूब सर्च किया जा रहा है। वैसे महाकुंभ को सर्च करने वाले देशों की सूची में सबसे ऊपर पाकिस्तान है। अब यह पाकिस्तानियों की महाकुंभ के आयोजन को लेकर उत्सुकता है या कि इस भव्य भीड़ के साथ कोई खिलवाड़ करने की मंशा यह तो जांच का विषय है, लेकिन संगम तट पर उमड़ रही भक्तों की भीड़ भारतीय संस्कृति और परंपरा की अद्वितीय छवि प्रस्तुत कर रही है।

अमेरिका में लगी आग बुझने जाएगी

मगर साख तो खाक हो गई...!!

संजय श्रीवास्तव

अमेरिका आग से जूझ रहा है। जमीन से समुद्र तट की ओर बहने वाली सेंटा एना हवाएं जंगल की इस आग को और भड़का और बढ़ा रही हैं। यह आग तो बुझ जाएगी पर कई सुलगते सवाल अपने पीछे छोड़ जाएगी, क्या "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" के नारे लगाने वाले इन प्रश्नों का यथोचित उत्तर दे पाएंगे?, अंतरिक्ष से देखा जा सकने वाला कैलिफोर्निया का दावानल दस दिन से धधक रहा है। अमेरिका के जंगलों में पहले भी भीषण आग लगती रही है, पर इस बार इसने जिस इलाके को चपेट में लिया है, वह इतना खास है कि अमेरिका को इसकी बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। व्यापक स्तर पर की जा रही अग्नि शमन की कोशिशें देर सवेर कामयाब होंगी और आग बुझेगी, रह जाएंगी तो बस राख हुई वनस्पतियां, उजड़े हुए मकान, जली दीगर संपत्तियां, भस्मीभूत मवेशी, पालतू जानवर वगैरह। साथ ही इस कथित प्राकृतिक आपदा, उसके कारणों, सरकारी, प्रशासनिक प्रयासों तथा तकनीकि और संसाधनों वाली अमेरिकी श्रेष्ठता की विफलता से जुड़े तमाम सवाल लंबे अर्से तक अमरीकियों को परेशान करेंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अपनी तकनीकि दक्षता, तत्परता तथा संसाधनों की प्रचुरता की डींग हांकता अमेरिका हर ऐसे मौकों पर बुरी तरह विफल क्यों रहता है, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है? वह चाहे वियतनाम और अफगानिस्तान जैसे सैन्य मामले हों, कोरोना से होने वाली मौतें हों अथवा कैलीफोर्निया या दूसरे इलाकों के जंगलों में लगी भीषण आग। इस आग के बुझ जाने के बाद कोई गारंटी नहीं कि कहीं और ऐसी आग नहीं लगेगी। लगी तो इस घटना से सबक सीखा अमेरिकी इतना सतर्क होगा कि वह आग इस कदर नहीं फैलेगी, इतनी बड़ी बर्बादी नहीं होगी।

- इमेज

लॉस एंजिल्स के ग्रिफिथ पार्क में 1933 में लगी आग ने कैलिफोर्निया के करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। यही नहीं इससे पहले कैलिफोर्निया में पिछले 50 सालों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है, पर अमेरिका ने इससे कितना सबक लिया, उसकी क्या तैयारी थी, यह आज सबके सामने है। इस बार कैलिफ़ोर्निया में लगी आग की पिछले साल की आग से तुलना करें तो यह पांच गुना अधिक विकराल है। निकट भविष्य में अमेरिका ऐसी आग बुझाने के लिए पर्यावरण प्रिय तरीकों का इस्तेमाल करेगा, आग बुझाने के क्रम में और लगी हुई आग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसानों की वह पर्याप्त भरपाई कम से कम समय में कर सकेगा, यह उम्मीद भी तब संदेह के घेरे में आती है, जब यह देखा जा रहा हो कि वह समुद्री पानी और गुलाबी रसायन से आग को बुझाने तथा नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है जो घोषित तौरपर एक पर्यावरण विरोधी प्रयास हैं। अमेरिकी दावा कि उसकी तकनीक कुशलता सर्वश्रेष्ठ है, पर यह खामख्याली ही है क्योंकि अमेरिका में इससे पहले भी कई बार जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई है और उसने पिछली बार से अधिक नुकसान उठाया है। सवाल यह कि यदि धरती के महाशक्ति महाबली अमेरिका का इस मामले में यह हाल है, तो पूर्वी ऑस्ट्रेलिया जैसे अग्नि प्रवण क्षेत्रों अथवा बाकी विकसित और भारत जैसे विकासशील देशों का हाल क्या होगा और क्या वे एक अगुआ के बतौर संसार के देश अमेरिका से सीख ले भविष्य में इस जैसी परिस्थिति से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार हो सकेंगे? बड़ी बात यह है कि तमाम तकनीक और विशेषज्ञों के साथ साथ समुचित निगरानी व्यवस्थाओं के होते हुए भी अमेरिका अब तक तय नहीं कर पाया है कि आग लगी कैसे? उसके पास इस बात का कोई

साफ जवाब नहीं है। एक व्यक्ति को इस आरोप में गिरफ्तार किया गया कि उसने ही जंगल में आग लगाना शुरू किया। बताते हैं कि यह एक अवैध अश्वेत घुसपैठिया है। हालांकि पुलिस मानती है कि उसके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है, जांच जारी है। एक कंपनी बता रही है कि उसके सेंसर जो बिजली आपूर्ति के दौरान पेड़ की शाखाओं के तारों को छूने या हवा के चलते तारों के टकराने से उड़ने वाली चिंगारी की वजह से हुई खराबी का पता देते हैं, बताते हैं कि पैलिसेड्स में आग लगने से कुछ ही घंटे पहले 63 ऐसी खामियां थीं, और पूरे इलाके में 317 मामले दिखे जो सामान्य से बहुत ज्यादा हैं। सबब यह कि बिजली के शार्ट सर्किट के चलते यह आग लगी। स्थानीय अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स में आग लगने के पीछे सूखे मौसम की तरफ इशारा किया तो यहां के लोग इसके लिए तेज़ हवाओं को दोष दे रहे हैं, जिसकी रफ्तार कई बार 80 से 100 मील प्रति घंटा तक पहुंच जाती है। उधर अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से है। उधर दूसरे विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन सीधे दोषी नहीं, उसकी वजह से अमूमन अतिशय वर्षा भी होती है, असल बात यह कि जलवायु परिवर्तन हालात को बदल रहे हैं। इसकी वजह से आग लगी। आज भी अमेरिका इस समस्या और घटना के कारणों के प्रति स्पष्ट नहीं है तो स्थायी समाधान का क्या ही कहा जाए। विमानों से घरों और पहाड़ियों पर चमकीले गुलाबी रंग के अग्निरोधी रसायनों का छिड़काव किया जाना जो पानी की तरह तुरंत वाष्पित न होकर सतह पर बने रहकर आग लगने या जलने की प्रक्रिया को मंद कर देता है, इसमें अमोनियम पॉलीफास्फेट, कुछ दूसरे रसायनों के साथ उर्वरक मिला होता है। यह रसायन बाद में इंसानों और पर्यावरण पर बुरा असर डालेगा यह तय है। दूसरी तरफ आग बुझाने के लिए समुद्री खारे पानी का अतिशय इस्तेमाल सरल, सुलभ उपाय भले लगे लेकिन यह कालांतर में जंगल की जमीन को इतना नमकीन बना देगा कि वहां की रोगाणुरोधी जमीन में फिर कुछ और उगना मुश्किल होगा। सबब यह कि अपने संसाधनों और उन्नतशील सुविचारित वैज्ञानिक उपायों का ढिंढोरा पीटने वाला अमेरिका पर्यावरण की गड़बड़ी से उपजे संकट को दूर करने के नाम पर हताशा में प्रकृति को ही नष्ट करने वाले अदूरदर्शी फैसले ले रहा है। ऐसे में बाकी देश उससे क्या सीख ले सकते हैं? फिलहाल भारत में जहां तकरीबन 55 फीसद जंगल आग की चपेट में आते रहते हैं, अमेरिका जैसे दावानल की कोई आशंका नहीं है क्योंकि यहां शहर मैदानी इलाके में और अमूमन जंगलों से दूर बसे हुये हैं। पहाड़ों पर बसे शहर भी जंगल की आग की जद से किंचित सुरक्षित हैं क्योंकि आसपास के जंगल तेजी से साफ हुए हैं।

पंचांग

16 जनवरी 2025

विक्रम संवत्	-	2081
शक संवत्	-	1946
ऋतु	-	शिशिर
माह	-	माघ
पक्ष	-	कृष्ण
तिथि	-	तृतीया 28.07 तक
वार	-	गुरुवार
नक्षत्र	-	आश्लेषा 11.17 तक
योग	-	आयुष्मान 25.06 तक
करण	-	वणिज 15.40 तक
सूर्योदय	-	07.16 (मुंबई)
सूर्यास्त	-	06.20 (मुंबई)
सूर्योदय	-	07.28 (भीनमाल)
सूर्यास्त	-	06.13 (भीनमाल)
चंद्र राशि	-	कर्क 11.17 तक
अभिजित् मुहूर्त	-	12.26 से 13.10
राहु काल	-	14.11 से 15.34
व्रत, त्यौहार	-	श्री मुंडिया स्वामी पुण्य तिथि, भद्रा 15.40 से 28.07
दिशा शूल	-	दक्षिण

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल

महाकुंभ में दिखाई दे रहा 'संस्कृति का महाकुंभ'

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी के संगम पर महाकुंभ 2025 शुरू हो चुका है। इस महाकुंभ में सनातन धर्म के सभी संत महात्मा, अवधूत सन्यासी धूनी रमा चुके हैं। 16 जनवरी से संस्कृति के महाकुंभ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके लिए गंगा पंडाल में मुख्य मंच बनाया गया है। इस पंडाल में 10 हजार से अधिक दर्शकों के बैठने का इंतजाम है। इसी प्रकार यमुना और सरस्वती पंडाल के अलावा त्रिवेणी पंडाल में भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए गए हैं। यह सभी कार्यक्रम 24 फरवरी तक करीब सवा महीने अनवरत जारी रहेंगे। गंगा पंडाल में गुरुवार को काशी के ऋत्विक सान्याल के शास्त्रीय गायन से कार्यक्रम का आगाज होगा। वहीं पहली शाम शंकर महादेवन के सुरों से सजेगी। इसी प्रकार यमुना पंडाल में संस्कृत विद्यालय काशी के विद्यार्थी मंगलाचरण करेंगे। इसके बाद यहां आल्हा-बिरहा, नौटंकी आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें पद्मश्री रामदयाल शर्मा अपने 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को मंचित करेंगे। उधर, सरस्वती पंडाल में सौरभ बनौधा का बंसी वादन होगा तो श्वेता दुबे व श्रुति मालवीय भजनों की प्रस्तुति देंगी।

गंगा पंडाल बनेगा मुख्य मंच

इन सभी पंडालों में होने वाले कार्यक्रमों का मुख्य मंच गंगा पंडाल में होगा। इसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से सांस्कृतिक सुरों का अनवरत संगम होगा। भक्ति व विरासत के इस उत्सव में 10 हजार से अधिक दर्शक श्रद्धालु और कल्पवासी हिस्सा लेंगे। इसके लिए सेक्टर-1 के परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल बनाया गया है। वहीं दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल भी सज गए हैं।

आज के कार्यक्रम

गंगा पंडाल में प्रो. ऋत्विक सान्याल (वाराणसी) की ओर से शास्त्रीय/उप शास्त्रीय गायन होगा। इसके बाद विचत्रानंदा स्वेन (भुवनेश्वर) का ओडिशी नृत्य, कुशल दास (कोलकाता) का सितार वादन और शंकर महादेवन (मुंबई) व रविशंकर (उत्तर प्रदेश) का भजन/सुगम संगीत कार्यक्रम रखा गया हे। यमुना पंडाल में संस्कृत विद्यालय वाराणसी के बच्चे मंगलाचरण करेंगे।

गीता सार

आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा ।
कामरूपेण कौन्तेय दुष्पूरेणानलेन च ॥ (39)

भावार्थ

हे कुन्तीपुत्र!! इस प्रकार शुद्ध चेतन स्वरूप जीवात्मा का ज्ञान कामना रूपी नित्य शत्रु द्वारा ढका रहता है जो कभी भी तुष्ट न होने वाली अग्नि की तरह जलता रहता है।

तारीख विशेष

रामनरेश त्रिपाठी

रामनरेश त्रिपाठी प्राक्छायावादी युग के महत्त्वपूर्ण कवि थे, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम की कविताएं भी लिखीं। इन्होंने कविता के अलावा उपन्यास, नाटक, आलोचना, हिन्दी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास तथा बालोपयोगी पुस्तकें भी लिखीं। इनकी मुख्य काव्य



कृतियां हैं- 'मिलन, 'पथिक, 'स्वप्न तथा 'मानसी। रामनरेश त्रिपाठी ने लोक-गीतों के चयन के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी और सौराष्ट्र से गुवाहाटी तक सारे देश का भ्रमण किया। 'स्वप्न' पर इन्हें हिंदुस्तान अकादमी का पुरस्कार मिला। "हे प्रभो! आनन्ददाता ज्ञान हमको दीजिए" जैसा प्रेरणादायी गीत रचकर, प्रार्थना के रूप में स्कूलों में छात्रों व शिक्षकों की वाणी में बसे, महाकवि पंडित रामनरेश त्रिपाठी साहित्य के आकाश के चमकीले नक्षत्र थे। रामनरेश त्रिपाठी का जन्म ज़िला जौनपुर के कोइरीपुर नामक गांव में 4 मार्च, सन् 1881 ई. में एक कृषक परिवार में हुआ था। उनके पिता 'पंडित रामदत्त त्रिपाठी' परम धर्म व सदाचार परायण ब्राह्मण थे। पंडित रामदत्त त्रिपाठी भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर रह चुके थे, उनका रक्त पंडित रामनरेश त्रिपाठी की रगों में धर्मनिष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रभक्ति की भावना के रूप में बहता था। उन्हें अपने परिवार से ही निर्भीकता और आत्मविश्वास के गुण मिले थे। पंडित त्रिपाठी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल में हुई। जूनियर कक्षा उत्तीर्ण कर हाईस्कूल वह निकटवर्ती जौनपुर ज़िले में पढ़ने गए मगर वह हाईस्कूल की शिक्षा पूरी नहीं कर सके। पिता से अनबन होने पर अट्ठारह वर्ष की आयु में वह कलकत्ता चले गए। पंडित त्रिपाठी में कविता के प्रति रुचि प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करते समय जाग्रत हुई थी। वह कलकत्ता में संक्रामक रोग हो जाने की वजह से अधिक समय तक नहीं रह सके। रामनरेश त्रिपाठी ने 16 जनवरी, 1962 को अपने कर्मभूमि प्रयाग में ही अंतिम सांस ली।

सी-लाइफ

मृतजीव नहीं कीड़े मकोड़ों का शिकार करने वाली तितली मछली

के.पी.सिंह

सामान्य रूप से, उड़ने वाली मछलियों को दो भागों में बांटा जा सकता है- समुद्र की उड़ने वाली मछलियां और ताजे पानी की उड़ने वाली मछलियां। ताजे पानी की अर्थात् नदियों, तालाबों और झीलों की उड़ने वाली मछलियों में तितली मछली प्रमुख है। तितली मछली उष्णकटिबंधी अफ्रीका के दक्षिणी भाग में पाई जाती है। इसकी खोज सन 1876 में की गई थी। तितली मछली का जीव वैज्ञानिक नाम है-पेन्टोडोन बछोलजी। यह बड़े-बड़े तालाबों, झीलों तथा नदियों के रुके हुए पानी में सतह के नीचे पाई जाती है। अफ्रीका में इसे अमेजन और नाइजर नदियों के बेसिन में बहुतायत से देखा जा सकता है। यह अपना अधिकांश समय जलीय पौधों के मध्य व्यतीत करती है।

- इमेज

जीव वैज्ञानिकों के अनुसार तितली मछली उड़ नहीं सकती, लेकिन यह दो मीटर तक ऊंची छलांग लगा लेती है। कुछ समय पूर्व, पी.एच.ग्रनीवुड और के.एस. थामसन द्वारा तितली मछली के अध्ययन से संबंधित किए गए प्रयोग बड़े महत्त्व के माने जा रहे हैं। इन दोनों जीव वैज्ञानिकों ने तितली मछली को काटकर इसके आंतरिक अंगों का बड़ा ही सूक्ष्म और गहन अध्ययन किया तथा अनेक तथ्यों की खोज की। इन जीव वैज्ञानिकों के अनुसार तितली मछली की शारीरिक संरचना बड़ी अद्भुत थी तथा शारीरिक संरचना की दृष्टि से यह सभी मछलियों से अलग थी। तितली मछली के कंधों, छाती के मीनपंखों तथा इनसे संबद्ध मांसपेशियों की संरचना सर्वाधिक विचित्र थी। इस मछली की हड्डियां इतनी पतली थीं कि इसे काटते समय दोनों जीव वैज्ञानिकों को बड़ा सावधान रहना पड़ा। इसके कंधों के जोड़ चौड़े और चपटे थे तथा इनसे संबद्ध मांसपेशियां अत्यधिक विकसित थीं। छाती की मासपेशियां उड़ने वाले पक्षियों के समान थीं। तितली मछली के मीनपंखों की संरचना इस प्रकार थी कि वह सामान्य मछलियों के समान इन्हें मोड़कर अपने शरीर से नहीं चिपका सकती थी। इसके मीनपंख पक्षियों के

पंखों की तरह ऊपर-नीचे गति कर सकते थे। इन दोनों जीव वैज्ञानिकों ने तितली मछली का गहन अध्ययन करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि तितली मछली भले ही उड़ नहीं पाती, किंतु इसकी शारीरिक संरचना इस प्रकार की है कि यह सरलता से उड़ सकती है।

तितली मछली एक छोटी मछली है। इसकी लंबाई 8 सेंटीमीटर से 12 सेंटीमीटर तक होती है। तितली मछली का शरीर नाव के आकार का होता है। यह ऊपर से चपटी और नीचे से गोलाई लिए हुए होती है। इसका रंग धूसर हरे से लेकर कत्थई रूपहले तक होता है तथा इसकी पीठ एवं बगलों पर कत्थई अथवा गहरे हरें रंग के धब्बे और रेखाएं होती हैं। तितली मछली का मुंह बड़ा होता है और ऊपर की ओर उठा रहता है। इसके नथुने लंबे और ट्यूब के आकार के होते हैं।

तितली मछली का प्रमुख भोजन नदियों, तालाबों और झीलों में पाए जाने वाले छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े हैं। इसके साथ ही यह पानी की सतह पर गिरने वाले कीड़े-मकोड़े भी खाती है। तितली मछली का समागम और प्रजनन बहुत रोचक होता है। यह एक ऐसी मछली है, जिसमें प्रायः भ्रामक समागम देखने को मिलता है, अर्थात् नर और मादा दोनों समागम कि स्थिति तो बना लेते हैं, किंतु समागम नहीं करते। भ्रामक समागम के समय मादा तितली मछली की पीठ पर नर चढ़ जाता है और अपने छाती के मीनपंखों की फिनरेज द्वारा मादा को कसकर जकड़ लेता है। यह स्थिति कई-कई घंटों तक बनी रहती है, किंतु इसके बाद भी प्रायः समागम नहीं होता। तितली मछली में आंतरिक समागम होता है, समागम के समय नर के पेट के मीनपंख के बीच की फिनरेज लंबी और ट्यूब जैसी हो जाती है। इसी से नर की पहचान होती है। दोनों समागम के समय अपने अपने शरीर को मोड़कर इस प्रकार की स्थिति बना लेते हैं कि इनके प्रजनन अंग एक दूसरे के सामने आ जाएं।

तितली मछली के निषेचित अंडे बहुत हल्के होते हैं एवं मादा के शरीर से निकलते ही पानी की सतह पर आ जाते हैं तथा तैरते रहते हैं। इनसे बच्चे निकलने का समय पानी के तापक्रम पर निर्भर करता है। सामान्यतया इन अंडों के लिए 30 डिग्री सेल्सियस तापक्रम आदर्श होता है। आदर्श तापक्रम पर तीन दिन में अंडों के आवरण फट जाते हैं एवं इनसे तितली मछली के छोटे-छोटे बच्चे निकल आते हैं। तितली मछली के अंडों के समान ही इसके बच्चे भी पानी की सतह पर तैरते रहते हैं तथा ये जन्म लेते ही भोजन लेना आरंभ कर देते हैं। इनका प्रमुख भोजन स्प्रिंग टेल, ग्रीन फ्लाई जैसे अत्यंत छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े हैं। तितली मछली के बच्चे कुछ समय बाद बड़े हो जाते हैं और वयस्क तितली मछली के समान जीवन आरंभ कर देते हैं। तितली मछली मृतजीव अथवा मृतजीवों का मांस कभी नहीं खाती। यह जीवित कीड़े-मकोड़ों का शिकार करती है और उन्हें ही खाती है।

-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

पाठक पाती

मार्क जुकरबर्ग का विवादास्पद बयान

मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग द्वारा पिछले साल लोकसभा चुनाव से जुड़ी गलत जानकारी शेयर करना निंदनीय है। 'द जो रोगन एक्सपीरियंस' नामक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने कहा कि 2024 दुनिया के लिए उथल-पुथल का समय रहा, जिसमें भारत में हुए लोकसभा चुनाव में मौजूदा सरकार को हार का सामना करना पड़ा। जबकि ऐसा नहीं हुआ है, सबको पता है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के जनता ने दोबारा एनडीए सरकार को चुना है। इसके बावजूद जुकरबर्ग ने ऐसा कैसे कह दिया, यह समझ से परे है। इस पर संसदीय कमेटी के चैयरमेन और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जुकरबर्ग के इस गलत टिप्पणी से भारत देश की छवि धूमिल हुई है। मार्क जुकरबर्ग को भारतीय संसद और नागरिकों के सामने क्षमा मांगना होगा।

-संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

बोले तो...

यदि आप यह समझ रहे हैं कि हम भाजपा और आरएसएस जैसे राजनीतिक संगठनों से लड़ रहे हैं तो यह गलत है। इन दोनों ने देश के हर संस्थान पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं।

- राहुल गांधी

कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को बढ़ावा देने का रहा है, जो एक कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। लेकिन भारत के लोग समझदार हैं।

- जेपी नड्डा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'आप' अपने दम पर लड़ रही है, कांग्रेस अपने दम पर लड़ रही है, वामपंथी दल जहां भी लड़ने में सक्षम हैं, वहां लड़ रहे हैं और अन्य दलों में से कुछ दलों ने 'आप' को समर्थन देने की घोषणा की है। इसलिए, यह एक फैक्ट है कि इंडिया ब्लॉक विभाजित है।

- डी राजा

कुछ अलग | अजब गजब

सिर पर उगी फसल से सभी हैरान, अनाज वाले बाबा ने खुद रहस्य से उठाया पर्दा

महाकुंभ मेले को दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। यह मेला हर बार अपनी अद्वितीय घटनाओं और अजब-गजब बाबाओं के कारण सुर्खियों में रहता है। इस बार एक 'अनाज बाबा' अपने सिर पर उगती हरी फसल के कारण महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं से लेकर सोशल मीडिया पर लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। 'अनाज बाबा' के सिर पर उगी फसल ने संगम नगरी पहुंचे श्रद्धालुओं से लेकर सोशल मीडिया के दर्शकों के बीच जिज्ञासा पैदा कर दी है। कई यूट्यूबर और इन्फ्लुएंसर्स ने इस घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिससे अनाज बाबा और भी फेमस हो गए। लेकिन बाबा का गुस्सा तब सातवें आसमान पर चला गया, जब कुछ यूट्यूबर्स ने उनसे सिर से कपड़ा हटाने की डिमांड कर दी। बाबा इस कदर भड़के कि पूछिए ही मत। यूट्यूबर को उल्टे पांव वहां से दौड़ लगानी पड़ गई। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसे

देखकर लोगों ने साधु-संतों को बेवजह परेशान करने पर यूट्यूबर को खूब खरी-खोटी सुनाई थी।

अनाज बाबा ने सिर से कपड़ा हटाकर दिखाया

हालांकि, बाद में अनाज बाबा ने खुद ही इस रहस्य से पर्दा उठाते हुए दिखाया कि उन्होंने अपने सिर के ऊपर वाकई में हरी फसल उगा रखी है। 30 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर अपलोड हुए इस वीडियो को अब तक करोड़ों बार देखा जा चुका है, जबकि कमेंट बॉक्स में इंटरनेट यूजर्स उनकी विशेषता की सराहना करते हुए उनके प्रति आदर व्यक्त कर रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स बाबा के इस खुलासे के बाद उन्हें 'हिंदू धर्म का गौरव' बताते हुए उनकी जमकर सराहना कर रहे हैं। बताया जाता है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनसे आशीर्वाद लेने के लिए आ रहे हैं।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

भगवान श्रीकृष्ण से सीखें संस्कार : डॉ. सुरेश शास्त्री

धौलपुर। श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को भागवत व्यास डॉ. सुरेश शास्त्री ने वामन अवतार, प्रह्लाद चरित्र और भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुनकर सभी श्रोता भक्ति में लीन हो गए। सन्त सेवकदास महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित कथा में उन्होंने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं। उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भागवत व्यास डॉ. शास्त्री ने पहले धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने प्रह्लाद चरित्र पर चर्चा करते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया। तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है। यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपनी आंखें खोली। और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। हिरणकश्यप के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण करके प्रगट हुए। भगवान नरसिंह ने अत्याचारी दैत्य हिरण्याक्ष को पकड़ कर उदर चीर कर वध किया। उन्होंने कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि जब धरा पर मथुरा के राजा कंस के अत्याचार अत्यधिक बढ़ गए, तब धरती की करुण पुकार सुनकर श्री हरि विष्णु ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया। इसी प्रकार त्रेता युग में लंकापति रावण के अत्याचारों से जब धरा डोलने लगी तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जन्म लिया, ऐसे तमाम प्रसंग श्रोताओं को सुनाएं, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता भक्ति भाव में तल्लीन हो गए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। कथा के दौरान भजन गायक वीरेश दंडौतिया, संगीत शर्मा, दरोगा गौड, रिंकू, नितेन्द्र आदि ने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा की समाप्ति पर मंदिर के महंत मनोजदास महाराज सहित रामस्वरूप शर्मा, मुकेश सूतैल, कृष्ण शुक्ला, रामप्रकाश गुर्जर, त्यागी बाबा, भरोसी बाबा, जगदीश निषाद, गंगा सिंह, विनोद शर्मा, धीरू पार्षद, रामावतार कुशवाह, गोविंद सेठ, सतीश सविता, भूपेंद्र गुर्जर आदि भक्तजनों ने कथापीठ की आरती की और प्रसादी का वितरण किया।

रजत जयंती बसंतोत्सव 22 से

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। ढांढण धाम में अखिल भारतीय बसन्तोस्तव परिवार की ओर से रजत जयंती बसंतोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीढांढण शक्ति भक्त मण्डल चूरू के पदाधिकारी ने बताया कि दादीजी की दिव्य ज्योत रथ यात्रा के माध्यम से सम्पूर्ण भारत भ्रमण करते हुए 21 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे चूरू श्रीधोली सती दादी मंदिर, पंखा रोड पहुंचेगी। जहा से शोभायात्रा के रूप में मुख्य बज़्ज़ार होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी एवं सांय विशाल भजन संध्या का आयोजन श्री राम मंदिर में ही होना सुनिश्चित हुआ है।इसी क्रम में ज्योत यात्रा आने के पश्चात दोपहर 01 बजे श्री धोली सती दादीजी मंदिर से शोभायात्रा रवाना होगी जो कि जौहरी सागर, सुभाष चौक, घंटाघर, गढ़ चौराहा, रामगढ़िया दरवाजा, आलोक सिनेमा होते हुए श्री राममंदिर लगभग 05 बजे पहुंचेगी। श्री राम मंदिर आने के पश्चात सांय 06 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध गायक कलाकार भजनों से प्रस्तुति देंगे। शोभायात्रा में गौ माता, उंट, घोड़ी, देश के प्रसिद्ध महाराष्ट्र के ढोल बैंड वादक, मनमोहक झांकियां होगी। श्री टीडा गेला दादीजी की ज्योत यात्रा गत 11 दिसंबर को श्री दाढ़ण धाम से रवाना हुई थी एवं अग्रोहा, पानीपत, दिल्ली, वृंदावन, मथुरा, कानपुर, वाराणसी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सिलीगुड़ी, बंगाईगांव, उदालगुडी, इटानगर, डिब्रूगढ़, जोरहाट, नौगांव, कंकीधाम, कोलकाता, टाटानगर, रांची, सम्बलपुर, रायपुर, बिलासपुर, कटनी, भोपाल, उज्जैन, हैदराबाद, अनंतपुर, बेंगलुरु, बेलगाम, पुणे, मुम्बई, सुरत, अहमदाबाद, पाली, किशनगढ़, नावां, जयपुर, लक्ष्मणगढ़, चुरु, रतनगढ़, फतेहपुर होते हुए रोलसाबसर पहुंचेंगी। आगामी 23 जनवरी 25 को रोलसाबसर से विशाल पदयात्रा के रूप में हजारों भक्तों, हाथी, घोड़े, ऊट, भजन प्रस्तुत करते विख्यात गायकवृंद से सुसज्जित लवाजमा एवं मनोरम झांकीयों के साथ श्रीटीडा गेला दादीजी के परम धाम ढ़ाढण पहुंचेंगी। 24 से 26 जनवरी को मैया के धाम में विराट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें विश्व विख्यात गायकवृंद कविता पोडवाल, अनुप जलोटा, लखबीर सिंह लख्खा, किशन भगत आदि श्री दादीजी के दरबार में शामिल होंगे। श्रीदादीजी के दरबार श्रीशक्ति मंदिर को कोलकाता से विशेष कलाकारों द्वारा नित्य नए विभिन्न फूलों का श्रृंगार से सुसज्जित करेंगे एवं अद्भुत श्रृंगार दर्शनार्थ प्रस्तुत करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 16 जनवरी गुरुवार को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर अटल जन सेवा केंद्र में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया जायेगा।

दो स्थानीय अवकाश किए घोषित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले में कैलेंडर वर्ष 2025 ग्रेगोरियन ई. शक संवत 1946-47 के दौरान देवछठ मचकुंड मेला 29 अगस्त एवं करवा चौथ 10 अक्टूबर का स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

गेहूं खरीद को किसान कराएं पंजीकरण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद 10 मार्च से 30 जून तक किया जायेगा। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का कार्य ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा एवं इसके लिये राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। पोर्टल का लिंक खाद्य विभाग की वेबसाइट पर गेहूँ खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन नाम से उपलब्ध है। खरीद हेतु किसान पंजीकरण का कार्य 1 जनवरी से प्रारंभ कर दिया गया है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों ने गायों को खिलाया गुड़

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल का जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने हनुमानगढ़ी गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर मनाया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत मेघवाल ने बताया कि गाय सेवा करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इसलिए हर मनुष्य को अपने जीवन में गाय की सेवा करनी चाहिए। गाय की सेवा करने से मन को शांति मिलती है। सेवाभाव से किया कार्य कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र कंवल, मोर्चा महामंत्री दीनदयाल खारडिया, उपाध्यक्ष किशोर सातड़ा, जिला मंत्री नितिन हठवाल, मंडल अध्यक्ष अमित कंवल, कुलदीप कंवल आदि मौजूद रहे।

महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को करें लाभान्वित : सीएमएचओ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। ब्लॉक देवगढ़ एवं भीम में सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय समीक्षाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। सीएमएचओं ने प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं पर चर्चा कर जरुरमंद को लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने आभा आईडी बनाने, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में रजिस्ट्रेशन करवाने, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में ईकेवाईसी एवं कार्ड वितरण करने, पीएमजेएवाई योजना के तहत वय वंदन कार्ड, मां वाउचर योजना पर चर्चा की। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत लक्ष्यों को पूरा करने तथा कार्यक्रम पुरूषों की सहभागिता के लिए सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को निर्देशित किया कि चिकित्सा संस्थान पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ओपीडी में गैर संक्रामक रोगो की रोकथाम के लिए हैल्थ स्क्रीनिंग, आभा आडी बनाने, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में रजिस्ट्रेशन का कार्य अनिवार्य रूप से तत्काल शुरू किया जाए।

क्षतिग्रस्त लाइन की 20 दिन बाद भी नहीं की मरम्मत

जागरुक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद/चारभुजा। कस्बे में प्रतिदिन हजारों लीटर व्यर्थ पानी बहने के बावजूद भी विभाग द्वारा अनदेखी की जा रही है । चारभुजा के ब्राह्मणों का चौक रास्ते पर जैन मंदिर के पास नवनिर्मित बनने जा रहे हैं उपासरा की जमीन पर कार्य के चलते खुदाई के तहत विभाग की 6 इंच लाइन 20 दिन पूर्व कार्य के दौरान जेसीबी से टूट गई थी। जहां पर 5 दिनों तक कस्बे में सप्लाई बाधित रही। इसके बाद कार्मिकों ने इसकी मरम्मत तो की। लेकिन, लीकेज को दुरस्त नहीं किया गया। जिससे 20 दिन बाद बुधवार को पुन: एक बार लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जहां पर हजारों लीटर पानी व्यर्थ बन गया। जैन समाज के ट्रस्टियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से लाइन की अनदेखी करने से उनमें काफी रोष व्याप्त है।

विधायक माहेश्वरी ने लिया प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग

जागरुक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। राजनगर की सेन कॉलोनी स्थित नागेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित पंच दिवसीय नागेश्वर महादेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। उन्होंने नव निर्मित भव्य शिव मंदिर का अवलोकन किया और शिव परिवार की परम पवित्र मूर्तियों का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। विधायक माहेश्वरी ने सभी को भव्य धार्मिक अनुष्ठान की शुभकामनाए प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों का संरक्षण होता है और समाज को एकजुट होकर आध्यात्मिक प्रेरणा मिलती है।

पेंशनर समाज प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। राजस्थान पेंशनर समाज की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक प्रदेश कार्यालय जयपुर में मंगलवार को आयोजित की गई जिसमें सरकार के समक्ष प्राथमिकता से रखी जाने वाली प्रमुख मांगों का मांग पत्र तैयार करने, पेंशनर समाज के संविधान में संशोधन करने, मासिक पत्रिका के प्रकाशन व वितरण, पूर्व न्यायाधीश डी. एस. नकारा की मूर्ति स्थापित करने आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये जिला अध्यक्षों व उनके प्रतिनिधियों ने चर्चा में भाग लिया एवं सुझाव दिये। चूरू के जिला सचिव पूरनमल सोनी ने चर्चा में भाग लेते हुए जिले के पेंशनरों की समस्याओं को रेखांकित करते हुए शीघ्र समाधान करवाने का आग्रह किया। जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर ने मासिक पत्रिका के वितरण के सम्बन्ध में उपयोगी सुझाव दिए। प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर एवं प्रदेश महामंत्री किशन शर्मा ने जिले के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर शीघ्र समाधान करवाने में सहयोग करने तथा मांग पत्र में शामिल करने का आश्वासन दिया। चूरू जिले के प्रतिनिधियों में पेंशनर सत्येंद्र कुमार शर्मा भी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा रिफ्लेक्टर टेप लगाकर दी जानकारी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। सड़क सुरक्षा माह-2025 'परवाह' के कार्यक्रमों के अंतर्गत चूरू शहर में संचालित गैर परिवहन यानों, तिपहिया वाहनों, घोड़ा गाड़ियों एवं उंट गाड़ियों पर एसडीएम विजेन्द्र सिंह के निर्देशन में परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम द्वारा रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये। जिसमें परिवहन निरीक्षक कन्हैयालाल यादव, गार्ड राकेष कस्वां, जितेन्द्र ढ़ाका एवं चालक विजय कुमार सैनी मौजूद रहे। इसी क्रम में आज ढ़ाढ़र टौल प्लाजा पर नि:शुल्क नेत्र जांच षिविर का आयोजन सालासर टोल रोड़ प्रालि एवं परिवहन विभाग के सहयोग से किया गया। जिसमें चालकों की नेत्र जांच, नि:शुल्क मलम कतवचे व अन्य औषधियां वितरित की गई। वाहन चालकों को चष्मे के नम्बर भी दिये गये। नेत्र जांच षिविर में डॉ. प्रषांत कुमार, नेत्र विषेषज्ञ राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल चूरू, डॉ. अभिमन्यू चौहान, नेत्र विषेषज्ञ सी.एच.सी. रतननगर चूरू व पैरामेडिकल टीम टोल प्लाजा ढाढर ने अपनी सेवायें दी। इस कार्यक्रम में परिवहन निरीक्षक कन्हैयालाल यादव, टोल प्लाजा मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, आर.पी.ओ जितेन्द्र सिंह शेखावत, रोड सेफ्टी ऑफिसर टोल प्लाजा ढाढर प्रदीप कुमार माथुर एवं समस्त टोल कर्मी एवं परिवहन विभाग के संविदा गार्ड मौजूद रहे।

130 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण

चूरू। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कबीर उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू व अणुव्रत समिति चूरू के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गरम स्वेटर वितरित किए गए। रेड क्रॉस सोसाइटी के जगदीश शर्मा ने बताया की समिति अध्यक्ष अभिषेक सुराणा जिला कलेक्टर की प्रेरणा से विद्यालय के 130 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, बिजेंद्र दाधीच सहायक निदेशक शिक्षा विभाग व अणुव्रत समिति की संयोजिका रचना कोठारी, चांद छाजेड़, महेंद्र पारख, एडवोकेट ताहिर खान, संजय बरडिया व लोकेश कोठारी विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर बड़ी मात्रा में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विद्यालय की प्रभारी कुंतेश सोनी ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा करवाए गए। इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

जागरुक टाइम्स संवाददाता

फुलेरा। स्थानीय पुलिस ने एक वर्ष पूर्व कस्बा फुलेरा में घर में घुसकर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि 02 जून 2024 को परिवादी ने थाने पर लिखित में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई कि प्रार्थी नाथूलाल निवासी फुलेरा के मकान मे किराये रहता है । तथा परिवार सहित अपने घर झुन्झुनू गया था। 02 जून 2024 को सुबह पड़ोसी सूचित किया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है । जिस पर उन्होने मकान मालिक तथा पुलिस को तुरंत सूचना दी। जब मैं घर पहुंचा तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था और अन्दर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था तथा सभी कमरो के ताले टूटे हुए थे। चोर होण्डा एक्टिवा स्कूटी व लेपटॉप तथा 3500 रूपये नकद चुराकर ले गये। रिपोर्ट पर पूलिस

थाने पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए विशेष अभियान को मध्यनजर रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामिण रजनीश पूनियां आरपीएस, वृताधिकारी वृत सांभरलेक अनुपम मिश्रा आरपीएस के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा बाबुलाल उप निरीक्षक के नेतृत्व में प्रकरण में माल मुल्जिमान की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनकी सहायता द्वारा चोरी करने वाले वांछित आरोपी का पता लगाया तो प्रकरण में दीपक कुमार वर्मा पुत्र श्री बनवारीलाल जाति बलाई उम्र 22 साल निवासी पापडी थाना विराटनगर जिला कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा चोरी करना पाया गया जो वर्तमान में जेल में होने से प्रोडक्शन वारण्ट पर जेल से प्राप्त कर बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। चोरी हुई स्कुटी को 07 जनवरी 2025 को पुलिस थाना अजीतगढ से तस्वर जप्ती जप्त किया जा चुका है। मुल्जिम दीपक कुमार वर्मा पुत्र बनवारी लाल जाती बलाई उम्र 22 सालनिवासी पापड़ी थाना विराटनगर जिला कोटपूतली पुर्व मे भी चोरी के प्रकरणों मे गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, राजस्थान के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

जागरुक टाइम्स संवाददाता

धौलपुर। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, आरएसएलडीसी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना राज्य के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है। यह योजना न केवल युवाओं को रोजगार के योग्य बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रही है। आरएसएलडीसी के नेतृत्व में इस योजना के तहत राजस्थान के कोने-कोने में कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां युवाओं को उभरते हुए औद्योगिक क्षेत्रों के अनुरूप आधुनिक और प्रासंगिक कौशलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह योजना राज्य के युवा वर्ग के लिए रोजगार के बेहतर अवसर खोलने में मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तीन प्रमुख कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। राजविका के तहत 223 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 123 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है. और योजना का लक्ष्य 30,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है। सक्षम के लिए 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 62 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसका उद्देश्य 12,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है। समर्थ में 241 आवेदन प्राप्त हुए है, और 159 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसके तहत 8,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। एजेंसियों के लिए उच्च मानदंड: आरएसएलडीसी द्वारा इस योजना में भाग लेने वाली एजेंसियों के लिए उच्च मानदंड निर्धारित किए गए हैं। एजेंसियों के औसत वार्षिक टर्नओवर और सक्रिय कौशल विकास केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है। साथ ही ग्रीन जॉब्स पर्यावरण संबंधित नौकरियां, फ्यूचर स्किल्स भविष्य के कौशल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी पर्यटन और आतिथ्य, हैंडीक्राफ्ट्स हस्तशिल्प और फूड प्रोसेसिंग खाद्य प्रसंस्करण जैसे उभरते क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जा रही है। है। केवल वही एजेंसियां आवेदन कर सकती हैं जो इन क्षेत्रों में गहन अनुभव रखती हों और उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग प्रदान कर सकें। मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था इस योजना के तहत प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की मॉनिटरिंग आईपी कैमरों के माध्यम से की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी केंद्रों में गुणवत्ता वाली शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। यह मॉनिटरिंग सिस्टम आरएसएलडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हर एक युवा को बेहतरीन प्रशिक्षण मिले और वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकें।

युवाओं के लिए योजना के लाभ : मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार और आजीविका के नए अवसर मिलेंगे। इस योजना के जरिए न केवल युवाओं को उन्नत कौशल प्रदान किए जाएंगे, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी हर संभव प्रयास किया जाएगा।

स्व.गुड्डी जोशी की पुण्य स्मृति में की साधुओं और गौवंश की सेवा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

चूरू। गुड्डी जोशी की पुण्य स्मृति में आज देव किशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में रघुनाथ प्रसाद जोशी परिवार द्वारा ताल वाले बालाजी मंदिर के अन्नक्षेत्र में साधुओं को मिठाई व भोजन वितरण किया गया। स्थानीय अन्नपूर्णा रसोई मे लाभार्थियों को निशुल्क भोजन तथा श्री कृष्ण पिंजरापोल गौशाला मैं गायों को लापसी खिलाई गयी एवं चूरू रोड़ पिंजरापोल गौशाला में चारे की एक पिकअप का सहयोग किया गया। गौशाला स्टाफ ने सभी का स्वागत करते हुए गौसेवा के लिए जोशी परिवार का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर समिति के सीताराम जगिड़, सीताराम शर्मा, नरोत्तम लाल सोनी, योगाचार्य सांवरमल जांगिड़, अनूप जोशी, जितेन जोशी, देवेंद्र यादव, वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा, दिनेश भाटी, राधेश्याम पारीक, रणजीत चौधरी, सी ए अरुण शर्मा, सचिन शर्मा, अशोक रांकावत, मनोज इंदौरिया, रामदेव पारीक, डॉक्टर हंसराज सुथार, लक्ष्मीनारायण सोनी, गजेन्द्र शर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

शिविर का जिला कलक्टर ने किया शुभारंभ

टोल प्लाजा पर जांची वाहन चालकों की आंखें: कमजोर आंखों वालों को दिए चश्में, बीपी और शुगर भी जांचा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही/पोसालिया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय की ओर से 1 से 31 जनवरी तक परवाह थीम के साथ देश भर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को उथमण टोल प्लाजा पर जिला कलेक्टर अल्पा चोधरी ने चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। जिला कलक्टेर चोधरी ने वाहन चालकों के स्वास्थ्य व आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का अवलोकन करते इस पुनित कार्य की सराहना की तथा उन्होंने कहा कि वाहन चालकों का स्वास्थ्य अच्छा रहने एवं आंखों में किसी प्रकार की समस्या न रहने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

उन्होंने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से आमजन में सुरक्षित यातायात के प्रति परिवहन, पुलिस एवं टोल प्लाजा के अधिकारियो को सडक सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी देकर वाहन चालकों को जागरूक करने की बात कही। उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र ने कहा कि ड्राइवरों द्वारा हाईवे पर लंबी दूरी की यात्रा करने के कारण ऑखों व स्वास्थ्य की अन्य समस्याओं से ग्रसित होने पर इलाज में देरी हो जाती है उन्होंने इस शिविर की सराहना की। पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि हाईवे पर वाहन चलाने वाले ड्राइवर की अर्थव्यवस्था के संवर्धन में मुख्य भूमिका है। जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी ने वाहन चालकों की आंखों में स्वास्थ्य समस्या के कारण कई बार हाईवे पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए इन कैंपों का आयोजन समय-समय पर किया जाना बेहद उपयोगी है। शिविर में 160 वाहन चालकों ने पंजीयन करवाया जिसमें 116 वाहन चालकों की आंखों की जांच कर 72 को चश्में वितरित किए गए।

ये रहे मौजूद

प्रिंसिपल कैंसल्टेंट इन्टरीश अनूप राठौड़, ऑपरेशन मैनेजर संजय मारवाड़ी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साइट इंजीनियर मानव, स्वतंत्रता इंजीनियर विभाग के एसके सिन्हा, टोल प्लाजा मैनेजर संदीप शर्मा, पालडीएम के थानाधिकारी हुकमसिंह, परिवहन निरीक्षक पुष्पेन्द्रसिंह व गुलाबसिंह, रूट ऑपरेशन मैनेजर मूलचंद खींची, पेट्रोलिंग टीम के छगन मीणा, जितेंद्र कुमार, भरत कुमार, भंवरलाल, सुरेश कुमार, श्रवणसिंह, विनोद कुमार, खीमाराम, जितेंद्र,परवीन कुमार, सुरक्षा अधिकारी आर्यनसिंह व उन्नति ऑर्गेनाइजेशन की टीम उपस्थित रही।

चोरी की वारदात का राजफाश करवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

उथमण के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को दिया ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। हल्की सर्दी की दस्तक के साथ ही चोर सक्रिय हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरियों की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है। चोर मंदिर एवं सूने मकानों में धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। उथमण में भी चोरों ने मंदिर एवं चार पांच घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस पर बुधवार को पूर्व जिला प्रमुख अन्नाराम बोराणा के नेतृत्व में शिवगंज उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर चोरी की वारदात का राजफाश करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव के उत्मेश्वर महादेव मंदिर समेत चार पांच घरों में ताले तोड़कर लाखों के आभूषणा, नकदी एवं मोबाइल गायब कर दिए है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने पालड़ी एम थाने में मामला दर्ज कर वारदात का राजफाश के लिए फरियाद लगाई थी। जिस पर उप अधीक्षक ने इन वारदातों का खुलासा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन, आज दिन तक वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। गांव में सात जनवरी की रात को भोपालसिंह पुत्र भेरुसिंह भाटी, मालाराम पुत्र सांकलाराम कुम्हार, सवाईसिंह पुत्र जयसिंह बालिया, गलबाराम पुत्र समाराम मीणा के घर में चोरी हुई थी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी की समय पर चोरी की वारदात का राजफाश नहीं किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे।

पैलेस रोड पर गैस पाइपलाइन फूटने से आग लगी, बड़ा हादसा टला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। सरकेएम विद्यालय के बाहर मंगलवार देर रात को मरम्मत कार्य को लेकर खुदाई के दौरान गैस लाइन फूटने से आग लग गई। देखते देखते आग विकराल रुप लिया। इधर, रात को तेज हवा होने के कारण आग का वेग और बढ़ने लगा। इससे इस मार्ग पर काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल दमकल एवं गुजरात गैस कंपनी को सूचित किया। दमकल विभाग और गैस कंपनी के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत से करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। गैस कंपनी कार्मिकों ने देर रात को पाइपलाइन को दुरस्त किया गया। दोपहर को यह हादसा होतो तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे एवं यहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों के चपेट में आने का अंदेशा बढ़ जाता। गैस लाइन में आग लगने की यह करीब तीसरी घटना है।

मानसी गोस्वामी ने भारत को दिलाया गोल्ड मेडल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

रेवदर। रेवदर उपखंड क्षेत्र के पालड़ी खेड़ा निवासी 19 वर्षीय मानसी गोस्वामी पुत्री गोकुलपुरी गोस्वामी ने हाल ही में नेपाल में आयोजित आठवीं इंडो नेपाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्णपदक जीता। मानसी ने क्रिकेट अंडर-19 में खेलते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। इसके साथ ही मानसी ने राष्ट्रीय स्तरीय पर टूर्नामेंट उत्तराखंड में खेला। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। कोच भरत कुमार कोली व अनुज शर्मा व परिवार जनों का विशेष सहयोग रहा। मानसी अभी सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय आबूरोड में अध्यनरत है।

पढ़ाई के साथ खेलकूद भी बच्चों के विकास के लिए है जरूरी: चौधरी

खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में झलका उत्साह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। संभाग स्तरीय केजीबीवी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन केजीबीवी जावाल में किया गया। जिसमें जालोर, पाली एवं सिरोही की जूनियर एवं सीनियर वर्ग की कुल 321 बालिकाओं ने भाग लिया। बुधवार को जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि गणपतलाल ओझा, शैतानसिंह रावणा, पुनीत अग्रवाल, कालूराम घांची एवं रमेश टेलर तथा पर्यवेक्षण में ईश्वरलाल पुरोहित तथा केजीबीवी की संस्था प्रधान अनीता मीणा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बालिकाओं को पढाई के साथ-साथ खेल भी अनिवार्य रूप से खेलने की बात कही। विभिन्न गतिविधियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाली बालिकाओं को जिला कलेक्टर सहित अतिथियों एवं भामाशाहों द्वारा पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं के लिए समस्त भामाशाहों के द्वारा भोजन एवं पुरस्कार, अल्पाहार, जलपान एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए नोडल प्रधानाचार्य शोभा चारण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। एडीपीसी सिरोही ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर समस्त निर्णायकगण एवं भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यशाला में दी पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी

सिरोही। जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में स्वास्थ्य भवन के सभागार में पीसीपीएनडीटी अधिनियम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक देवकिशन छंगाणी ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य अधिनियम तहत पंजीकृत केन्द्रों को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 की जानकारी उपलब्ध कराना एंव अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन किया जाना है। उन्होंने प्रशिक्षण मे पीसीपीएनडीटी अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग से योगेन्द्र देथा ने बताया कि राजस्थान लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत सरकार प्रदेश की हर बेटी को जन्म से लेकर 21 वर्ष तक पूरे 7 किश्तों में 1 लाख रुपए देगी। 1 अगस्त 2024 और उसके बाद जन्मीं बालिकाओं के लिए यह योजना मान्य है। जिला आईईसी समन्वयक दिलावर खां, कल्पेश खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

वालंटियर प्रशिक्षण का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कालंद्री। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हालीवाड़ा की पीईईओ अधीन विद्यालय राउप्रावि सिरोड़की, रेबारी गोलुआ सिरोड़की, राप्रावि डूंगरपूरा में विभाग के समयानुसार वालेंटियर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें दक्ष प्रशिक्षक नवाराम मेघवाल ने प्रशिक्षण माड्यूल की सहायता से समस्त विद्यालयों में वॉलेंटियरो को उनके कार्यों का महत्तव, शिक्षा कार्यकर्मों मे भूमिका, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों मे सहभागिता सुनिश्चित करने एवं विद्यालय विकास के लिए भामाशाहों से संपर्क स्थापित करने आदि की जानकारी दी गई।

मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सरुपगंज। भाजपा के नवनियुक्त नितोड़ा एवं सरुपगंज मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया। नितोड़ा मंडल अध्यक्ष बालकीदेवी गरासिया एवं सरूपगंज मंडल अध्यक्ष अरविंदसिंह देवड़ा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गरासिया ने सभी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वह भाजपा की नीतियों को आमजन तक पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता को भाजपा से जोड़ने एवं युवाओं के लिए कार्य के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगी। पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपाराम देवासी, पवन कुमार, ताराराम चौधरी, भूराराम कलबी, सलीम खान, मनीष प्रजापत, जयंतीलाल माली, सुमित्रा कुंवर, गोरधन मोहरेशा, सूरमाराम गरासिया, खुशवंतसिंह, जितेंद्रसिंह, अशोक मीणा, प्रेमाराम चौधरी, समेत मौजूद रहे।

संक्रांति पर किया दान पुण्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पिण्डवाड़ा। मकर संक्रांति पर सेवा प्रकल्प की ओर से काटल में 400 किलो खाद्य सामग्री एवं अन्य जरूरत की घरेलू सामग्री वितरित की गई। सेवा प्रकल्प प्रभारी गोविन्दसिंह चौधरी ने बताया की परिषद की ओर से समय समय पर ऐसे निर्धन व असहाय परिवार का सहयोग किया जाता रहा है। डा0 दिनेश पुरोहित, शाखा सचिव भवरेश प्रजापत, कोषाध्यक्ष विमल रावल, विजय प्रकाश गौतम, महेश ओझा, विजयराज सोनी, भेराराम कुम्हार, लक्ष्मी नारायण, मनोहरलाल, सुखराज खण्डेलवाल,जैसाराम भील का सहयोग रहा। इसी तरह मकर संक्रांति पर राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा वर्धमान संस्कृति सेवाधाम आशा चेरीटेबल ट्रस्ट मुंबई के सौजन्य से कच्ची बस्ती पिण्डवाड़ा में कम्बल वितरण किए। पालिका पिण्डवाड़ा के महेंद्र राजपुरोहित, घुमन्तू के जिला प्रभारी ईश्वरसिंह परमार, विद्या भारती उपाध्यक्ष रमेश पटेल, महावीर इंटर नेशनल उपाध्यक्ष राजेश रावल, शंकरराज पुरोहित एवं राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद पिण्डवाड़ा संगठन मंत्री अशोक कुमार सेन ने सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद महिला पुरुषों को कम्बल वितरित किए।

मानव सेवा सबसे बड़ा परमार्थ हैं : चारण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिदलर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलदर में नर्सिंग अधिकारी के जन्मदिन पर पौधरोपण किया गया। राजस्थान नर्सेज यूनियन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जीवतदान चारण ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलदर पर नर्सिंग अधिकारी के रूप में सेवा दे रहा हूं। इसके अलावा नर्सेज की प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी भी रहती है। हर वर्ष की भांति इस साल भी जन्मदिन पर चिकित्सा परिसर में एक पेड़ मां नाम पौधरोपण कर उसकी जिम्मेदारी ली गई। इसके अलावा जरूरतमंदों को कंबल वितरण व गायों गुड़ खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। चारण ने कहा कि जीवन मे मानव सेवा करने का अवसर मिला है। अस्पताल में आमजन की सेवा करना सबसे बड़ा परमोधर्मः भी है। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विवेक जोशी, प्रभारी अधिकारी डॉ निहालसिंह मीणा सिलदर, डॉ सुरेश कुमार जालोरा, विक्रम जीनगर नर्सिंग अधिकारी, हेमलता मीणा, लोकेश कुमार, राजेश कुमार, नीरज कुमार, प्रकाश कुमार, माया देवी, परमेश्वरी, सुशीला, सरवन कुमार, सुरेश कुमार, सफेदी मीणा, पायल चौधरी, प्रीतम रावल एवं कविता सुथार आदि मौजूद थे।

बैठक कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। पंचायत समिति सिरोही की सामान्य बैठक शुक्रवार को प्रधान हंसमुख कुमार की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी विकास अधिकारी मंछाराम ने दी।

बैठक 20 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की अध्यक्षता में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक राजेन्द्र कुमार पटेल ने दी।

दक्षिण भारतीय रीति रिवाज से मनाई मकर सक्रांति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

आबूरोड। मकर सक्रांति पर केसरगंज स्थित अय्यप्पा मंदिर में मंगलवार रात दक्षिण भारतीय रीति रिवाज से पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। शाम साढ़े सात बजे अग्नि आरती, रात आठ से नो बजे तक भजन, साढ़े नो बजे महाप्रसादी का आयोजन किया गया। अयप्पा स्वामी भगवान विष्णु व शंकर भगवान के अंश है। जिनका मूल क्षैत्र केरल राज्य के पत्तनमति जिले का शबरीमला है। जहां अयप्पा स्वामी ने असुर महिषि को मोक्ष दिया था। जिले के मलयाली समाज के बन्धुओं ने श्री अय्यप्पा भगवान के मंदिर में पूजा,अर्चना, प्रसाद आदि का लाभ लिया। स्वामिये शरणम अयप्पा... के श्लोक से मंदिर गुंजायमान रहा। 17 नवम्बर से प्रथम पूजा होती है। इसके बाद अंतिम पूजा मकर सक्रान्ति को होती है। इस दिन भगवान अयप्पा ज्योति स्वरूप प्रकट होते है। सभी मलयाली परिवार द्वारा गणेष वन्दना गणेश शरणम शरणम गणेशा..., एक बार आओजी अयप्पा मारे आंगणे..., भक्तों को दर्शन आदी गीत गाए गए।

यह रहे मौजूद

उपाध्यक्ष टीएस राधाकृष्णन, श्रीकुमार नायर, कैलाशचन्द्र जीनगर, कीर्ति कुमार नाम्बियार, वीजू जेके, एमडी पिल्लई, सुमा, सुशीला, गौरव जीनगर, बनवारीलाल मिश्रा, मनीष अग्रवाल दिनेश, प्रवीण, विक्रम मिश्रा, गोपाल,पारस तिवारी, गुलाब, महिलाएं आदि शामिल थे।

यूनियन ने मनाई 21वीं वर्षगांठ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

तलहटी। अरावली मजदूर यूनियन मॉडर्न इन्सूलेटर्स लिमिटेड की 21वीं वर्षगांठ यूनियन अध्यक्ष वेलाराम गरासीया ने झण्डारोहण के साथ मनाया गया। यूनियन अध्यक्ष वेलाराम ने कहा कि संगठन की एकता, भाईचारा व संगठित रहते हुए श्रमिकों के हितार्थ कार्य किए गए। महामंत्री रामलाल बंजारा यूनियन के फाउण्डर व संचालक स्व. सरदार खान के यूनियन के प्रति श्रद्धा व कर्तव्यनिष्ठा के बारे में अवगत करवाया। संचालक भैराराम देवासी ने सभी को सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष गुलाबसिंह सोलंकी ने श्रमिको को नियमित कारखाने में कार्य पर आने पर जोर दिया। शंकरलाल बंजारा, नरेश प्रजापत, चतराराम, महेश प्रजापत, किशनलाल, गोविन्दराम, कैलाश, किशनलाल, शांतिलाल, जब्बरसिंह, बदाराम, विरमाराम, यशवीरसिंह, सलीमखान, छोटूखान, छगनभाई, राजू, दिनेश डांगी, सोहेलखान, जगाराम, वि' मराज सहित यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डॉ. पंचाल को कृषि क्षेत्र में पीएचडी के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पिण्डवाड़ा। माधव विवि के कृषि विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राजेश पंचाल को नवसारी (गुजरात) कृषि विवि के 20वें दीक्षांत समारोह में उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए डॉ. सीटी पटेल ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। डॉ. पंचाल को यह सम्मान कृषि में उनके महत्वपूर्ण योगदान और शोध गुणवत्ता के लिए प्रदान किया गया। डॉ. पंचाल ने अपने शोध में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने पर जोर दिया। पुरस्कार स्वीकार करते हुए डॉ. पंचाल ने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। वे इसे अपने परिवार, छात्रों और सहयोगियों को समर्पित करते है। उनका उद्देश्य आगे भी कृषि क्षेत्र में अनुसंधान करना और किसानों की सेवा करना है। विवि के चैयरमेन डॉ राजकुमार ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल डॉ. पंचाल के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए भी प्रेरणा है। विवि के चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रो. चेयरपर्सन डॉ. बीके गौतम, प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. राजीव माथूर, रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत व कृषि विभाग के अधिष्ठाता डॉ. वीआर. पटेल आदि ने पंचाल को बधाई दी।

सिधमुख बालिका विद्यालय के चहुंमुखी विकास में भामाशाह चनानी परिवार का महत्वपूर्ण योगदान : वर्मा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। सिधमुख परिक्षेत्र के सबसे बड़े बालिका विद्यालय श्री चनानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिधमुख में भामाशाह श्री चनानी परिवार के सौजन्य से कक्षा 1 से 12 तक के 300 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण की गई। यहां कार्यरत सहायक कर्मचारी एवं कुक कम हेल्परों, बागवान को भी भामाशाह परिवार की तरफ से गरम स्वेटर प्रदान की गई। प्रधानाचार्य श्रीमती ममता वर्मा ने बताया कि विद्यालय के चहुंमुखी विकास में भामाशाह श्री चनानी परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भामाशाह परिवार विद्यालय में निरंतर भौतिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ छात्राओं के शुल्क का भुगतान, निकटवर्ती गांव से आने वाली छात्राओं के लिए स्वयं के खर्चे पर वाहन भी उपलब्ध करवाए जाते हैं। विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों व परीक्षा परिणाम को देखते हुए राज्य सरकार ने इस सत्र में चुरू जिले में एक मात्र इसी विद्यालय में विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान एवं कला संकाय में इतिहास अतिरिक्त विषय खोलने की स्वीकृति जारी की है। यह स्वीकृति विद्यालय एवं ग्राम वासियों के लिए विशिष्ट उपलब्धि है। प्रधानाचार्य श्रीमती ममता वर्मा ने कार्यक्रम में पधारे आगंतुकों का स्वागत व अभिनंदन किया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएमसी के गणमान्य सदस्य एवं प्रमुख ग्राम वासियों ने इस उपलब्धि पर खुशी प्रकट की है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में सरपंच महावीर जांगिड़, पूर्व सरपंच रामकुमार सिहाग, विधायक प्रतिनिधि प्रधान ढाका, रविंद्र राजपुरोहित, करतार सिंह टांडी, पीईईओ प्रधानाचार्य दीपचंद इंदौरिया ,हनुमान प्रसाद इंदौरिया, सीताराम प्रजापत, डॉक्टर संजय खुडिया, असगर अली, बाबूलाल राजपुरोहित, राकेश ढाका, सुनील इंदौरिया, राकेश इंदौरिया, संजय महला, सांवरमल छींपा, दीपक रतन, स्टाफ सदस्य पूनम सरावग, सुनीता शर्मा, पुरुषोत्तम महला, विजेंद्र , अरविंद इंदौरिया, सुभाष , दिगंबरव अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों को जैकेट, टोपी, स्वेटर वितरित

सादुलपुर। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका सुमन सहारण ईशरवाल तथा वरिष्ठ अध्यापिका सुशीला कुमारी ने स्वप्रेरित होकर कक्षा 1 से 5 तक समस्त 75 बच्चों तथा अन्य कक्षाओं के जरूरमंद बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु अपनी स्वप्रेरणा से गरम हुड्डी (जकेट टोपी,स्वेटर) वितरित किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम बेनिवाल व उपप्राचार्य राजकुमार में दोनो महिला वरिष्ठ अध्यापिकाओं को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया व भविष्य में इसी प्रकार के नेकी के कार्य हेतु प्रेरित किया।

भूजल संरक्षण के लिए 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' महत्वपूर्ण, बैठक आयोजित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

झुंझुनूं। जिले में भूजल रिचार्ज के प्रयासों को गति देने और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए लक्ष्यों का निर्धारण किया गया। यह कार्यक्रम प्रवासी उद्यमी कैलाश हाकिम के प्रयासों से गत दिनों झुंझुनूं में शुरू किया गया था। जिला कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में वर्षा जल संग्रहण इकाइयों के निर्माण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने भामाशाहों और प्रवासी राजस्थानियों से संपर्क कर अभियान को गति देने की बात कही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू किया गया यह अभियान राज्य में भूजल स्तर को स्थिर करने और वर्षाजल सहेजने की परंपरा को पुनर्जीवित करने का उद्देश्य रखता है। अभियान के तहत राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण करवाएगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'कैच द रेन' मुहिम से प्रेरित है। यह अभियान जल संचयन में सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देने और जल संकट की समस्या से निपटने का एक प्रभावी उपाय साबित होगा। बैठक में जिला परिषद के सीईओ कैलाशचंद्र शर्मा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार, भूजल वैज्ञानिक अतुल धवन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला परिषद में साधारण सभा की बैठक कल

झुंझुनूं। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 17 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे जिला प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला परिषद के सीईओ ने बताया कि यह बैठक जिला परिषद झुंझुनूं के सभा भवन में आयोजित होगी। गौरतलब है कि पहले यह बैठक 16 जनवरी को प्रस्तावित थी। परंतु उक्त दिनांक को जिला स्तरीय जनसुनवाई होने के कारण यह बैठक 17 जनवरी को आयोजित होगी।

मानस अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

नोहर। जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशानुसार नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानस अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानस अभियान के नोडल अधिकारी हरकेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अलावा चौधरी बी.आर. कॉलेज, राजकीय कन्या महाविद्यालय, गीतांजलि कॉलेज के विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिनमें नाटक, नृत्य, गायन आदि प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मानस नोडल अधिकारी हरकेश मीणा ने स्वागत उद्बोधन में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अमरसिंह मूनपरिया ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त अधिकारियों, विभिन्न महाविद्यालय के प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई। इसमें चौधरी बी.आर.कॉलेज, व गीतांजलि कॉलेज के विद्यार्थियों ने नाटक में प्रथम तथा गीतांजलि कॉलेज ने गायन में द्वितीय स्थान एवं चौधरी बी.आर.कॉलेज के विद्यार्थियों ने गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन युवा क्लब नोडल अधिकारी डॉ. एकता देवी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अन्तर सदन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। खेमाणा रोड़ सादुलपुर स्थित आशा देवी विद्यालय में आज से चार दिवसीय अन्तर सदन खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी जोगेन्द्र सिंह झाझड़िया, संस्था अध्यक्ष रामप्रताप पूनियां, संरक्षिका आशा देवी पूनियाँ, निदेषक डॉ. कौशल पूनियां एवं सहनिदेषिका डॉ. स्नेह पूनियां ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ चारो सदनो के बच्चों के द्वारा फलेग मार्च से किया गया। संरक्षिका आशा देवी पूनियाँ ने बताया कि अध्ययन के साथ-साथ खेल-कूद का भी व्यक्तित्व विकास में अति महत्वपूर्ण योगदान होता है। निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने अपने उद्बोधन जोगेन्द्र सिंह झाझडिया का स्वागत करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. पूनियां ने बताया इस प्रतियोगिता के तहत वालीवाल, खो-खो, रस्सी कूद, गोला फेंक, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, 100 मी. दौड़, 200 मी. दौड़, डिस्कस थ्रो, लम्बी कूद, ऊंची कूद, लेमन रेस, इत्यादि खेलों का आयोजन किया जाएगा। सहनिदेशिका डॉ. स्नेह पूनिया ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि खेल-कूद प्रतियोगिता में अच्छी प्रतिस्पर्धा हो व खिलाड़ी अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक प्रमोद शर्मा, आशा दिनोदिया व छात्रा रूचिका व तमना द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार, प्रबंधक सुधन सिंह जडिया एंव समस्त अध्यापक व अध्यापिकाऐं उपस्थित रहे।

पुजारियों को सम्मानित किया

सादुलपुर। तारानगर के नथूराम, रामलाल, दुर्गादत सुथार व महेन्द्र ने हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी मकर संक्राति के अवसर क्षेत्र के समस्त मंदिरो के पूजारियों को वार्ड 03 में स्थित गायत्री माता मंदिर में अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर

जागरुक टाइम्स संवाददाता

कुचामन सिटी। नागौर के कुचामन में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए भारत विकास परिषद् की कुचामन शाखा ने जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आई है। परिषद ने ग्राम कुकनवाली स्थित शहीद बजरंग सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 75 जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर वितरित किए। संस्था के सचिव एडवोकेट ओमप्रकाश सेन ने बताया कि कड़ाके की ठंड में गरीब बच्चों को गर्म कपड़ों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवरलाल बणिया ने इस पहल के लिए परिषद के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिषद् के अध्यक्ष डॉ. गोविंदराम चौधरी, संपर्क प्रमुख अंकुर काला और डॉ. मनोज सेन समेत विद्यालय के शिक्षक राहुलदेव, गणपतराम, रामेश्वर गुर्जर, दुष्यंत कुमार, श्यामसुंदर और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस पहल से स्कूली बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी और वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

विद्यालय में पीएमश्री योजनान्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन, छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में बुधवार को पीएम श्री योजनान्तर्गत नागरिकता कौशल, संवैधानिक मूल्य एवं भारत का ज्ञान गतिविधि के अंतर्गत छात्राओं में राजनीतिक जागरूकता की समझ विकसित करने के उद्देश्य से प्रभारी विक्रम सिंह के निर्देशन में मॉक पोल द्वारा बाल संसद का गठन कर निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी की भी नियुक्ति कर उन्हें उनके दायित्व से अवगत करवाया गया। छात्राओं ने बैलेट पेपर की सहायता से मतदान किया। वहीं मीडिया साक्षरता प्रभारी विमलेश चन्द्र के मार्गदर्शन में छात्राओं ने विद्यालय में आयोजित विभिन्न

गतिविधियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विद्यालय का परचम लहराने वाली छात्राओं की खबरों को चार्ट पर विद्यालय के समाचार पत्र के रूप में लिखकर प्रदर्शित किया। विमलेश चन्द्र ने छात्राओं को प्रिंट मीडिया अंतर्गत न्यूज बनाने की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय एवं स्थानीय क्षेत्र पर प्रकाशित होने वाले विभिन्न समाचार पत्रों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

सांसद राहुल कस्वां की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात

संसदीय क्षेत्र में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर हुई व्यापक चर्चा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। सांसद राहुल कस्वां ने प्रदेश की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। साथ ही इन्हीं मुद्दों को लेकर उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव-सार्वजनिक निर्माण विभाग राज. सरकार से भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। सांसद कस्वां ने उप-मुख्यमंत्री को बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र में सड़कों के उन्नयन की महत्ती आवश्यकता है। चूरू संसदीय क्षेत्र में पूर्व में बनाई गई सभी सड़कों का भारत सरकार की योजना में उन्नयन कर दिया गया है। पिछले काफी समय से चूरू संसदीय क्षेत्र की सड़कों की श्रेणी का परिवर्तन नहीं किया गया है। हमने संसदीय क्षेत्र की लगभग 300 किमी. सड़कों का श्रेणी परिवर्तित कर करने की मांग रखी है। सांसद ने उप-मुख्यमंत्री को बताया कि चूरू जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया गया था; लेकिन तकनीकी खामी के चलते यह ओवरब्रिज अनुपयोगी है। छोटे वाहनों के अलावा यह मार्ग बंद हो गया है, जिसके कारण बड़े वाहनों को बहुत घूम कर चूरू शहर से गुजरता पड़ता है। जनता के मांग के अनुरूप इस अनुपयोगी हो चुके ओवर ब्रिज को डिस्मेंटल किया जाये और इस स्थान पर सेतु बंधन योजना या राज्य सरकार द्वारा नया ओवर ब्रिज निर्माण किया जाए। चूरू संसदीय क्षेत्र के विभिन्न

शहरों में सुगम आवागमन हेतु विभिन्न सड़कों को फोरलेन व सौन्दर्यकरण करने का आग्रह किया। ये सड़कें हैं :- कड़वासर चौराहा से झारिया मोरी (चूरू), एनएच-52 से लाल घंटाघर वाया पूनियां कॉलोनी (चूरू), डीटीओ कार्यालय से कलेक्ट्रेट ऑफिस सर्किल (चूरू), साहवा सर्किल से नहर पूल SH-6 (तारानगर), बीकानेर सर्किल से रेलवे फाटक व इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से कृषि विज्ञान केन्द्र (सरदारशहर); होटल से भगतसिंह सर्किल (भादरा); सिरसा सड़क से साहवा बाईपास (नोहर); एनएच-52 एंट्री प्वाइंट से एनएच-52 एक्जिट प्वॉइंट वाया सिधमुख मोड़-अम्बेडकर सर्किल-बस स्टेण्ड-सांखू सर्किल (सादुलपुर), तारानगर रोड़ (NH-52) अबेडकर सर्किल (सादुलपुर), पिलानी फाटक से रड़वा बाईपास NH-709E (सादुलपुर) आदि। कस्वां ने सेतु बंधन योजना के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र में 5 नये ओवरब्रिज (गोगामेड़ी, सुजानगढ़, नोहर, सरदारशहर और सादुलपुर) के प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाने के लिए भी कहा। साथ ही संसदीय क्षेत्र में स्थित रेलमार्गों पर अंडर ब्रिज की बड़ी आवश्यकता को देखते हुए एक सूची सौंपकर इन्हें स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। इसके अलावा सरदारशहर से किशनगढ़ मेगा हाइवे को फोरलेन में बदलने, रावतसर से भादरा सड़क को 7 मी. से 10 मी. एवं भालेरी से चूरू सडक़ को 5.5 मी. से 10 मी. चौड़ा करने की डिमांड भी हमने रखी है। एक नया हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव भी सांसद कस्वां ने उप-मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है। उन्होने बताया कि कोटा से श्रीगंगानगर वाया बूंदी, जयपुर, सीकर, झुंझुनू, चूरू, नोहर, हनुमानगढ़ तक नया हाई स्पीड कॉरिडोर बनता है तो इसका बड़ा लाभ मिलेगा। यह कॉरिडोर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे, अमृतसर-जामनगर एक्स्प्रेस वे एवं प्रस्तावित भटिंडा-अजमेर एक्सप्रेस वे को जोडने का कार्य करेगा। यह कॉरिडोर क्षमता से अधिक प्रयोग हो रहे सीकर-जयपुर व जयपुर-कोटा मार्गों पर वाहन भार को कम करेगा। इससे समय व धन की बचत और नये औद्योगिक क्षेत्रों का विकास हो सकेगा। बढ़ते ट्रैफिक और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए संसदीय क्षेत्र के रतनगढ़, सरदारशहर, नोहर, बीदासर व गोगामेड़ी में बाईपास निर्माण करवाने के लिए भी सांसद ने कहा।

न्यूज ब्रीफ

स्व. दलीप सिंह निर्बाण की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन, 311 यूनिट रक्त संग्रह

जागरुक टाइम्स संवाददाता

नोहर। मंगलवार को क़स्बे के जयपुर हॉस्पिटल में शारीरिक शिक्षक स्व. दलीप सिंह निर्बाण की स्मृति में रक्तादान व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नोहर ब्लड बैंक की टीम ने 311 यूनिट रक्त संग्रहित किया। वहीं अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 251 रोगियों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श देकर लाभांवित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में डीएस निर्बाण ट्रस्ट के सुशील निर्बाण ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य की प्रेरणा उन्हे विरासत में मिली है। गरीब को गणेश मानकर सेवा कार्य करने से आनंद की अनुभूति होती है । इस मौके पर कृष्णा देवी निर्बाण, समाजसेवी सुरेश पारीक, राजेंद्र टोकसिया, जयवीर सरेवा, बाबा सुखदेवा सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व चिकित्सक शामिल रहे। सभी ने निर्वाण ट्रस्ट के सेवा कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

सादुलपुर कांग्रेस नेताओं ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत की कुशलक्षेम पूछी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मुंबई के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उन्होंने हाल ही में गॉल ब्लैडर का ऑपरेशन कराया था और इसके बाद से अस्पताल में भर्ती थे। डॉक्टरों ने पूरी जांच के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया है। अभी कुछ दिनों के लिए वह मुंबई में ही रहेंगे। पूर्व सांसद वरिष्ठ रामसिंह कस्वा युवा सांसद राहुल कस्वां कांग्रेसी नेता पूर्व संसदीय सचिव वरिष्ठ विधायक इन्द्र सिंह पूनिया ने अशोक गहलोत की कुशलक्षेम की जानकारी ली है।

मकराना में मार्बल व्यापारियों ने कराएं बाजार बंद

मार्बल गोदाम में तोड़फोड़ मामला

जागरुक टाइम्स संवाददाता

कुचामन सिटी। मकराना के एक मार्बल गोदाम में 40 लाख रुपये के मार्बल स्लैब तोड़ने के विरोध में बुधवार को व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। संगमरमर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रियाज अहमद गौड़ के नेतृत्व में व्यापारियों ने दोपहर में घाटी चौराहे से मार्बल मंडी तक मार्च किया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस और प्रशासन को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मंगलवार तक का समय दिया गया था, लेकिन अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। पीड़ित व्यापारी नौशाद और अन्य को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। प्रदर्शन में व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारी जिनमें उपाध्यक्ष असगर अली रान्दड, कोषाध्यक्ष अनवर अहमद नूरानी, सचिव मोहम्मद नदीम गैसावत, पूर्व अध्यक्ष मुख्तार अहमद रान्दड और अब्दुल रहीम सिसोदिया सहित कई प्रमुख व्यापारी शामिल हुए। व्यापारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा ने करया यज्ञ व खेलकूद का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। केलवा मकर संक्रांति के अवसर पर 24 श्रेणी पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा द्वारा वैद माता गायत्री मंदिर अंबावा पर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। पालीवाल नवयुवक मंडल द्वारा क्रिक्रेट, बेंडबिटन, सितोलिया, केरम खेलकूद का आयोजन किया गया। विजेता टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। 24 श्रेणी पालीवाल सामाज सेवा समिति मेवाड़ के अध्यक्ष पद पर बद्रीलाल पालीवाल का नवयुवक मंडल का स्वागत किया गया। पालीवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी समाज के हर कार्य में बढ़ चढ़ भाग ले सेवा समिति के समस्त सदस्य गण युवा पीढ़ी के साथ है। समाज समय-समय पर युवा पीढ़ी के लिए सामूहिक खेलकूद का आयोजन किया जाएगा। 24 श्रेणी पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा के अध्यक्ष मनीष पालीवाल ने अपने कार्यकाल का आय व का ब्योरा दिया। रामायण पालीवाल ने कार्यकाल की प्रशंसा की। 24 श्रेणी पालीवाल समाज नवयुवक मंडल के चुनाव करवाए। जिसमें कमलेश पालीवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बने पर कमलेश पालीवाल ने कहा कि समाज के वरिष्ठ व युवाओं के साथ समय-समय पर मिलता रहे। इस दौरान 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष रामनारायण पालीवाल, नवयुवक मंडल पूर्व अध्यक्ष मनीष पालीवाल, पूर्व उप प्रधान भरत पालीवाल, रामचंद्र पालीवाल, मदन, राजकुमार, भंवर पालीवाल, गोपाल, संजय पालीवाल, जगदीश पालीवाल, नंदकिशोर पालीवाल, राजकुमार रेड हिल्स, धर्मेश पालीवाल, प्रकाश पालीवाल, विनोद पालीवाल, मांगीलाल पालीवाल,प्रविण पालीवाल, दुर्गेश पालीवाल, अनिल पालीवाल एवं समस्त वरिष्ठ पालीवाल नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित थे। --

डॉ. सुनील बिजारणियां की सहायक निदेशक पद पर पदोन्नति पर जताई खुशी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

नोहर। मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ में सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ.सुनील कुमार बिजारणियां की सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नति हुई है। ज्ञात रहे कि नोहर तहसील के गांव 2 आरपीएम (जसाना) निवासी डॉ. सुनील कुमार बिजारणियां नोहर पोस्ट ऑफिस से सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर मनीराम बिजारणियां के पुत्र हैं। छोटे से गांव से निकल कर इस पद तक पहुंचने की इस उपलब्धि पर अनेक सामाजिक संगठनो ने प्रसन्नता व्यक्त की। मेधावी सुनील ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नोहर में ही ग्रहण की थी और वे बाल्यकाल से ही पढ़ाई में अव्वल रहे है।

बीमा क्लेम अब किसानों के खातों में आना शुरू हो जाएगा : राहुल कस्वा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

सादुलपुर। सांसद राहुल कस्वां ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत चूरू जिले का रबी वर्ष 2023-24 का फसल बीमा क्लेम लगभग 172 करोड़ रूपए तथा हनुमानगढ़ जिले का रबी 2023-24 का 124 करोड़ रू. व खरीफ-2023 का 156 करोड़ रू. जारी हुआ है। उन्होंने बताया कि यह बीमा क्लेम अब किसानों के खातों में आना शुरू हो जायेगा। चूरू संसदीय क्षेत्र में खरीफ-2021 का बीमा क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर बकाया है एवं चूरू जिले का खरीफ-2023 का पूरा बीमा क्लेम भी अभी बकाया है, जिसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं।

आयुष्मान आरोग्य योजना एक वरदान : चुंडावत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। श्रीमती सरोज देवी पुरुषोत्तम दास पुरोहित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसंत में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गोविंद सिंह चुंडावत ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य योजना तथा प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के अंतर्गत आयोजित यह कैंप वृद्धजनों के लिए एक वरदान साबित हो रहा हैं क्योंकि इस कैंप के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का आयुष्मान आरोग्य प्रधानमंत्री वयवंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी करते हुए पांच लाख रुपए का बीमा के लिए कार्ड बनाकर दिया जा रहा हैं। इस कार्ड से राजस्थान के अलावा भारतवर्ष के सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालय में उपचार निःशुल्क हो सकेगा। इस क्षेत्र की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यहां के लोग अन्य राज्यों में आजीविका के लिए प्रवास करते हैं उन शहरों में यथा पालनपुर, मेहसाणा, अहमदाबाद, पुणे, बडौदा, मुंबई, कर्नाटक, कोलकाता, दिल्ली सहित अन्य सभी प्रमुख स्थानों पर इस योजना के अंतर्गत निःशुल्क जांच उपचार परामर्श सेवाएं प्राप्त हो सकेगी। पी एच पुरोहित चेरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष व भामाशाह घनश्याम पुरोहित ने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर हमारे गांव के लोगों के लिए अच्छे स्वास्थ्य मानक के साथ आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ उपचार, जांच व परामर्श सेवाएं प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। इस कैंप में आमजन का उपचार हुआ है तथा 70 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया हैं।

पांच लाख तक का निशुःल्क ईलाज

103 लोगों के कार्ड बनाए, 463 को परामर्श व जांच की

■ ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार गिरी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 103 लोगों का प्रधानमंत्री वय वंदन योजना आयुष्मान आरोग्य कार्ड बनाया गया तथा 463 व्यक्तियों का पंजीयन करते हुए जांच उपचार परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जिसमें 359 व्यक्तियों की शुगर, बीपी की जांच की गई तथा टीबी के 16, कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग 4, अंधता के 26, अल्प रक्तता के 82, टीकाकरण 28, गर्भवती महिलाओं की जांच 24 सहित सर्दी-खासी, बुखार व जुकाम के मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में डा. नरेंद्र सिंह चारण, डा. इरफान, डा. विक्रम सिंह, चेतन कुमार चौधरी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से अशोक कुमार माली, मोडाराम देवासी, रेखा, चौका कुमारी, एएनएम कुईयाराम, सुशीला, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नरेंद्र कुमार, फार्मासिस्ट कल्पेश जोशी, टीबी सुपरवाइजर सहित गांव के मगन सिंह राजपुरोहित, मंगलसिंह राजपुरोहित, भैरू सिंह राजपुरोहित सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

योगाचार्य गजेंद्र बगड़ी योग रत्न से सम्मानित

खिंवाड़ा। कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा आयोजित महर्षि पतंजलि योग रत्न सम्मान समारोह 2024 में जाडन आश्रम के पूर्व योग आचार्य गजेंद्र कुमार बगड़ी को योगरत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी फुलपूरी ने बताया कि योग के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए आयुष मंत्रालय की ओर से योग मास्टर उपाधि से योग शिक्षकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए योग रत्न से नवाजा जाता हैं। इसी कड़ी में योग शिक्षक गजेंद्र कुमार बगड़ी जो लंबे समय से क्षेत्र में योग के प्रचार-प्रसार किया था। वर्तमान में गजेंद्र बगड़ी घाना-पश्चिम अफ्रीका में माइक के मार्गनिर्देशन में योग चिकित्सक और ध्यान गुरु के रूप में योग का प्रचार कर रहे हैं। बगड़ी की इस उपलब्धि पर खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी, अरावली क्षेत्रिय विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव केएम सुथार आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

स्व. बलदेवराम मिर्धा की 135वीं जयंती कल, परिचर्चा का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। किसानों के मसीहा एवं समाज सुधारक किसान केसरी स्व. बलदेवराम मिर्धा की 135 वीं जयंती शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। वीर तेजा विकास समिति अध्यक्ष अमराराम ने बताया कि स्व. मिर्धा की जयंती पर कई कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। समिति के तत्वावधान में प्रातः नौ बजे डाक बंगला स्थित मिर्धा सर्किल पर शहर के गणमान्य नागरिकों एवं किसान वर्ग से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा स्व. मिर्धा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचारगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मिर्धा के जीवन, किसान हितों की रक्षा एवं सामाजिक सुधार के लिए दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। तत्पश्चात प्रातः ग्यारह बजे 72 फ़ीट बालाजी के सामने जाट समाज की शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्र की होनहार प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें 300 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। सचिव शिवराम जाट ने बताया की कार्यक्रम में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में चयनित, दसवीं बाहरवी में 75%, नव चयनित कर्मचारी, सहित अन्य सेवाओं मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को समाज की ओर सम्मानित किया जाएगा, सम्मान समारोह महंत सुरजनदास महाराज के सानिध्य में पाली के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, पूर्व संसदीय सचिव दिलीप चौधरी, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, डीआईजी स्टाम्प भगीरथ चौधरी, अति पुलिस अधीक्षक एसीबी धर्मेंद्र डुकिया, रिछपाल सिंह मील सयुंक्त निदेशक शिक्षा विभाग, राधाकिशन सारण, विकास लेघा अधिशाषी अभियंता, राजेंद्र जाखड़ युवा अधिकारी व पाना चौधरी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरिराम कलिया, राजेंद्र लहर, रतनाराम बाना, कालूराम कालीराणा, विशनाराम गोदारा, दयाराम जाट, राजेंद्र किसान, भंवरलाल जलवाणीया, बाबूलाल कालीराणा, महेंद्र मेंदा मंडिया, राजेंद्र जांगू, मदनलाल जांचर, नरसिंग बरकिया, विशनाराम कागट, ईश्वर चौधरी, धर्मेंद्र बेनीवाल, दयाल सेवदा, रणवीर सारण, संजीव रेवाड़, प्रधान कालीराना, प्रधान सोऊ, देवाराम गोदारा, भेराराम डांगी आदि कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

देसूरी : आदर्श विद्या मंदिर में अभिभावक सम्मेलन आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

देसूरी। आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक देसूरी में अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि समाजसेवी भारत कुमार, माध्यमिक प्रधानाचार्य पुखराज मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। अतिथियों का परिचय प्राथमिक प्रधानाचार्य शेर सिंह सोलंकी ने करवाया। कार्यक्रम में शिशु वाटिका के भैया-बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में पुखराज ने बालकों की रुचि व कुटुंब प्रबोधन के बारे में बताया। मोबाइल व टीवी देखने के दुष्परिणाम बताएं, प्राथमिक प्रधानाचार्य शेर सिंह सोलंकी ने विद्यालय की गतिविधियां एवं सह शैक्षणिक गतिविधियां के बारे में व संयुक्त परिवार का महत्व बताया व अच्छे संस्कारों के बारे में बताया। भारतीय संस्कृति के अनुरूप महापुरुषों की कहानियां सुनाने की बात बताई। दीपिका गोस्वामी ने शिशु वाटिका की 12 व्यवस्थाओं की जानकारी दी,

इस अवसर पर पुखराज चौधरी, शेर सिंह भरत कुमार, दीपिका गोस्वामी, हिमांशु सेन, सुरेश कुमार, बेबी मेवाड़ा, वीना कुमारी, हेमा कुमारी, उषा कुमारी, कैलाश कंवर, संगीता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त प्राथमिक प्रधानाचार्य शेर सिंह सोलंकी ने किया ।

गोचर भूमि की अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग

फालना। फालना गोचर भूमि पर अवैध खनन की समस्या ने स्थानीय लोगों को परेशान कर दिया है। सार्वजनिक सेवा समिति ने नगर पालिका फालना के अधिशाषी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। समिति ने बताया है कि खुडाला की गोचर भूमि पर पिछले कई दिनों से अवैध खनन जारी है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष है। समिति ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे इस अवैध खनन को तुरंत रोकें और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। समिति के अध्यक्ष नेकाराम चौधरी ने बताया कि गोचर भूमि का अवैध खनन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए तुरंत कार्रवाई करे।

प्रकाश चौहान बाली ब्लॉक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनित, लोगों ने दी बधाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। ब्लॉक में अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा युवा महासभा के नए अध्यक्ष के रूप में प्रकाश चौहान को मनोनित किया गया है। यह जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा युवा महासभा के जिलाध्यक्ष मुकेश राठौड़ ने दी। प्रकाश चौहान (बाली के निवासी) को उनके सामाजिक कार्यों और समाज के विकास में उनकी रुचि को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश राठौड़ ने कहा कि प्रकाश चौहान अपना अमुल्य समय देकर अपना कर्तव्य निभाने के साथ समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख सदस्यों ने प्रकाश चौहान को हार्दिक बधाई दी। इनमें हरीराम, भिखाराम, रामलाल एडवोकेट, चेनाराम, दलाराम, गुलाबराम, मदनभाऊ, भवरमारु और समस्त समाज बंधु शामिल हैं।

नवीनोदय पथ का निकला संचलन

स्वयं सेविकाएं ने गणवेश में मिलाए कदम से कदम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा शहर के बांगड़ महाविद्यालय खेल मैदान से "नवीनोदय" पथ संचलन निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। घोष की ताल के साथ पूर्ण गणवेश में सेविकाएं कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन किया। इस पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर कई स्थानों पर स्वागत भी किया गया। बांगड़ महाविद्यालय खेल मैदान से प्रारंभ होकर शिवाजी सर्कल, लोढ़ा स्कूल, सुरजपोल, अहिंसा सर्कल, डिस्ट्रीक्लब चौराया होते हुए समापन बांगड़ स्कूल जाकर समापन हुआ।

भारतीय सेना के योगदान और उसकी वीरता पर हमें गर्व : अनोप लखावत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

देसूरी। भारतीय सेना के योगदान और उसकी वीरता पर हमें गर्व है। विकट परिस्थितियों में भी हमारे लिए देश की सीमाओं पर डटे हुए हैं। उक्त उद्गार समाजसेवी भामाशाह अनोप सिंह लखावत ने पूर्व सैनिक संगठन द्वारा श्रीवैद सेन समाज बगेची में सेना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सहायक लोक अभियोजक एडवोकेट जुगल किशोर दवे ने कहा कि यह दिन भारतीय सेना की शौर्य गाथाओं और देश की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करता है। विशिष्ट अतिथि भामाशाह जवरीलाल बोराणा थे। कार्यक्रम में सार्जेंट भुंडाराम चौधरी, सार्जेंट नाथू सिंह भाटी, कवि कथाकार डाक्टर रशीद गोरी, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अलारख शेख, सुरेश कुमार ओझा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आगाज संस्था सचिव अशोक कुमार सेन द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं फौजी गीत पेश कर किया। कार्यक्रम का सरस संचालन पूर्व खेल अधिकारी सत्तुसिंह भाटी ने जोशीले अंदाज में किया। इस अवसर पर हवलदार कालू सिंह, सुबेदार चंदनसिंह, हवलदार रामचंद्र गहलोत, जोगसिंह, शायर कवि अब्दुल समद राही, सुरज मल परिहार, लक्ष्मी नारायण हवलदार भंवरसिह हवलदार पदम सिंह जैतावत आदि कई गणमान्य जन उपस्थित थे।

श्री नामदेव छीपा समाज छात्रावास के अध्यक्ष बने नेमीचंद पहाड़िया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। श्री नामदेव छीपा समाज छात्रावास फालना में मूलचंद गहलोत सुमेरपुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम भगवान विट्ठल नामदेवजी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर छात्रावास की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर नेमीचंद पहाड़िया सुमेरपुर, उपाध्यक्ष चंपालाल भाटी, सचिव मोहनलाल परमार, सह सचिव मदनलाल बी भाटी, कोषाध्यक्ष प्रकाश एम भाटी व सह कोषाध्यक्ष पद पर सोहनलाल नानीवाल को मनोनीत किया गया। पूर्व कार्यकारिणी से नवीन पदाधिकारी ने चार्ज हस्तांतरण किया। छात्रावास में गठित शिक्षा कोष के माध्यम से समाज के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए योगदान देने पर चर्चा हुई। जिस पर छात्रावास की नवीन कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज का कोई भी अध्ययनरत छात्र छात्रावास में रहने पर निःशुल्क भोजन एवं रहने की व्यवस्था के साथ उसकी क्लास की पुस्तकें भी उसे समाज की ओर से दी जाएगी। इस मौके पर मूलचंद गहलोत, पुष्करराज परिहार आदि उपस्थित रहे।

फुड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट

सुमेरपुर : छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण कराया, पाठ्यक्रम की जानकारी दी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। नगर में जाखा नगर स्थित फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट (होटल मेनेजमेंट शाखा) में बुधवार को महेश केशव एंग्लो वैदिक स्कूल शिवगंज का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हुआ। जिसमें डायरेक्टर बी एम झा, सह डायरेक्टर आरती झा, निजी शिक्षक संघ अध्यक्ष विष्णु परिहार के सानिध्य में नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था प्रधान सोहन सिंह मीना ने छात्रों को संस्थान का भ्रमण करवाया एवं बारहवीं पास छात्रों के लिए विभिन्न रोजगार परक होटल मेनेजमेंट पाठ्यक्रमों के बारे मे अवगत कराया। उन्होंने इन सभी होटल मेनेजमेंट पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केवल मात्र अकादमिक डिग्री हासिल करने की बजाए छात्रों को हुनर एवं कौशल विकसित करने वाले रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को चुनना होगा, जिससे वे होटल एवं पर्यटन क्षेत्र में अपना करियर बना सकते है और बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। संस्थान के व्याख्याता भगवत सिंह तथा युवराज सिंह ने छात्रों को होटल एवं रेस्टोरेंट में प्रचलित अग्रेंजी एवं फ्रेंच शब्दावली के बारे में जानकारी दी। साथ ही टेबल सर्विस, आतिथ्य सत्कार, वाइन सर्विस इवेंट प्लानिंग से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा की और हाइजीन एंड ग्रूमिंग एवं संचार कौशल की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। अंत में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक करियर और कोर्स संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का परिचय दिया।

पाली : 19 साल का टेंटकर्मी घायल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पाली। पाली शहर के निकट स्थित गुरलाई गांव में बुधवार दोपहर को शादी समारोह के इसी गांव का 19 वर्षीय देवाराम पुत्र तेजाराम बावरी टेंट लगा रहा था। इस दौरान ऊपर से गुजर रही 11 किलोवाट की लाइन से उसका टेंट पोल टकरा गया। जिससे करंट लगने से वह करीब आठ फीट की ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तुरंत पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। हादसे में करंट से युवक के पैर और पीठ घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर युवक के परिजन ओर कई ग्रामीण भी बांगड़ अस्पताल पहुंचे। युवक को घायल हालत में देख उसके परिजनों का रो-रो कर बरा हाल हो गया।

33 किलोवाट उपचौकियों पर 3.15 मेगावाट के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

फालना। फालना खंड के अधीन 33 के.वी. उपचौकी बिरामी उपखंड फालना/सांडेराव पर पूर्व में स्थापित 3.15 मेगावाट पर बढ़ते भार के मद्देनजर एक अतिरिक्त 3.15 मेगावाट का पावर ट्रांसफार्मर लगा कर चार्ज किया गया। यह फालना खंड के ही नाना उपखंड के 33 किलोवाट चामुंडेरी और नाणा तथा फालना उपखंड के 33 केवी रमणीया उपचौकी के बाद इसी सीजन का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर यह खंड क्षेत्र का चौथा ऑग्मेंटेशन है। अधिशासी अभियंता निमेंद्र राज सिंह ने बताया कि लगातार बढ़ रही विद्युत मांग जारी किए जा रहे कृषि कनेक्शन के बढ़ते भार के मद्देनजर यह योजनाएं बनाई गई थी। जिससे भविष्य में लोड की समस्या से निजात पाया जा सके एवं उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की वोल्टेज एवं लोड की समस्या ना हो। यह अतिरिक्त ट्रांसफर लगने से कृषकों को सिंचाई हेतु दिन में ही श्री फेज विद्युत आपूर्ति आसानी से दी जा सकेगी। खंड के सभी अभियंता एवं कार्मिक बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने बढ़ते हुए लोड को भांप कर भविष्यवापी सोच के साथ यह कार्य किए गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल। अणसीबाई रोड के समिप मोटरसाइकिल सवार की अज्ञात वाहन कि टक्कर से एक की मौत परिजनों के अनुसार दिनेश कुमार मेघवाल उर्फ रमेश कुमार उम्र 38 की मंगलवार शाम सात बजे के करिबन खारडा रोड पर मोटरसाइकिल पर निजी कार्य के लिए जा रहा था। अचानक अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया जिससे दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया। नाडोल देवीबाई रंगराज सोनिगरा राजकिय चिकित्सालय लाया गया। डाक्टर रोहित चौधरी , हेमाराम ने प्राथमिक उपचार कर मरिज की स्थिति गंभीर होने के कारण बांगड़ अस्पताल पाली रेफ़र किया गया। डाक्टरों ने दिनेश कुमार को मृत घोषित किया। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। दिनेश कुमार पिछे पत्नी, लड़की 12वर्ष लड़का 10 वर्ष को छोड़ कर चले गए है। बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही नाडोल चौकी प्रभारी जाकिर अली सैयद, रानी थाना प्रभारी पन्नाराम प्रजापत ने घटना का मौका मुआयना कर जांच में पुलिस जुटी ।

बाली में अभिभावक सम्मेलन संपन्न

बाली। विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बाली में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम व भारत माता के समक्ष मुख्य वक्ता, सुरेश कुमार मालवीय जिला सचिव, आदर्श शिक्षा संस्थान बाली एवं श्रीमती राजुल राजीव पूनिमया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य हीरालाल कुमावत द्वारा अतिथि परिचय स्वागत करवाया गया। मुख्यवक्ता सुरेश कुमार मालवीय ने बताया कि देशभर में विद्या भारती के विद्यालय संचालित हो रहे हैं जिनके माध्यम से बालकों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का भी पुनीत कार्य किया जा रहा है। अभिभावकों को बालक के विकास हेतु विद्यालय में समय-समय पर पधारे और उसकी शैक्षिक प्रगति की जानकारी आचार्य प्रधानाचार्य से करे। साथ ही विद्यालय में अपेक्षित सुझाव भी देवे तथा अभिभावक दायित्व का निर्वहन कर विद्यालय की कार्यप्रणाली में पूर्ण सहयोग करें। साथ ही बताया कि विद्यालय में सह शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित की जाती है जिसमें वार्षिक उत्सव, मातृ सम्मेलन, अभिभावक सम्मेलन, संस्कृति ज्ञान परीक्षा, विज्ञान मेला, गणित मेला शिशु नगरी, खेलकूद प्रतियोगिता आदि। बालकों में संस्कारों की कमी के कारण समाज में हो रहे दुष्परिणामों की घटनाओं को अभिभावकों के समक्ष रखा। श्रीमती राजुल राजीव पूनमिया ने मोबाइल के दुष्परिणामों को लेकर अभिभावकों को जागरूक किया गया।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

ई-निविदा सूचना

निविदा दस्तावेज आईडी नं.	**बोली क्र. 2025-एमसीजीएम-1137557-1**
संस्था का नाम	**बृहन्मुंबई महानगर पालिका**
विषय	महापालिका पॉवर लाँड्री में स्थापित 4 टन/घंटे की क्षमता का मे. सुपर स्टीम तथा मे. एनर्जी पैक बॉयलर्स हेतु विभिन्न स्पेयर्स की आपूर्ति।
निविदा शुल्क	रु. 1400 + 18% जीएसटी
ई-निविदा की लागत	मद दर निविदा
बोली प्रतिभूति/ईएमडी	रु. 16,340/-
निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक	14.01.2025 को 12.00 बजे से
बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय	20.01.2025 को 12.00 बजे तक
लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना	20.01.2025 को 16.00 बजे तक
प्री-बिड मीटींग	लागू नहीं
लिफाफा ए खुलना	21.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात
लिफाफा बी खुलना	21.01.2025 को 16.00 बजे पश्चात
लिफाफा सी खुलना	24.01.2025 को 15.00 बजे पश्चात
संपर्क हेतु पता	कार्यालय ई.ई. मैक. (दक्षिण) एमसीजीएम महापालिका वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008
बोली खुलने का स्थान	कार्यालय सहायक अभियंता (महापालिका पॉवर लाँड्री), नायगांव पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, स्ट्रीट नं. 39, स्कीम नं. 57, भोईवाडा, परेल, मुंबई 400012 ए.ई. (एमपीएल) कार्यालय 022-24147048 श्री निरंजन टी. जाधव मोबाइल - 9769005647
एमसीजीएम वेबसाइट	www.mcgm.gov.in www.mahatenders.gov.in

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PRO/2232/ADV/2024-25 **ई.ई. मैक. (दक्षिण)**

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

महिला क्रिकेट

प्रतिका रावल ने किया कमाल

भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत

वनडे में आयरलैंड को 300 से ज्यादा के अंतर से हराया

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 304 रन से जीत दर्ज करते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। यह भारतीय महिला टीम की वनडे में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उन्होंने 2017 में 249 रन से जीत दर्ज की थी और इस दौरान पर आयरलैंड के खिलाफ ही जीत दर्ज की थी। इसी के साथ ही भारत ने सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली है। स्मृति मंधाना के सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनने और प्रतिका रावल के पहले सैकड़े की मदद से भारत ने बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पांच विकेट पर 435 रन बनाए। यह भारत का 50 ओवर के प्रारूप में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है।

इसके जवाब में दीप्ति शर्मा के तीन विकेट और अन्य गेंदबाजों की मदद से भारत ने बड़ी जीत अपने नाम की। आयरलैंड की तरफ से सारा फोर्ब्स ने 41 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। इससे पहले कार्यवाहक कप्तान स्मृति ने सिर्फ 70 गेंद पर 135 रन (80 गेंद) बनाए जो उनका 10वां वनडे शतक है। इस तरह भारतीय महिला टीम पहली बार 400 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही। इससे भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ एलीट सूची में शामिल होने में कामयाब रही। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथा सर्वोच्च स्कोर भी है। अपनी इस शानदारी पारी की मदद से स्मृति ने हरमनप्रीत कौर के पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंद पर बनाए गए शतक को भी पीछे छोड़ दिया। स्मृति ने 39 गेंद में अपना 31वां वनडे अर्धशतक पूरा किया और बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने हवाई शॉट लगाने से भी गुरेज नहीं किया। उनकी पारी में सात छक्के और 12 चौके जड़े थे। वहीं रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाली दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका ने अपनी कप्तान का पूरा साथ निभाते हुए शानदार पारी खेली।

स्मृति ने दो छक्के जड़े

पिछली बार दीप्ति शर्मा और पूनम राउत ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 320 रन की साझेदारी निभाई थी। यह तीसरा मौका था जब दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने महिला वनडे में शतक जड़े हों। इससे पहले 1999 में रेश्मा गांधी और मिताली राज तथा दीप्ति और राउत ने आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़े थे। भारतीय जोड़ी ने पावरप्ले के दौरान 90 रन और अगले 10 ओवर में 67 रन जोड़े जिससे स्कोरिंग गति तेज रही। इस तरह दोनों ने पिछली छह पारियों में से चौथी बार 100 रन की भागीदारी बनाई। स्मृति ने कैलेंडर वर्ष का अपना पहला शतक अर्लेन कैली की गेंद पर शानदार ड्राइव के साथ पूरा किया। तीसरे नंबर पर उतारी गईं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने भी फॉर्म में वापसी की और 37 गेंद में अर्धशतक बनाया। यह वनडे में उनका पांचवां अर्धशतक था। आयरलैंड ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन ये सभी भारत की बल्लेबाजों के सामने संघर्ष करती दिखीं।

भारतीय स्टार के भविष्य पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर का बयान

विराट का चला गया समय



नई दिल्ली। पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर डेविड लॉयड ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनका समय समाप्त हो गया है। कोहली हाल के दिनों में लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं क्योंकि हाल के टेस्ट सत्र में उनका प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाया, लेकिन अपनी फॉर्म को जारी रखने में असफल रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी का फायदा उठाया। लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद भारतीय टेस्ट टीम में कोहली की जगह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में लॉयड ने कोहली के खराब प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए।

और कहा कि भारतीय बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आगे निकल चुका है। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बार जब वह इंग्लैंड आएंगे, तो उन्हें एक बार फिर उस क्षेत्र में निशाना बनाया जाएगा। लॉयड ने कहा, 'विराट कोहली जानते हैं कि वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं और इससे उन्हें दुख होगा। जब भारत इंग्लैंड आएगा, तो आपको पता होगा कि वे कहां होंगे। ऑफ स्टंप के ठीक बाहर, और बिजनेस एरिया स्लिप होगा। 36 साल की उम्र में उन्हें दिमाग में पता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। आपकी सजगता धीरे-धीरे काम करती है। पोंटिंग ने कहा कि वे सामान्य से थोड़ा अधिक समय तक खेलते रहे। चयनकर्ताओं को पता होना चाहिए। वे उन महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें हमने देखा है, लेकिन वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं। कोच गौतम गंभीर की भूमिका बहुत बड़ी होगी, क्योंकि वे उस ड्रेसिंग रूम में रहे हैं। उन्होंने समय खो दिया है। उनका समय खत्म हो गया है।' इसके अलावा लॉयड ने कहा कि कोहली के पास समय नहीं है, उन्होंने उनकी कमजोर होती सजगता और प्रतिक्रिया समय का उल्लेख किया।

पहलवान अमन सेहरावत के ओलंपिक पदक का रंग फीका पड़ा

आईओसी से करेंगे शिकायत

नई दिल्ली। 2024 पेरिस ओलंपिक के सभी दोषपूर्ण पदकों को बदलने की खबरों के बीच भारतीय पहलवान अमन सेहरावत के कांस्य पदक का रंग भी फीका पड़ने लगा है, लेकिन पहलवान ने अभी तक इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक पदार्पण पर अमन ग्रीष्मकालीन खेलों में सबसे कम उम्र के भारतीय पदक विजेता बने, जब उन्होंने पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता। 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए पदक बनाने वाली कंपनी मोनाई डे पेरिस ने कहा कि वह पदकों के खराब होने की कई शिकायतों के बाद एथलीटों के अनुरोध पर सभी क्षतिग्रस्त पदकों को बदल देगी। अमन ने पदक बदलने के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। भारतीय पहलवान के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'अमन सेहरावत ने पेरिस में जो कांस्य पदक जीता था, वह दोषपूर्ण लगता है। इसका रंग फीका पड़ने लगा है। हमने अभी तक आईओसी के साथ आधिकारिक शिकायत साझा नहीं की है।' जानकारी के अनुसार, केवल चार महीनों में पेरिस 2024 ओलंपिक और पैरालंपिक खेल आयोजन समिति को एथलीटों द्वारा 100 से अधिक दोषपूर्ण पदक लौटाए जा चुके हैं। प्रत्येक पेरिस 2024 पदक, एक लक्जरी फ्रांसीसी जौहरी चौमेट द्वारा डिजाइन किया गया था जिसे फ्रांस के सबसे प्रतिष्ठित प्रतीक एफिल टॉवर से लोहे के एक टुकड़े से सजाया गया था। प्रत्येक पदक के केंद्र में 0.6 औंस का पुडल आयरन का टुकड़ा है। पिछले साल ग्रीष्मकालीन खेलों के समापन के तुरंत बाद विभिन्न एथलीटों ने सोशल मीडिया पर साझा किया कि जीते गए पदक पहले से ही अपनी चमक खोने लगे हैं।

जोकोविच ने बनाया सर्वाधिक मैच खेलने का नया रिकॉर्ड

मेलबर्न। नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया जबकि नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची। जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी। जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा।'

ओसाका ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं

- पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं। उन्होंने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की।

लौरा सीगमंड का आक्रामक प्रदर्शन

- इस बीच विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके बड़ा उलटफेर किया। झेंग पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हार गई थी लेकिन इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था तथा वह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में उपविजेता रही थी।

इस दौरान चेयर अंपायर ने समय बर्बाद करने को लेकर झेंग को चेतावनी भी दी। झेंग ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि आज मेरा दिन नहीं था। मैं महत्वपूर्ण मौकों पर अंक हासिल करने में नाकाम रही। टाइम कंट्रोल को लेकर चेतावनी मिलने से भी मेरी एकाग्रता भंग हुई।' पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीतकर विश्व में 54वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं।

विधायक विनेश फोगाट की रेसलिंग के मैट पर वापसी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद विनेश फोगाट जल्द ही रेसलिंग में वापसी कर सकती है। विनेश ने बीते साल पेरिस ओलंपिक में डिस्क्वालिफाई होने के बाद रेसलिंग से संन्यास का ऐलान किया था और राजनीतिक सफर शुरू किया। हालांकि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ऐसा वीडियो शेयर किया है जिसके बाद उनकी वापसी की चर्चा शुरू हो गई है। विनेश फोगाट ने वीडियो शेयर किया है जिसमें वह रेसलिंग का अभ्यास करते हुए नजर आ रही है। वह अपनी विरोधी के साथ कुश्ती करती हैं और फिर उन्हें चित्त कर देती है। इसके बाद विनेश हंसते हुए मैट से बाहर चली जाती हैं। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने दो इमोजी पोस्ट किए। एक इमोजी रॉकेट है वहीं दूसरी इमोजी धुएं का इमोजी है। दूसरे इमोजी का इस्तेमाल स्पीड, रफ्तार, जल्दी से आगे बढ़ने के लिए किया जाता है।

मनोरंजन

अनुष्का शेट्टी की फिल्म 'घाटी' का पहला लुक जारी

साउथ अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी की आने वाली फिल्म 'घाटी' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस लगातार फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां पाने के लिए उत्सुक हैं। पहले ही फिल्म से अनुष्का शेट्टी की झलकियां सामने आ चुकी हैं, जिसमें अभिनेत्री का दमदार अवतार नजर आया था। वहीं, अब फिल्म में मुख्य नायक का किरदार निभाने वाले अभिनेता विक्रम प्रभु का भी लुक निर्माताओं ने जारी कर दिया है। फिल्म में विक्रम प्रभु, अनुष्का शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'घाटी' के निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का पहला लुक जारी कर दिया है। विक्रम फिल्म में देसी राजू के रूप में नजर आएंगे। पोस्टर में विक्रम कैमरे की ओर देखते हुए धांसू लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता के किरदार की पहली झलक का वीडियो बुधवार को 4.30 बजे जारी किया गया। कृष अपनी फिल्मों में अलग-अलग तरह के कलाकारों को शामिल करने के लिए जाने जाते हैं और विक्रम का 'घाटी' में शामिल होना काफी चौंकाने वाला है। प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह फिल्म में किस तरह का किरदार निभाएंगे। हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के टीजर ने पहले ही कई लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। निर्माता वामसी कृष्ण रेड्डी, प्रमोद उप्पलापति, वाई राजीव रेड्डी और जे साई बाबू ने यूवी क्रिएशन्स और फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट्स के लेबल के तहत 'घाटी' का निर्माण किया। निर्माताओं ने मार्च 2024 में 'घाटी' के लिए एक घोषणा की थी और लिखा, 'बदला, मोचन और प्रतिशोध की एक मनोरंजक कहानी, जहां एक पीड़ित अपराधी बन जाती है और लीजेंड का दर्जा प्राप्त करती है। अनुष्का इस महिला-केंद्रित फिल्म में मुख्य किरदार निभा रही हैं।' यह फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दीपिका-रणबीर की फिर पर्दे पर वापसी!

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' को पिछले दिनों मेकर्स ने बॉक्स ऑफिस पर री-रिलीज किया। फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला और अब जब बॉलीवुड के एक्स-कपल की फिर एक बार चर्चा है तो इसी बीच जानकारी आई है कि एक अपकमिंग फिल्म में फैंस फिर एक बार अपने इस चहेते कपल को पर्दे पर एक साथ देख पाएंगे। खबर है कि कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण का कैमियो रोल होगा। सिर्फ रणबीर-दीपिका ही नहीं, बल्कि 'ये जवानी है दीवानी' के अन्य कलाकार भी आपको कार्तिक आर्यन की इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे। आदित्य रॉय कपूर और कल्कि कोचलिन भी दर्शकों की पुरानी यादें ताजा करते दिखाई पड़ेंगे। जहां तक कार्तिक आर्यन के अपोजिट फीमेल लीड रोल प्ले करने की बात है तो इस किरदार के लिए करण जौहर शरवरी वाघ के नाम पर विचार कर रहे हैं। सुपरहिट फिल्म मुंज्या और फिर महाराजा में गजब का काम

दिखा चुकीं शरवरी वाघ की यह अगली बड़ी हिट हो सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स दो अलग-अलग यूनिवर्स को इस फिल्म के जरिए क्रॉस करने की कोशिश करेंगे ताकि दो अलग-अलग कहानियां एक साथ आ सकें। लेकिन जाहिर तौर पर दर्शकों का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या इस फिल्म के जरिए मेकर्स अगले पार्ट को फिर से रिवाइव करने की तैयारी शुरू करेंगे। बता दें

दिलजीत ने साझा की 'पंजाब 95' की खास झलकियां

दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती' टूर ने भारत और दुनिया भर में दर्शकों का मनोरंजन किया। अब गायक और अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'पंजाब 95' के साथ चर्चा बटोर रहे हैं। बुधवार को अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से कई मनमोहक तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के जरिए दिलजीत ने अपने किरदार की कुछ झलकियां साझा की हैं। तस्वीरें साझा करते हुए दिलजीत दोसांझ ने फिल्म के टीजर की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया। अभिनेता ने घोषणा की कि फिल्म का टीजर 17 जनवरी को जारी किया जाएगा। दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब '95, मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म एक साल से भी अधिक समय से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही थी। दिल्जीत्त दोसांझ द्वारा

सनी देओल-वरुण धवन ने जवानों के साथ बिताया समय

सेना दिवस के अवसर पर 'गदर' फेम एक्टर सनी देओल ने बुधवार को देश के जवानों के साथ समय बिताया। एक्टर ने देश के असली नायकों के साहस, बलिदान और अटूट समर्पण को भी सलाम किया। एक्टर वरुण धवन ने भी देश के जवानों के साथ समय बिताया और फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। देओल ने इंस्टाग्राम पर कई वीडियो और तस्वीरें शेयर कीं। एक वीडियो में एक्टर और सैनिक 'भारत माता की जय' का नारा लगाते हुए नजर आए। बाकी तस्वीरों में बॉलीवुड एक्टर सैनिकों के साथ तस्वीरें खिंचवाते और उनके साथ पंजा लड़ाते भी दिखाई दिए। पोस्ट को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, "तब, अब और हमेशा हमारे नायकों के साहस, बलिदान और अटूट समर्पण को सलाम। भारतीय सेना दिवस की शुभकामनाएं। हिंदुस्तान जिंदाबाद, सेना दिवस।" सनी ने फैंस को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वो अलाव के पास बैठे नजर आए थे। वरुण धवन ने सेना दिवस पर जवानों के साथ सेल्फी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'इस सेना दिवस पर भारत के असली नायकों का सम्मान करें। उनके साथ होने पर गर्व है।' भारत में सेना दिवस हर साल 15 जनवरी को मनाया जाता है। ये दिन लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभाला था। देओल के पास मलिनेनी निर्देशित 'जाट' है, जिसका टीजर आउट हो चुका है। वो जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं।

'गृह लक्ष्मी' की टीम के साथ सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची हिना

हिना खान इस वक्त ब्रेस्ट कैंसर के दर्द से गुजर रही हैं। लेकिन मुश्किल हालातों में भी एक्ट्रेस ने काम करना नहीं छोड़ा। बहुत जल्द वो वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इसकी टीम के साथ वो सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। हिना खान मंगलवार की सुबह अपनी वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची और बप्पा का आशीर्वाद लिया। हिना खान मंगलवार की सुबह अपनी वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची और बप्पा का आशीर्वाद लिया। हिना ने इसकी कई तस्वीरें अब अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर शेयर की हैं। तस्वीरों में वो दिग्गज एक्टर चंकी पांडे समेत कई स्टार्स संग नजर आई। इन तस्वीरों में हिना खान ब्लू कलर की काफ्तान ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने मेकअप और खुले कर्ली बालों के साथ अपना लुक पूरा किया है। हिना खान ने मंदिर में ना सिर्फ बप्पा का आशीर्वाद लिया बल्कि माथे पर तिलक भी लगवाया। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर छाई हुई है।

छह साल बाद वापसी कर रहे नील नितिन मुकेश

नील नितिन मुकेश चंद माथुर को दर्शक नील नितिन मुकेश के नाम से जानते हैं। नील का जन्म 15 जनवरी 1982 को मुंबई में हुआ। वे पार्श्व गायक नितिन मुकेश के बेटे और गायक मुकेश के पोते हैं। नील के 43वें जन्मदिन पर जानिए उनसे जुड़े दिलचस्प किस्से। 2019 में आई 'साहो' फिल्म के बाद नील ने फिल्मों से दूरी बना ली थी, लेकिन अब फिर से नील 'हिसाब बराबर' से अपना बॉलीवुड कमबैक कर रहे हैं। इस फिल्म में नील के अलावा आर. माधवन भी नजर आएंगे। इस फिल्म का ओटीटी प्रीमियर 24 जनवरी को जी5 पर होगा। फिल्म 'हिसाब बराबर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु भाषा में भी रिलीज होगी। फिल्म को अश्विनी धीर ने निर्देशित किया है। फिल्म में नील स्कैम करने वाले शख्स के रोल में नजर आएंगे। नील नितिन मुकेश की दादी एक गुजराती श्रीमाली ब्राह्मण थीं और उनके दादा मानी सिंगर थे। नील का नाम लता मंगेशकर ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग के नाम पर रखा था। नील ने विजय में सिर्फ छह साल की उम्र से अभिनय की शुरुआत की थी। 'जैसी करनी वैसी भरनी' में भी एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय किया था। उन्होंने फिल्मों में ऋषि कपूर और गोविंदा के बचपन का किरदार निभाया है। 2007 में श्रीराम राघवन की थ्रिलर फिल्म 'जॉनी गद्दार' में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई। इस फिल्म के बाद नील ने न्यूयॉर्क, प्रेम रतन धन पायो, गोलमाल अगेन और साहो में अभिनय किया है। उन्होंने तमिल फिल्म में 'कथ्थी' और तेलुगु फिल्म में 'कवचम' में भी अभिनय किया। अब वह फिल्म 'हिसाब बराबर' में नजर आ रहे हैं। नील नितिन मुकेश को आखिरी बार फिल्म 'बायपास रोड' में विक्रम कपूर के किरदार में देखा गया था। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म के निर्माता भी थे।

'राइजिंग राजस्थान समिट' के तहत ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक

प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य : सीएम

राइजिंग राजस्थान समिट में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में राइजिंग राजस्थान के तहत ऊर्जा क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू किए गए हैं जिससे राज्य में ऊर्जा सुदृढ़ीकरण को गति मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के लिए हुए इन विभिन्न एमओयू को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत ऊर्जा विभाग द्वारा हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को इन प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में आए प्रत्येक निवेशक को राज्य में निवेश करने के लिए किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। यदि ऐसे प्रकरण सामने आते हैं तो इसके लिए संबंधित अधिकारी की जबावदेहिता तय की जाएगी।

हर माह समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग द्वारा किए गए प्रत्येक एमओयू की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमाह राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक की जाए जिससे राज्य में विद्युत सुदृढीकरण के काम में तेजी आ सके। साथ ही, मुख्यमंत्री कार्यालय को हर माह 11 व 26 तारीख को इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी इन निवेशों के माध्यम से राज्य की राजस्व आय में बढ़ोतरी के लिए प्रयास करें।

निवेश उतरे धरातल पर, आमजन को मिले लाभ

शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में भी ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन, आरई पार्क, हाइब्रिड प्रोजेक्ट ट्रांसमिशन, सीएनजी, विंड प्रोजेक्ट, थर्मल प्रोजेक्ट सहित विभिन्न सेक्टर्स में एमओयू हुए हैं। उन्होंने इन सेक्टर्स में हुए प्रत्येक एमओयू के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए जिससे सभी निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरें तथा आमजन को इसका लाभ मिले।

ये रहे उपस्थित

■ बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने ऊर्जा विभाग द्वारा किए गए एमओयू की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुंबई 'जी रियल हीरोज' अवॉर्ड 2024

देश के सितारे सम्मानित

सीएम फडणवीस ने दी ट्रॉफी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। 'जी रियल हीरोज़ अवाड्र्स' समारोह मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में राजनीति से लेकर सिनेमा की चमकती दुनिया से जुड़े कई दिग्गजों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 2024 के ज़ी रियल हीरोज को ट्राफी देकर सम्मानित किया। अजय देवगन को साल की प्रभावशाली हस्ती, अनुपम खेर को 'सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान', युवा आइकन कार्तिक आर्यन को 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता', पंकज त्रिपाठी ने 'मेगा परफॉर्मर ऑफ द ईयर', मशहूर पार्श्व गायक और पद्मश्री पुरस्कार विजेता कुमार सानू को संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ-साथ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरू अमोघ लीला दास और धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी कार्यक्रम में मौजूद थे। प्रसिद्ध अभिनेता और टीवी प्रजेंटर अन्नू कपूर ने रोचक किस्से सुनाए।

विजेताओं को बधाई : सीएम

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'मैं उन सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देना चाहता हूं जिन्हें हमने आज सम्मानित किया है। वे सभी अपने आप में एक संस्थान हैं। मैं इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जी मीडिया को धन्यवाद देता हूं।

जैसलमेर में बर्ड फ्लू की दस्तक

■ आठ कुरजां की मौत ने बढ़ाई चिंता
■ रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन अलर्ट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। जैसलमेर में बर्ड फ्लू की आशंका जताई जा रही है। जैसलमेर में पिछले दिनों कुरजां पक्षी (डेमोइसेल क्रेन) की मौत बर्ड फ्लू से हुई है। भोपाल लैब से बुधवार को आई रिपोर्ट इसका खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट में कुरजां पक्षियों की मौत का कारण बर्ड फ्लू बताया गया है। रिपोर्ट के बाद से ही प्रशासन अलर्ट पर है। जैसलमेर जिला प्रशासन ने देगराय इलाके के लुणेरी तालाब क्षेत्र को इंफेक्टेड हॉटस्पॉट घोषित कर दिया है। इस बीच प्रशासन संक्रमण रोकने के लिए प्रभावी कदम उठा रहा है। जिला प्रशासन ने वन विभाग, पशुपालन विभाग, चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ एक टीम बनाई है। इस टीम के अधिकारी लगातार एरिया में गश्त और निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा प्रवासी पक्षियों पर भी नजर रखी जा रही है। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए क्षेत्र में केमिकल का छिड़काव भी किया जाएगा। पशुपालन विभाग के निदेशक ने बताया कि हॉटस्पॉट एरिया में आम लोगों और पशुओं के जाने पर रोक लगा दी गई है। कुरजां की मौत के बाद से ही प्रशासन सतर्क हो गया है। इस बीच कलेक्टर ने भी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बीच प्रशासन ने हॉटस्पॉट क्षेत्र में लोगों से भी सतर्क रहने को कहा गया है क्योंकि यह संक्रमण पक्षियों से इंसानों में भी फैल सकता है। खतरे को देखते हुए लोगों के लिए जरूरी निर्देश जारी किए गए हैं। पशुपालन के विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बर्ड फ्लू की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रहा है।

आठ पक्षी मिले थे मृत

■ बता दें कि जैसलमेर के देगराय ओरण इलाके में 11 जनवरी को 6 कुरजां पक्षियों के शव मिले थे। इसके बाद 12 जनवरी को 2 कुरजां पक्षी मृत मिले थे। सभी 8 पक्षियों के विसरा लैब में भेजे गए थे। इस पर बुधवार को आई रिपोर्ट में मौत का कारण बर्ड फ्लू बताया गया है।

दिल्ली-एनसीआर में फिर ग्रैप-4 लागू

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक, सीएनजी व बीएस-4 डीजल वाहनों को छोड़कर, दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-जरूरी हल्के वाणिज्यिक वाहनों पर भी प्रतिबंध रहेगा। खुले में कचरा जलाने पर रोक रहेगी। दिल्ली-एनसीआर में बढ़े वायु प्रदूषण के चलते ग्रैप-4 की पाबांदियां लागू कर दी गई हैं। इसके तहत राजमार्गों, सड़कों, फ्लाईओवरों, बिजली लाइनों, पाइपलाइनों व सार्वजनिक परियोजनाओं समेत सभी निर्माण गतिविधियों पर पाबंदी रहेगी। इलेक्ट्रिक, सीएनजी व बीएस-4 डीजल वाहनों को छोड़कर, दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-जरूरी हल्के वाणिज्यिक वाहनों पर भी प्रतिबंध रहेगा। कारखानों, निर्माण कार्यों यातायात पर कड़ी पाबंदियां रहेंगी। दिल्ली में ट्रक लोडर समेत अन्य भारी वाहनों को प्रवेश नही मिलेगा। सभी तरह के निर्माण और तोड़फोड़ कामों पर प्रतिबंध रहेगा। कच्ची सड़कों पर वहां आवागमन निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों पर रोक रहेगी।

प्रदूषण बढ़ने से लिया निर्णय

12 साल बाद अंतरिक्ष में चहलकदमी करेंगी सुनीता

नई दिल्ली। सुनीता विलियम्स 12 सालों के बाद अपनी पहली स्पेसवॉक करने जा रही हैं। नासा के एक बयान के मुताबिक, सुनीता विलियम्स गुरुवार (16 जनवरी, 2025) को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक मिशन में अपने साथी एस्ट्रोनॉट निक हेग के साथ न्यूट्रॉन स्टार इंटीरियर कंपोजिशन एक्सप्लोरर (NICER) एक्स-रे टेलीस्कोप की मरम्मत करेंगी। इसके अलावा सुनीता विलियम्स उसके बाद एक और स्पेकवॉक में हिस्सा लेंगी। ये दोनों स्पेसवॉक ISS को अपग्रेड करने और बनाए रखने के लिए नासा के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। इनमें पहला मिशन 16 जनवरी (गुरुवार) को "US स्पेसवॉक 91" और 23 जनवरी (गुरुवार) को "US स्पेसवॉक 92" के रूप में किया जाएगा।

आज होगी पहली यात्रा

सुनीता विलियम्स 16 जनवरी (गुरुवार) को नासा के अंतरिक्ष साथी एस्ट्रोनॉट निक हेग के साथ ISS के ओरिएनटेशन को मेंटेन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली क्रिटिकल रेट जायरो असेंबली को बदलेंगी। इसके अलावा दोनों एस्ट्रोनॉट NICER एक्स-रे टेलीस्कोप के लाइट फिल्टर की निरीक्षण करेंगे और स्टेशन के एक डाकिंग अडैप्टर पर नेविगेशन के लिए उपयोग किए जाने वाले रिफ्लेक्टर डिवाइस को बदलेंगे। वहीं, अल्फा मैग्नेटिक स्पेक्ट्रोमीटर के मेंटेनेंस के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न एक्सेस प्वाइंट्स और उपकरणों की भी जांच करेंगे।

23 को दूसरी अंतरिक्ष यात्रा

सुनीता विलियम्स का 23 जनवरी (गुरुवार) को होने वाला स्पेसवॉक भी एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन होगा। इस बार सुनीता विलियम्स दूसरे एस्ट्रोनॉट साथी बुट्च विलमोर के साथ मिलकर स्टेशन के ट्रस से एक एंटीना असेंबली को हटाएंगी, सतह के सैंपल को इकट्ठा करेंगी और Canadarm2 रोबोटिक आर्म के लिए एक स्पेयर जॉइंट तैयार करेंगी।

अश्विन वैष्णव का भव्य स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

पुणे। पुणे रेलवे मंत्री अश्विन वैष्णव का पुणे आगमन पर समस्त राजस्थानी समाज संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर समस्त राजस्थानी समाज संघ के अध्यक्ष मगराज राठी, चंदाराम सिरवी, ऊमेशभाई सिरवी, हरीशभाई सोनी, सुरेशभाई धर्मावत, भाजपा नेता सुखदेवसिंह चारण, दुर्गादास वैष्णव आदि द्वारा रेलवे मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान पुणे जोधपुर नियमित रेल सेवा शुरू करवाने व चिंचवड स्टेशन पर ट्रेन रुकवाने की मांग की गई। इस पर मंत्री वैष्णव ने कहा कि जल्दी आप पुणे प्रवासियों से किया वादा पूरा करूंगा। इस अवसर पर दर्जनों प्रवासीजन उपस्थित थे।

टेम्पो-बस की टक्कर में तीन की मौत, 17 घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार सुबह एक टेम्पो ने एक निजी बस और कुछ वाहनों को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई व 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना मुंबई-आगरा राजमार्ग पर शाहपुर तालुका के घोटेघर गांव में खिनावली पुल के पास सुबह 4.15 बजे घटी। शाहपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि टेम्पो चालक ने नियंत्रण खो दिया था जिसके चलते यह हादसा हुआ. नियंत्रण खोने के चलते टेम्पो सड़क के डिवाइडर को पार कर दूसरी लेन में जा घुसा और विपरीत दिशा से आ रही एक निजी लग्जरी बस व तीन अन्य वाहनों से टकरा गया। इस हादसे के चलते बस में सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए. जिनमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हैं। अधिकारी ने बताया कि बस नासिक से मुंबई आ रही थी। घायलों को ठाणे सिविल अस्पताल, कलवा सिविक अस्पताल, शाहपुर सरकारी अस्पताल और शाहपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टेम्पो चालक पर मोटर वाहन अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

कोहरे के चलते यमुना एक्सप्रेस-वे पर भिड़ीं कई गाड़ियां

अलीगढ़। यूपी के अलीगढ़ में घने कोहरे के कारण यमुना एक्सप्रेस-वे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में करीब आधा दर्जन गाड़ियां आपस में टकरा गईं जिसमें तीन ट्रक, एक स्विफ्ट कार और अन्य वाहन शामिल थे। इस दौरान ट्रक में भरे करीब 100 बकरों की मौत हो गई। वहीं, आठ लोग घायल हो गए। घटना अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र की है। यहां यमुना एक्सप्रेस-वे के 49 माइल स्टोन पर हुए हादसे के बारे में बताते हुए एक शख्स ने कहा कि वो सिकंदरा से बकरे खरीदकर दिल्ली जा रहा था। ट्रक में करीब 240 बकरे थे। तभी कोहरे के चलते ट्रक पलट गया, जिससे 100 बकरों की मौत हो गई और शेष बकरों को भी चोटें आईं हैं। इस हादसे में कुल 8 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना टप्पल पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया गया और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, हालांकि कुछ ही देर में पुलिस ने ट्रैफिक को बहाल करवा दिया। पुलिस का कहना है कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के कारण वाहनों की दृश्यता कम हो गई थी, जिसके चलते ये दुर्घटना हुई। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है।



सौ बकरों की मौत आठ लोग घायल

10 देशों के मेहमान आज संगम में लगाएंगे पवित्र डुबकी

प्रयागराज। योगी सरकार द्वारा भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन अब पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने निर्मित किया है। अंतर्राष्ट्रीय दल गुरुवार को सुबह 8 बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। नाश्ते के बाद 9:30 बजे दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे समाप्त होगा और दल एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा।

इस अंतर्राष्ट्रीय दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि शामिल हैं। बता दें कि महाकुंभ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंच रहे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। खास बात यह है कि पाकिस्तान और अरब समेत इस्लामिक देश भी महाकुंभ में रुचि दिखा रहे हैं। गूगल ट्रेंड्स के अनुसार, इस्लामिक देशों में योगी सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे महाकुंभ के आयोजन को खूब सर्च किया जा रहा है।

आज प्रयागराज आएंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

■ भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने जानकारी दी कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 16 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे और दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस आएंगे। दोपहर 3 बजे गंगा पंडाल परेड ग्राउंड प्रयागराज में संस्कृति विभाग के द्वारा आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और शाम 4:15 बजे सर्किट हाउस में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ भेंट करेंगे। तत्पश्चात विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और स्थानीय योजना के अनुसार अन्य कार्यक्रम जारी किए जाएंगे

राठी परिवार ने बनवाया 2.64 करोड़ का संस्कृत स्कूल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

अजमेर। खेड़ा श्रीनगर में भामाशाह गोपाल राठी परिवार द्वारा 2.64 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित चंदनमल रामनारायणी राठी राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय के भवन का लोकार्पण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, विधायक रामस्वरूप लांबा और माहेश्वरी समाज के प्रबुद्धजनों ने भवन का लोकार्पण किया। राठी परिवार, स्कूली विद्यार्थी एवं ग्रामीणों की मांग पर शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में ही स्कूल को 12वीं तक करने, खेल मैदान के लिए भूमि आवंटित करने और स्कूल में तीन वर्ष की आयु तक बच्चों को प्रवेश देने की घोषणा कर दी। राठी परिवार द्वारा बनवाया गया यह संस्कृत स्कूल स्मार्ट क्लास रूम सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

संस्कृत को आगे बढ़ाने राज्य सरकार संकल्पित : दिलावर

संस्कृत को जीविका से जोड़ना जरूरी

■ संस्कृत को आगे बढ़ाने के लिए इसे जीविका के साथ जोड़ा जाना अतिआवश्यक हैं। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में संस्कृत शिक्षा, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि के कोर्सेज शुरू किए जाने चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

संस्कृति की आत्मा संस्कृत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के कहा कि संस्कृत सब भाषाओं की जननी है। इसी से विश्व की सभी भाषाएं निकली है। हम सभी को संस्कृत, संस्कृति एवं सनातन का सम्मान करना चाहिए। संस्कृत की उन्नति के लिए लगातार प्रयास किए जाने जरूरी है। संस्कृत संस्कृति की आत्मा है, यह सनातन और सनातनी दोनों के लिए अति आवश्यक है।

पाडुलिपियां हमारी बड़ी उपलब्धि

उन्होंने कहा कि संस्कृत का अध्यापन और अधिक गंभीरता से कराए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए विद्यार्थियों में भी रूचि जगानी होंगी। हजारों पांडुलिपियां ऐसी हैं जिनका अभी तक अध्ययन नहीं किया गया हैं। संस्कृत में लिखी गई इन पांडुलिपियों से हमें बड़ी उपलब्धियां हो सकती हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से संस्कृत शिक्षा में करीब 4 हजार नई भर्तियां करने की तैयारी कर ली है।

सभी संभागों में खुलेंगी वेद पाठशालाएं

राजस्थान के सभी संभाग मुख्यालयों पर वेद पाठशाएं खुलेगी। संस्कृत विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए राज्य सरकार ने 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रदेश में संस्कृत पढ़ने और पढ़ाने वाले और अधिक बढ़ेगे। चंदनमल रामनारायणी राठी प्रवेशिका विद्यालय को क्रमोन्नत कर वरिष्ठ उपाध्याय स्कूल बनाने की घोषणा की। उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूल के खेल मैदान के लिए भूमि चिह्नित कर दें। साथ ही स्कूल में वाटिका श्रेणी में 3 वर्ष तक के बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा।

महाकुंभ : आईआईटी बाबा की कहानी वायरल

प्रयागराज। संन्यास का रास्ता जीवन की कई राहों से होकर गुजरता है। प्रयागराज के महाकुंभ में एक बाबा की बड़ी चर्चा है। ये बाबा हैं आईआईटी वाले बाबा अभय सिंह। आईआईटी बॉम्बे से पढ़े अभय संन्यास के रास्ते पर क्यों चल पड़े? क्या संन्यासी वेश वाला यह युवक वाकई आईआईटी से पासआउट है? अभय सिंह ने अपने संन्यास के पीछे का वह दर्द बताया, जिसमें हर मां-बाप के लिए एक सीख छिपी है। एक होनहार बच्चे का दिल मां-बाप के रोज के झगड़े से कैसे दुनिया से उचट गया।

अभय की जिंदगी की यह कहानी है। अभय ने बताया कि बचपन में कैसे वह घरेलू हिंसा के इतने भयानक दौर से गुजरे हैं कि इसका असर उनके जीवन पर पड़ा। अभय बताते हैं, ' मैंने 'वही सवाल' करके फिल्म बनाई। मां-बाप को यह यह सोचना चाहिए कि घरेलू हिंसा का बच्चे पर क्या असर पड़ता है। अभय के मुताबिक उसके साथ तो हिंसा नहीं हुई, लेकिन मां-बाप आपस में झगड़ते थे। अभय कहते हैं, 'मैंने साधना की। मैं सोचता था कि मोहमाया में न ही पड़ूं। मैं स्कूल से आने के बाद दिन में सो जाता था। उसके बाद रात 12 बजे उठता था। जब कोई लड़ाई करने वाला नहीं होता था तो मैं पढ़ता। लेकिन मेरे जीवन में यह दर्द इकट्ठा होता चला गया। एक बच्चे के तौर पर आप हेल्पलेस हो जाते हो। आपको पता ही नहीं होता है कि कैसे रिएक्ट किया जाए। अभय बताते हैं कि उनकी गर्लफ्रेंड भी थी। लेकिन उन्हें पता ही नहीं था, कि इसको कैसे निभाया जाए।

महाराष्ट्र : शख्स ने सिक्कों में चुकाया बिजली का बिल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के वाशिम में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां महावितरण बिजली कंपनी की वसूली मुहिम के दौरान जिले के रिसोड शहर के एक ग्राहक ने अपना 7 हजार 160 रुपए का बिजली बिल एक और दो रुपए के सिक्कों में चुकाया है। इन सिक्कों का कुल वजन लगभग 40 किलो था। महावितरण बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने यह सिक्के ग्राहक से लेकर कार्यालय तक मोटसाइकिल पर एक किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचाए। वहीं इन सिक्को को गिनने में तीन कर्मचारियों प्रशांत थोटे (कैशियर), उद्धव गजभार (लाइनमैन) और अतुल थेर (ठेका कर्मचारी) को लगभग पांच घंटे का समय लगा। सिक्के गिनने के दौरान कर्मचारियों को ठंड के बावजूद पसीना आ गया। हालांकि, यह सिक्के प्रचलन में थे, इसलिए महावितरण कर्मचारियों को ग्राहक से सिक्के लेने से मना करने का अधिकार नहीं था। यह घटना महावितरण की वसूली प्रक्रिया के दौरान आई एक अनोखी चुनौती के रूप में दर्ज हुई है। वहीं इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वयारल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि बिजली विभाग के ऑफिस में कर्मचारियों के टेबल पर सिक्के ही सिक्के नजर आ रहे हैं।

तीन कर्मचारियों को गिनने में लगे पांच घंटे

सीएम ने जताई बिजली रेट घटने की संभावना

बता दें पिछले महीने नागपुर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इससे उद्योगों समेत सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अगले दो-तीन साल में महाराष्ट्र में बिजली के रेट कम होने की संभावना भी जताई थी। दरअसल, देवेंद्र फडणवीस के पास राज्य के ऊर्जा मंत्रालय का भी प्रभार है और पिछली सरकार में भी यह मंत्रालय उन्हीं के पास था।